डालटनगंज (मेदिनीनगर) रविवार 11.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-57 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

आप अपने जीवन में अच्छे काम करते रहें, दुनिया तारीफ करे या ना करे, क्योंकि जब आधी दुनिया सोती है तब भी सूरज निकलता है।

## न्यूज गैलरी

### ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान मोबाइल उपयोग करने पर नपेंगे

**रांची।** शहर के ट्रैफिक पोस्ट में तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी के समय मोबाइल गेम खेलनेवाले नपेंगे। पकड़े जाने पर ऐसे पुलिसकर्मियों पर सीधी कार्रवाई होगी। यह आदेश प्रभारी ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम ने दिया है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी की ओर से आदेश जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि शहर के चौक-चौराहों में पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों की तैनाती की गयी है। वीवीआईपी, वीआईपी, वरीय अधिकारियों समेत अन्य लोग उस मार्ग से गुजरते हैं तो देखा जाता है कि तैनात पुलिसकर्मी या तो मोबाइल पर गेम खेलते में व्यस्त रहते हैं या फिर मोबाइल पर किसी से बात करते रहते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि संबंधित पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य के प्रति गंभीर नहीं हैं और कार्य में भी लापरवाही बरत रहे हैं। आदेश दिया गया है कि ड्यूटी के समय वे किसी भी हाल में मोबाइल गेम नहीं खेलें। जरूरत के हिसाब से ही मोबाइल पर बात भी करें। आदेश का पालन नहीं करने पर उन पर कार्रवाई की जायेगी। ट्रैफिक एसपी ने दोनों डीएसपी को इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया है।

### चाईबासा में सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट, कोबरा जवान घायल

**रांची।** चाईबासा में सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट में कोबरा का एक जवान घायल हो गया है। इसके बाद हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रांची लाया गया। रांची लाने के बाद रनवे पर सीआरपीएफ जवान के साथ साथ डॉक्टरों की टीम एंबुलेंस के साथ मौजूद थी। घायल जवान को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल जवान का नाम प्रभाकर साहनी है। प्रभाकर सीआरपीएफ के 209 बटालियन का जवान है। जानकारी के अनुसार उसके पांव में स्पिंटर लगा है। सीआरपीएफ के जवान को बेहतर इलाज के लिए मेडिका में भर्ती किया गया है। बता दें कि पश्चिम सिंहभूम के रेंगड़ा में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाया गया आईईडी ब्लास्ट हो गया, जिसमें सीआरपीएफ कोबरा का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, हेलीकॉप्टर आने के दौरान थोड़ी देर के लिए हेलीकॉप्टर खेल गांव हेलीपैड की जगह पास के ही आर्मी हेलीपैड पर उतर गया, जिससे थोड़ी देर के लिए सीआरपीएफ के जवान और डॉक्टरों की टीम को इंतजार करना पड़ा, लेकिन जैसे ही सूचित किया गया कि खेलगांव हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर को लैंड करना है। इसके बाद हेलीकॉप्टर का लैंडिंग को खेलगांव में कराया गया।

### काशी सहित देश के 55 शहरों में होगा जी-20 सम्मेलन

– आरएनएम

**वाराणसी।** दो दिनी दौरे पर वाराणसी पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि काशी सहित देश के 55 शहरों में जी-20 सम्मेलन होगा। यह सब दिसम्बर 2022 से नवम्बर 2023 तक के लिए भारत को मिली जी-20 की मेजबानी के कारण हो रहा है। मालूम हो कि समूह 20 देशों में से सबको एक साल बाद दूसरे को एक वर्ष के लिए जी-20 सम्मेलन कराने की मेजबानी मिलती है। इसमें ऐसा नहीं है कि किसी देश को उसके प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के कारण जी-20 सम्मेलन कराने की मेजबानी मिलती है। यह क्रमवार एक के बाद दूसरे देश को मिलती है। एस. जयशंकर ने कहा कि इसका आयोजन देश के 55 शहरों में होगा। इसमें से एक प्रमुख आयोजन -डेवलपमेंट मिनिस्टर की बैठक वाराणसी में होगा। जिसकी अध्यक्षता वह खुद (विदेश मंत्री एस. जयशंकर ) करेंगे। उन्होंने बताया कि वाराणसी में जी-20 सम्मेलन से संबंधित छह बैठकों के स्थान और तैयारियों की समीक्षा के लिए वो यहां पहुंचे हैं। जी-20 में निम्न देशों की है भागीदारी : ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके और यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

# झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, ठंड का प्रकोप बढ़ा



### पलामू सबसे कम तापमान वाला जिला

पश्चिम दिशा से आ रही सर्द हवाओं के चलते सबसे कम तापमान राज्य के सिमडेगा जिले में 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि पलामू के जिला मुख्यालय डालटनगंज का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकॉर्ड किया गया। वहीं, रांची का न्यूनतम तापमान 09 डिग्री और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस रहा। बोकारो का न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस जबकि अधिकतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार 11 दिसम्बर तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। सुबह में कोहरे या धुंध बनेंगे। 12 से 15 दिसम्बर को सुबह के कोहरे के बाद आसमान मुख्यत: साफ और मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान राज्य में कही भी बारिश होने की संभावना नहीं है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उत्तर पश्चिम दिशा से आ रही सर्द ठंडी हवाओं के प्रभाव से रांची सहित राज्य के ज्यादातर इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। रांची में शनिवार सुबह की शुरुआत घने कोहरे और धुंध से हुई। आसमान में छिटपुट बादल की वजह से धूप नहीं निकली। इसके कारण लोगों को ठंड का अहसास ज्यादा महसूस हुआ। इधर, रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रात में आसमान में बादल छाये रहने की वजह से सुबह कोहरा बना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आसमान में बादल छाये रहने की वजह से अगले चार से पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। हालांकि, इस दौरान भी लोगों को ज्यादा ठंड और कनकनी महसूस होगा। इसकी वजह है कि आसमान में बादल छाये रहेंगे और धूप नहीं निकलेगी।

**बेबी कुमारी ने कहा था- मैं पढ़ना चाहती हूं सीएम सर**

# 48 घंटे में पूरे परिवार को मिली मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पढ़ाई के लिए मदद की गुहार लगानेवाली गढ़वा के तिलदाग पंचायत निवासी बेबी कुमारी एवं उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कर दिया गया है। बेबी कुमारी को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना एवं उसकी बहनों को कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, मां ललिता देवी को बकरी पालन हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से जोड़ा गया। बेबी के पिता इंद्रेश राम को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पांच लाख ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री के प्रति बेबी ने जताया आभार

मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए बेबी कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से परसों मैंने पढ़ने के लिए मदद की गुहार लगायी थी। आज मुझे और मेरी बहनों को कई योजनाओं से आच्छादित किया गया। मां-पिताजी को भी स्वरोजगार से जोड़ा है। मेरी बहनों का पढ़ने का सपना अब साकार होगा। मैं पढ़कर शिक्षक बनूंगी। मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद।

## भूपेंद्र पटेल दूसरी बार बनेंगे गुजरात के मुख्यमंत्री



**गांधीनगर (एजेंसी)।** भूपेंद्र पटेल दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। शनिवार को भाजपा विधायकों की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इससे पहले भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक शनिवार को यहां हुई। बैठक भाजपा के प्रदेश मुख्यालय 'कमलम' में हुई। उल्लेखनीय है कि भूपेंद्र पटेल (60) ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा ने हाल में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा बैठक में मौजूद थे। नये नेता के चुनाव के लिए बैठक महज औपचारिकता थी, क्योंकि पार्टी ने पहले ही घोषणा कर रखी थी कि अहमदाबाद जिले में घाटलोढिया विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार 1.92 लाख मतों से जीतनेवाले पटेल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। पटेल ने पिछले सात सितम्बर में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में विजय रूपाणी का स्थान लिया था। पार्टी ने घोषणा की है कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण 12 दिसम्बर को होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहेंगे। भाजपा ने 182 सदस्यीय विधानसभा की 156 सीट हासिल कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सीआर पाटिल ने पहले घोषणा की थी कि भूपेंद्र पटेल मुख्यमंत्री बने रहेंगे और नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को गांधीनगर के हेलीपैड ग्राउंड में होगा।

## हिमाचल के नये मुख्यमंत्री होंगे सुखविंदर सुक्खू



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में लंबी उठा-पटक के बाद मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा हो गयी है। सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के नये सीएम होंगे। शनिवार शाम कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उनके नाम का ऐलान कर दिया गया। उनके साथ प्रतिभा सिंह के खेमे से मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी सीएम बनाया गया है। रविवार यानि आज 11 बजे शपथ ग्रहण होगा। इसके लिये अब कांग्रेस विधायक दल नेता सुखविंदर सुक्खू राज्यपाल से मिलकर समय मांगेंगे। आठ दिसम्बर को चुनाव नतीजे आने के बाद से ही सीएम को लेकर घमासान जारी था। 40 सीटें जीतकर बहुमत हासिल करनेवाली कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह भी की सीएम दावेदारी कर रही थीं। हालांकि, विधायकों से रायशुमारी के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू इस दौड़ में आगे निकल गये। सूत्रों के मुताबिक सुक्खू को गांधी परिवार के करीबी होने का फायदा मिला।

### सांसद होने के चलते कमजोर पड़ी प्रतिभा की दावेदारी

प्रतिभा सिंह मंडी सीट से सांसद हैं। इसी वजह से उनकी दावेदारी कमजोर पड़ गयी। हाल ही विधानसभा चुनाव में मंडी जिले की 10 में से कांग्रेस सिर्फ एक ही सीट जीत सकी। ऐसे में कांग्रेस यहां उपचुनाव का रिस्क नहीं लेना चाहती। वहीं, प्रतिभा को सीएम बनाने पर विधायक का चुनाव लड़ना होगा। ऐसे में कांग्रेस दो उपचुनाव करवाने के मूड में नहीं है।

## फीफा 2022 : मोरक्को ने रचा इतिहास पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

**कतर (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप के तीसरे क्वार्टर-फाइनल में मोरक्को ने बड़ा उलटफेर करते हुए पुर्तगाल को 1-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ मोरक्को की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी। मोरक्को की टीम पहली बार फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। मोरक्को की टीम ने इतिहास रचते हुए फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में



पहुंचने वाली पहली अफ्रीकन टीम बन गयी है। इससे पहले कोई भी अफ्रीकन देश फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया था। अल थुमामा स्टेडियम में खेले गये मैच में मोरक्को ने पुर्तगाल को 1-0 से हरा दिया। इस हार के साथ ही पुर्तगाल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का अभियान यहीं समाप्त हो गया। मोरक्को ने पूरे मैच में शानदार डिफेंडिंग की। उन्होंने पुर्तगाल को अटैक करने से रोके रखा। वहीं, पुर्तगाल ने कई शॉट मिस किये। 51वें मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने राफेल गुरेरो को रिप्लेस किया। वहीं, जोआओ कैंसेलो को भी रुबेन नेवेस से सब्सटिट्यूट किया गया। मैदान पर उतरते ही रोनाल्डो ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच के रिकॉर्ड की बराबरी की। यह रोनाल्डो का 196वां अंतर्राष्ट्रीय मैच था। उन्होंने कुवैत के बदेर अल मुतावा के रिकॉर्ड की बराबरी की।

## ईशान किशन दोहरा शतक लगानेवाले सबसे युवा खिलाड़ी, सचिन-रोहित से आगे निकले




**चटगांव (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 126 गेंद में दोहरा शतक जमाया। यह वनडे करियर का उनका पहला दोहरा शतक है। वे अभी 24 साल के हैं। वे सबसे कम उम्र और सबसे कम मैच में यह कारनामा करनेवाले खिलाड़ी बने। वे 126 गेंद पर यहां तक पहुंचे। 23 चौके और 10 छक्के लगाये। इससे पहले भारत की ओर से पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा और वीरेंद्र सहवाग वनडे में दोहरा शतक लगा चुके हैं यानी ईशान ऐसा करनेवाले चौथे भारतीय बैटर बने। भारत की ओर से वनडे का पहला दोहरा शतक 24 फरवरी 2010 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ सचिन तेंदुलकर ने लगाया था। वे 147 गेंद पर 200 रन बनाक नाबाद रहे थे। 25 चौके और तीन छक्के लगाये थे। फिर वीरेंद्र सहवाग ने आठ दिसम्बर 2011 को वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐसा किया था। उन्होंने इंदौर में खेले गये मैच में 149 गेंद पर 219 रन बनाये थे। 25 शतक और सात अर्धशतक लगाया था। ईशान किशन 131 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुए। 24 चौके और 10 छक्के लगाये। यह उनका सिर्फ 10वां ही वनडे मैच है। इससे उनके बेहतरीन प्रदर्शन का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### पलामू में दो नाबालिग किशोरी से रेप आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**


**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की दो नाबालिग युवती के साथ हुसैनाबाद सिटी क्षेत्र में रेप किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पुलिस ने विभूति नारायण सिंह उर्फ गोल्डन सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है। आरोपी वर्तमान में मुनी सिंह चौक व स्थाई हैदरनगर के हेमजा गांव का निवासी है। एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि दोनों नाबालिग किशोरी के साथ उक्त आरोपी के द्वारा रेप करने की घटना की पुष्टि की है। एक 16 वर्षीय किशोरी ने आरोपी के चंगुल से भागकर उक्त घटना की सूचना हुसैनाबाद थाना को दी। एसआई सह थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने घटना की सूचना मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित किशोरी ने घटना की पुष्टि की है। पीड़ित किशोरी के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं दोनों किशोरी को मेडिकल चेकअप के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घटना का अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

# जिनका ब्लड ग्रुप 'ओ' है उन्हें हृदय रोग का खतरा कम, अन्य ग्रुप को ज्यादा

**टाइप ए व टाइप बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में ब्लड क्लॉटिंग के थक्कों के कारण थ्रोम्बोसिस का खतरा 44 प्रतिशत ज्यादा**

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** हृदय रोग की समस्या भयावह होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। यदि किसी का ब्लड ग्रुप 'ओ' नहीं है, तो उसको ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। आर्टियो स्क्लेरोसिस, थ्रोम्बोसिस, वैस्कुलर बायोलॉजी और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्रकाशित हुए एक अध्ययन के अनुसार, नॉन-ओ ब्लड ग्रुप वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा ज्यादा होता है। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि कैसे ब्लड ग्रुप दिल के दौरे के जोखिम को बढ़ा सकता है। अध्ययन में 400,000 से ज्यादा लोगों पर हुए अध्ययन में पाया गया कि टाइप ए या बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ओ ब्लड ग्रुपवाले लोगों



की तुलना में आठ प्रतिशत ज्यादा था। यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी द्वारा 2017 में किये गये एक अन्य अध्ययन में 1.36 मिलियन से अधिक लोगों पर किये अध्ययन में यह भी पाया गया कि ओ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### ज्यादा समय बैठे रहने, बैठकर काम करनेवालों को खतरा ज्यादा

जो लोग 24 घंटे बैठे रहते हैं उनमें शारीरिक रूप से कठिन काम करनेवाले लोगों की तुलना में हृदय रोग होने की संभावना अधिक होती है। जिस व्यक्ति में व्यायाम की कमी होती है, उसके शरीर की कार्यक्षमता कम होती है। किसी भी शारीरिक गतिविधि के दौरान ऐसे लोगों की हृदय गति बढ़ जाती है और ऐसे लोग बहुत जल्दी थक भी जाते हैं। इनके खून में चर्बी अधिक होती है। इसलिए वे हृदय को रक्त की आपूर्ति में रुकावट के साथ-साथ रक्त के थक्कों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इससे हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ जाता है।

## पलामू में हाथियों के आतंक से दहशत में ग्रामीण



फाइल फोटो

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के कई जगहों पर हाथियों के आतंक से लोग डरे हुए हैं। ऐसा ही एक मामला नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के पूर्णाडीह का सामने आया है। जहां हाथी के आतंक से किसान रात भर जग कर दहशत के साये में जीने को विवश हैं। उनकी फसल को रात में हाथी चट कर जाते हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा हाथियों को भगाने की कोशिश भी नाकाम साबित हो रही है। कई बार बात जान पर भी आ जाती है। वहीं शिकायत करने के बाद भी वन विभाग इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। पूर्णाडीह के झरना गांव निवासी देवनाथ राम व शांति देवी ने बताया कि पिछले 4 साल से फसल के मौसम में हाथियों का आतंक शुरू हो जाता है। इससे रबी के साथ-साथ खरीफ फसल को भी नुकसान पहुंच रहा है। रात्रि 10 बजे के बाद हाथियों का झुंड आता है और खेत में लगी फसल को नष्ट कर देता है। स्थानीय लोग भगाने की कोशिश करते हैं, लेकिन हाथियों पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथियों का झुंड बेतला जंगल रेंज से गुरियादामर होते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### क्या कहते हैं रेंजर संजीव कुमार

इस संबंध में पूछे जाने पर कुंदरी वन क्षेत्र के रेंजर संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि पूर्णाडीह में हाथियों के आने की सूचना मिली है। यदि किसान सही समय पर वन विभाग को जानकारी देंगे तो हाथियों को भगाया जा सकता है। हाथियों के केवटबार जंगल में होने की भी जानकारी मिल रही है। उन्होंने बताया कि हाथियों के उत्पात से जिन किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है, वे आदेवन दें। उन्हें फसल नुकसान के आधार पर उचित मुआवजा दिया जायेगा।

## न्यूज गैलरी

### दीपक पाठक हत्याकांड में तीन आरोपी लिए गए रिमांड पर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा के करमाही में दीपक पाठक हत्याकांड में पुलिस ने तीन आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। आरोपियों में सगे भाई कन्हाई भुइयां और प्रकाश भुइयां के अलावा मनोज राम शामिल हैं। तीनों को 24 घंटे के लिए रिमांड पर लिया गया। रिमांड अवधि शनिवार को पूरी होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि 24 घंटे के रिमांड के दौरान आरोपियों से गोली चलाने के कारणों की जानकारी ली गई। बताया गया कि करमाही में उन्होंने ब्रेकर बनाया था। ब्रेकर को लेकर दीपक पाठक एवं अन्य के साथ विवाद था। मारपीट के दौरान गोली चलने से दीपक पाठक के गर्दन में गोली लग गई थी। घटना गत 14 नवम्बर की रात हुई थी। जबकि 9 दिनों तक चले इलाज के बाद दीपक की मौत हो गई थी। गर्दन में गोली लगने से दो से तीन हड्डी को भारी नुकसान पहुंचा था। रांची इलाज के क्रम में उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था और घर ले जाने की सलाह दी थी।

### विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ चला अभियान, 25 लोगों पर प्राथमिकी

**नावा बजार।** विद्युत विभाग के बीमोड़ प्रशाखा के द्वारा शनिवार को ऊर्जा चोरी के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें विश्रामपुर प्रखंड़ के कौड़ीया व भूखला गांव तथा नगर परिषद के सोरडीहा में पहुंचकर बिजली विभाग की टीम ने बिजली कनेक्शन का जांच किया। साथ हीं हुकिंग व बकाया बिल वालो के खिलाफ कार्रवाई की गई। बकाया बिल वाले व्यक्तियों का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। अवैध बिजली जला रहे 25 लोगो के खिलाफ विश्रामपुर थाना में नामजद प्राथमिकी भी दर्ज करायी गई। बिजली विभाग के कनीय अभियंता शिवम पांडेय ने बताया कि यह विशेष छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बिजली विभाग के इस कार्रवाई से विश्रामपुर अंचल व नगर परिषद क्षेत्र में अवैध कनेक्शन धारियों के बीच हड़कंप मचा गया है। छापेमारी दल में प्रमोद कुमार वर्मा, प्रदीप रजक,अंकित तिवारी, सुनील कुमार,आगम दास सहित बिजली विभाग के कई लोग शामिल थे।

### सड़क के दोनों छोर घेराव करने से दुर्घटना में कमी आने की संभावना

**पांकी।** बालूमाथ मुख्य पथ के मंगलपुर गांव मे घनी आबादी वाले स्थानों में लगभग आधे किलोमीटर तक सड़क के दोनों किनारे लोहे के खंभों से घेराव का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। शनिवार तक सभी खंबे को सड़क के दोनों छोर पर लगाया भी जा चुका है। गौरतलब है कि घनी आबादी क्षेत्र होने के कारण अक्सर इस स्थान में छोटी बड़ी दुर्घटना होती रहती थी जिसके बाद विभाग ने तत्काल पहल कर सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु यह कार्य शुरू करवाया है, सड़क के दोनों छोर के घेराव होने से ग्रामीणों ने दुर्घटना को लेकर राहत की सांस ली है।

### पांकी विधानसभा क्षेत्र में बह रही है विकास की बयार : विधायक

**सगालीम।** पांकी प्रखंड में विभिन्न जगहों पर कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य का पांकी विधान सभा के विधायक कुशवाहा डाक्टर शशि भूषण मेहता ने विधिवत पूजा पाठ कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास को आत्मसात कर पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रहा हूँ। इसे देख विरोधी हताश भी हो रहे हैं। पांकी प्रखंड के सगालीम, सूडी भांग, और आसेहार में कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में अल्पसंख्यक विधायक प्रतिनिधि नईम साहब, मोबिन मियां,कासिम मियां,खादिम अंसारी, सैमबुल हुसैन,महताब आलम, सगालिम मुखिया सुनील प्रजापति,विजय सिंह,संतोष चंद्रवंसी, असेहार पंचायत समिति बालकेश राम,सुरेश राम,समाजसेवी बीरेंद्र मेहता,प्रो.बच्चन ठाकुर,शिवशंकर पासवान,कार्तिक सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री को शिक्षक संघ ने मांग पत्र सौंपा

**पाटन।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पलामू आगमन पर सहायक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय के अगुवाई में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को स्मार माँग पत्र सौपा है। स्मार माँग पत्र में संघ के द्वारा कहा है की सहायक शिक्षको के निर्मित नियामवली 2022 के त्रुटिपूर्ण कई मांगो को सुधार अपेक्षित है। संघ के सदस्यों ने कहा है सर्व शिक्षा अभियान से लेकर समग्र शिक्षा अभियान तक पारा टीचरों ने राष्टीय स्तर पर झारखण्ड़ प्रदेश में एक अलग शिक्षा की अलख जलाया जिसके कारण प्रदेश के घर–घर तक शिक्षा की मिसाल बनी है। 6200 सहायक शिक्षको का भविष्य सुनिश्चित कराना झारखण्ड़ सरकार की अहम भूमिका होना चाहिये।

# कृषि गणना का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम में शामिल अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय के ब्लॉक ए सभागार में अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में कृषि गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड के मार्गदर्शन में जिला सांख्यिकी शाखा द्वारा आयोजित 11 कृषि गणना फेज एक का प्रशिक्षण में सभी अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हुए। झारखंड में 11 कृषि गणना के लिए राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। जबकि एनआईसी एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा इसमें सहयोग किया जायेगा। प्रशिक्षण के प्रारंभ में अपर समाहर्ता,पलामू के द्वारा कृषि गणना के महत्त्व,इसकी प्रक्रिया,पृष्ठभूमि, कृषि गणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कर्त्तव्य एवं कृषि गणना अधिकारियों की प्रशासनिक ढांचा के बारे मे विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह के द्वारा सभी प्रतिभागियों को कृषि गणना का कार्य ऑनलाइन निष्पादित करने के लिए अंचलाधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवम राजस्व उप निरीक्षक के स्तर द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। डीआईओ श्री सिंह ने कृषि गणना में किये जाने वाले सभी कार्यों को डेमो पोर्टल तथा मोबाइल एप्प पर लाइव करके दिखाया गया। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों के द्वारा ऑनलाइन कृषि गणना से संबंधित प्रश्न पूछे गये। सभी प्रश्नों का उत्तर दिया गया। आईटी मैनेजर रेवन्यू राजेश कुमार के द्वारा तकनीकी कठिनाइयों के लिए किसी भी समय सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गयी। सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा कृषि गणना के सामान्य जानकारी, बेसिक कांसेप्ट बताया गया। जबकि राजेश कुमार के द्वारा कमार्चारियों के लॉगिन यूजर आईडी एंड पासवर्ड के बारे मे बताया गया। यह कृषि गणना कुल तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण का कार्य दिसम्बर 2022 से जून 2023 तक चलेगा । अंतिम चरण 2024 तक चलेगा। गौरतलब है कि पहली बार ऑनलाइन डिजिटल रूप मे कृषि गणना हो रही है। प्रथम फेज में जिले के 100% गाँवों में होगा कृषि गणना,द्वितीय चरण में तहसील के 20% गाँवों में ,जबकि तृतीय चरण में चयनित 7% गाँवों में कृषि गणना की जायेगी। कृषि क्षेत्र मे जोत का आकार,भूमि उपयोग, जोत का ढांचा, किसानों का प्रकार,फसल पैटर्न, किसानों का सामाजिक विभाजन, लिंग, सिंचाई के साधन,अभिलेखों का मैपिंग जैसे आकंडों का संग्रहण कर इसका प्रयोग कृषि क्षेत्र मे नीति निर्माण में किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनिंग मेटेरियल का भी वितरण किया गया।

## शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 65वां जन्मदिन मना


जन्मदिन मनाते ग्रामिण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 65वां जन्मदिन शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, तूरी, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना कर केक काटकर जन्म दिवस मनाया। वहीं शिक्षक सरोज चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व के चलाया जाता है। इनके बताये मार्ग पर चलकर हम जीवन को सफल बना सकते हैं। उक्त सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत द्वारा अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया गया। जिसमें महिला पुरुष हजारो लोगों ने संदेश सुना। वहीं भक्तों ने अपने- अपने केंद्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओ के बीच भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र सहायक सह शिक्षिका मधु कुमारी, सेवा सहायक सह संवाददाता कृष्णा प्रसाद गुप्ता, प्रचार सहायक दिनेश पासवान, कृष्णा यादव, अमन सुमित्रा देवी, केदारनाथ ठाकुर, नवीन कुमार पांडेय, रामप्रसाद यादव, देवंती देवी, उमेश साव, गोपाल गुप्ता,सुनील पाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## नकारात्मक विचारों को हटाकर मनुष्य को एकाग्र करता है संगीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** संगीत मनुष्य के नकारात्मक विचारों को हटाकर उसे एकाग्रता की ओर ले जाता है। इससे जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। ये बातें शनिवार को दानिका संगीत महाविद्यालय के निदेशक डॉ. रविंद्र कुमार ने हरिहरगंज से सटे महाराजगंज के एक कार्यक्रम में कही। नटराज संगीत महाविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर वे यहां उपस्थित हुए थे। महाविद्यालय का उद्घाटन निदेशक समेत विशिष्ट अतिथि के रूप में राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव, पिपरा प्रखंड प्रमुख गुड्डू यादव, मुखिया तौहीद आलम, अरविंद पासवान, विमलेश सिंह, विनोद सिंह, युगेश यादव, जीवन जायसवाल आदि ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि संगीत सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि इस क्षेत्र में रोजगार के भी अवसर है। संगीत को कैरियर के रूप में छात्र ले सकते हैं और अपना भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने कई गायकों के नाम गिनाये जो संगीत के जरिये देश का नाम रौशन कर रहे हैं। संचालक रानी जायसवाल ने कहा कि यहां छात्रों को संगीत की शिक्षा दी जायेगी। शिक्षक रोहित कुमार व रूपा सिंह ने बताया कि शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को डिग्री भी दी जायेगी। अन्य वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में संस्थान की स्थापना को एक सराहनीय कदम बताया और कहा कि इससे संगीत के प्रचार-प्रसार को मदद मिलेगी। छात्र विषय के रूप में इसका चुनाव कर सकते हैं।

## पूर्व सांसद धीरेन्द्र ने किया भ्रमण

**पांकी।** चतरा के पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल ने शनिवार को पांकी प्रखंड का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, मधुसूदन प्रसाद, शिव प्रसाद समेत कई नेताओं से उन्होंने मुलाकात भी की, काफी लंबे अरसे के बाद उनके आगमन पर पांकी प्रखंड वासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपने सभी शुभचिंतकों से हाल-चाल जानते हुए क्षेत्र की स्थिति व राजनीतिक गतिविधि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वे किसी शादी समारोह में लातेहार आए हुए थे।

## असहाय व जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन की स्थापना दिवस के मौके पर मेदिनीनगर के छः मुहान चौक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखण्ड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, पांकी विधान सभा के विधायक प्रत्याशी मुमताज खान, पूर्व नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, पूनम सिंह, दूरदर्शन उदघोसिका शर्मिला वर्मा, राजकुमार सिंह, अख़्तर जमा, अविनाश देव ने सामूहिक रूप दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सबो को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा की इस ठिठुरती ठंड में मानवता का परिचय देने और असहायों की मदद करने के लिए मानवाधिकार आयोग की पूरी टीम सड़कों पे है। इसके लिए एसोसिएशन की जितनी भी तारीफ की जाएं कम है। इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन जिला अध्यक्ष अनवर अहमद ने कहा की स्थापना दिवस के इस पावन बेला में मैं सभी अतिथियों और दूर दराज से आये एसोसिएशन के सभी अधिकारियों और मेम्बरों का हार्दिक स्वागत करता हूं।

इस स्थापना दिवस के अवसर पर 200 कंबल गरीबों को दान किया। वहीं तकरीबन खाने का पैकेट 400 गरीबों मिस्किनो और असहायों को दिया गया। एसोसिएशन के मुख्य सचिव अरशद अहमद उर्फ सन्नु ने आयोजन स्थल पे आये सभी अतिथियों का बैच लगाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा, कॉग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, उपाध्यक्ष नसीम खान, मुहर्म इंतेजामिया सदर जीशान खान, मनोज सिंह, धनंजय त्रिपाठी और एसोसिएशन से जुड़े सभी अधिकारियों तथा मेम्बरों का शुक्रिया अदा किया और सभी को शुभकामनाएं दी।

### स्ट्रीट लाइट मरम्मत करने गये युवक को घर में बन्द कर पीटा, मामला दर्ज

**मेदिनीनगर।** शहर के नगर निगम कार्यालय से जुड़े एक कर्मी की जमकर पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है। हालांकि यह घटन दो दिन पहले की है, लेकिन इस संबंध में शनिवार को शहर थाना में सूचना दी गयी है। मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस छानबीन कर रही है । घटना आबादगंज इलाके की है। यहां नगर निगम के कर्मी आबिद अंसारी, पिता जहुर आलम को बांधकर पिटाई की गई है। आबिद अंसारी चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा का निवासी है। बताते चलें कि नगर निगम के उपमहापौर मंगल सिंह के निर्देश पर आबिद अंसारी गुरूवार दोपहर आबादगंज में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करने गया था। वार्ड नंबर 15 में देवेन्द्र सिंह के घर के सामने लाइट खराब थी। पोल पर चढ़कर आबिद लाइट ठीक कर रहा था । इसी क्रम में दुबु सिंह, पिता देवेन्द्र सिंह आबादगंज के द्वारा अचानक आकर गाली गलौज की गई। जब आबिद अंसारी ने बताया कि नगर निगम से लाइट बनाने आए हैं, तो उसे पोल पर से खींचकर घर ले गया और कमरे में बंदकर लाठी डंडा से पिटाई शुरू कर दी। आबिद ने शहर थाना में दिए आवेदन में कहा है कि पिटाई से बने जख्म उसके शरीर पर देखे जा सकते हैं।

## सबानो हैदरनगर व अमही ने जीत दर्ज की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को तीन मैच खेला गया। पहला मैच सबानो बनाम पतरा खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें सबानो ने पतरा खुर्द को 1-0 से हरा दिया। सबानों के तरफ से शशि भूषण ने गोल किया । वहीं दूसरे मुकाबले में हैदरनगर का सामना पांती से हुआ। जिसमें हैदरनगर की टीम ने बेहतर खेल खेलते हुए पांती को 2-1 से हरा दिया। तीसरा मैच अमही बनाम दरूआ बेनी के बीच खेला गया। जिसमें अमही ने अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक तरफा मुकाबले में दरूआ बेनी को 8-0 से हरा दिया। इस मैच में निर्णायक के भूमिका में एस एम अकरम, सुदय सिंह, विकास सिंह, मनोज शर्मा एवं विनय सिंह ने अहम योगदान दिया। इस मैच में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह, संतोष सिंह, मोहम्मद अली, राजेश्वर सिंह उर्फ डिस्को सिंह,अनुज सिंह, शबुद्दीन अंसारी, पारस नाथ सिंह, सुभाष कुमार, प्रह्लाद ठाकुर, विशाल, लडडू सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे। रविवार का मैच बिलासपुर बनाम झरहा, पतरा कलां बनाम खरगाड़ा तथा कचरा बनाम जपला के बीच खेला जाएगा।

**जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार का कार्यालय**

**आवश्यक सूचना :-**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार जिला के प्रभावित बल के गृह रक्षको को सूचित किया जाता है कि अपर पुलिस महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखण्ड, रॉंची का कार्यालय का ज्ञापांक 1739 दिनांक 01/12/2022 के आलोक मे निदेशित है कि झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार जिला इकाई में यदि कोइ गृह रक्षकों का संघ निबंधित है तो निम्न सूचनाये उपलब्ध करायें :–

01. संघ का नाम।
02. संघ का निबंधन संख्या एवं वर्ष ।
03. निबंधन कार्यालय का नाम।
04. गृह विभाग झारखण्ड के स्तर से तदनुशार निर्गत संकल्प संविधान की छायाप्रति।
05. संघ के स्मृति पत्र के छायाप्रति
06. निबंधन प्रमाण पत्र कि छायाप्रति।

अत: निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त वांछित सूचना को प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन कि तिथि से 05 (पांच) दिनो के अंदर अनिवार्य रूप से जिला समादेष्टा कार्यालय, लातेहार, स्थान–न्यु पुलिस केन्द्र परिसर को समर्पित करना सुनिश्चित करेगें। यदि निर्धारित समय सिमा के अन्दर मॉंगी गई सूचनाये/अभिलेख प्राप्त नही होती है तो ऐसी स्थिति में ये माना जायेगा कि जिला इकाई में गृह रक्षको का कोई भी संघ निबंधित/कार्यरत नही है और तदनुशार मुख्यालय रॉंची को इस संबंध में प्रतिवेदन भेज दी जायेगी।

वरिय पुलिस उपाधीक्षक(मु0),
–सह– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार

PR 284786 Police (22-23)_D

### महिला प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एनसीपी का महिला प्रकोष्ठ संगठन को धार देने की तैयारी में जुट गई है। शनिवार को हैदरनगर प्रखंड व पार्टी के हुसैनाबाद कार्यालय में हुसैनाबाद प्रखंड के महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी प्रकोष्ठों को सशक्त बनाया जा रहा है। प्रदेश, जिला, प्रखंड, गांव व बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती को लेकर गत 4 दिसंबर को रांची की बैठक में निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। लोक सभा चुनाव के पूर्व राज्य में 25 लाख सदस्य बनाने का लक्ष है। उन्होंने महिलाओं को पार्टी से जुड़कर हुसैनाबाद हरिहरगंज में विकास की राजनीति को समर्थन देने का आह्वान किया। एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने दोनो बैठकों में बारी-बारी भाग लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हुसैनाबाद में एक लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमे कम से कम 30 हजार महिलाओं को जोड़ने का लक्ष है। उन्होंने प्रखंड व पंचायत कमेटी में शामिल महिलाओं को गांव व बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उन्हे पार्टी के कार्यकर्ता भी सहयोग करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि पार्टी मजबूत होगी तो कार्यकर्ता और नेता भी मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। निष्ठा के साथ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की प्रतिष्ठा समाज और नेता दोनो जगह होती है। उन्होंने हैदरनगर व हुसैनाबाद प्रखंड के पार्टी की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दो वर्ष के दौरान महिला प्रकोष्ठ से हजारों महिलाये जुड़ी हैं, जो महिला कार्यकर्ताओं की निष्ठा व लगन को दर्शाता है। हुसैनाबाद की बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अंजली शर्मा व हैदरनगर में बबिता सिंह ने की। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह, उर्फ बीनू सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, बिमलेश सिंह, विनय पासवान, कुसुम देवी, सविता देवी, कांति देवी, अंजू कुंवर, सरितादे,आशा देवी, पूनम देवी शामिल थे।

**न्यायालयः–प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।**

**उपस्थिति सूचना**

वन अपराध में जप्त वन पदार्थ एवं अन्य के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में नीचे वर्णित अधिहरण वाद की सुनवाई दिनांक 13.12.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित है।

अत: जप्त वन पदार्थ एवं अन्य से संबंधित स्वामी/व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से) अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें। इसे अंतिम अवसर समझें। अनुपस्थित रहने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

| क्र0 सं0 | केस संख्या | अधिहरण वाद संख्या | वन अपराध में जप्त वन पदार्थ, वाहन एवं अन्य | घटना स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 01. | C 1017/2022 | 37/2022 | साल बोटा– 10 पीस, युकेलिप्टस बोटा– 02 पीस। | बरवा पी0 एफ0 |
| 02. | C 1037/2022 | 38/2022 | साल बल्ली– 17 पीस, हल– 1 पीस, जुआठ– 1 पीस | चपकली पी0 एफ0 |
| 03. | C 1003/2022 | 39/2022 | जलावन– 5 क्विंटल (लगभग) | बान्दु पी0 एफ0 |
| 04. | C 1224/2022 | 40/2022 | साल बल्ली एवं बोटा– 54 पीस | चपलसी पी0 एफ0 |
| 05. | C 975/2022 | 41/2022 | साल चौपहल– 4 पीस, साईकल– 4 पीस | मंजरी पी0 एफ0 |
| 06. | C 942/2022 | 43/2022 | साल चिरान– 14 पीस, ईलेक्ट्रिक रंदा मषीन छोटा (हाथ वाला)– 1 पीस | करीं ग्राम |
| 07. | C 814/2022 | 44/2022 | जलावन– 1 ट्रैक्टर, महुआ चौपहल– 1 पीस, महुआ बोटा– 1 पीस | डोल पी0 एफ0 |
| 08. | C 643/2022 | 45/2022 | साल बल्ली– 10 पीस | बाराडीह पी0 एफ0 |
| 09. | C 323/2022 | 46/2022 | जलावन– 1 ट्रैक्टर | अनहर पी0 एफ0 |
| 10. | C 544/2022 | 47/2022 | साल बोटा– 12 पीस | बान्दु पी0 एफ0 |

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

PR 284778 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-23 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**भर्ती कैम्प सूचना**

**जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू** के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 13/12/2022 दिन मंगलवार को **जिला नियोजन कार्यालय परिसर, डालटनगंज** में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:30 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S.No | Company Name | Name of the Post | Category | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | VFS Capital Ltd., Daltonganj | CSR (Customer Service Representative) | Male | 30 | 12th+Above | 18-30 Yrs | Fresher-10,500/- Exp.-12,500/- | Palamu & Garhwa |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा अपना बायोडाटा (2 कॉपी), पासपोर्ट साईज फोटो (2 कॉपी) एवं **नियोजनालय का निबंधन कार्ड** के साथ नियोजकों के समक्ष उपस्थित हों। जो उम्मीदवार झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में पूर्व से निबंधित है उनको पुन: निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। भर्ती कैम्प तिथि को कार्यालय में निबंधन कार्य स्थगित रहेगा।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अत: लिखित, साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले नियोक्ता एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को कैम्प स्थल पर Covid 19 के अन्तर्गत सरकार द्वारा जारी अद्यतन SOP के तहत मास्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग के साथ Social Distance का पालन करना अनिवार्य है।**

**नोट** :– रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.palamu.nic.in एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 284770 District(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### चार दिनों से गायब विक्षिप्त युवक को लेकर पिता ने थाना में दिया आवेदन

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के अरसली उतरी पंचायत के झुमरी गांव के एक अर्ध विक्षिप्त युवक की चार दिन से गायब होने को लेकर पिता राजकुमार बैठा ने थाना में आवेदन दिया है दिए आवेदन में कहा है कि मेरा पुत्र राजेश बैठा उम्र 21 वर्ष है बीते 7 दिसंबर बुधवार को भवनाथपुर बाजार आया था जहाँ से वह उसका कोई पता नही है वह कथा रंग का इनर और फूल काला रंग का लूजर पहना हुआ था राजेश मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त है एवं उसका मुंह हमेशा खुला रहता है।

### अवैध आरा मिल के खिलाफ वन विभाग ने चलाया छापामारी अभियान



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर वन क्षेत्र के डुमरसोता में अवैध आरा मिल पर वन विभाग के आईएफएस इबीन बेन्नी अब्राहम के नेतृत्व में शनिवार को छापामारी किया। अवैध आरा मिल सुदामा चौधरी का बताया गया है। विभाग के अधिकारियों ने आरा मिल उखाड़ कर अपने साथ मशीन को साथ ले गए। भवनाथपुर रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर ने बताया कि अवैध आरा मिलों से वन क्षेत्रों में लगे पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। संचालक के विरुद्ध बिहार काष्ठ चिराग अधिनियम 1990के धारा 5डी के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर फॉरेस्टर ओम प्रकाश, निशांत कुमार, संचित कच्छप, प्रमोद यादव समेत हरिहरपुर ओ पी शस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

### किसान के खेत मे मिला बछड़े की कटी सिर, जांच में जुटी पुलिस

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी खड़ार टोला में मुंद्रिका प्रजापति के खेत मे एक बछड़े का कटा मुंडी गाड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर ग्रामीणों आक्रोश में है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना भवनाथपुर थाना पुलिस को दे दी है। बताया जाता है कि शनिवार को देर शाम मुंद्रिका प्रजापति की पत्नी खेत मे लाहशुन कोड रही थी। इसी बीच बछड़े की मुंडी खेत में दबा मिला। इसके बाद महिला के द्वारा आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी गयी। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने बताया कि उन्हें इसकी सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्व में की गई कार्यों की जांच खाता शीट के आधार पर होना चाहिए: जिप सदस्य



**भवनाथपुर।** गढ़वा जिला परिषद के सहयोगियों ने भवनाथपुर जिपास व वित्तीय अभिदाताओं के साथ शनिवार को संयुक्त रूप से पूर्व में की गई जिला परिषद के कार्यों की जांच की। जांच के क्रम में पाया गया है कि जिला परिषद के पूर्व में किए गए कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है। ज्यातर योजना हर साल पाई गई। जांच में शामिल भवनाथपुर जिला परिषद की सदस्या रंगीनी कुमारी अर शर्मा ने बताया कि पूर्व में की गई कार्यो की जांच खाते की फाइलों के आधार पर किया जाना चाहिए, जो जिले से आए संबद्ध एवं प्रबंधकीय अभियोक्ताओं के पास मौजूद नहीं है। यह स्पष्ट होता है कि इस कार्य में मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया गया है। यही कारण है कि कई अभियक्ताओं द्वारा अकाउंटी अकाउंट्स का लेखा-जोखा नहीं रखा गया है। जिला परिषद के सदस्यों द्वारा खिड़की पुस्तिका के आधार पर जांच करने की बात कहीं गई है।

### शिक्षक के पिता का निधन

**रमना।** प्रखण्ड के मानदोहर गांव निवासी और मवि गम्हरिया के हेडमास्टर उमेश प्रसाद कर्ण के पिताजी 80 वर्षीय नंदकिशोर प्रसाद का निधन शनिवार को दोपहर एक बजे हो गया है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। जानकारी के अनुसाय परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने की तैयारी कर रहे थे।इसी दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन पर बीपीओ सुनीता कुजूर,सेवानिवृत शिक्षक मुंशी राम,राधेश्याम तिवारी,रामकुमार मेहता,बालरूप राम,नंदू राम,शिक्षक सन्तोष कुमार, विष्णुदेव मांझी,सनचन्द्र सिंह,राजीव रंजन,सुरेंद्र गुप्ता,फुलेंद्र सिंह,नीरज पाठक,अजीत कुमार,पवन सिंह,मुकेश कुमार,संजय राम,अनिल कुमार,अमरेंद्र प्रजापति,अजय यादव सहित कई लोगो ने गहरी संवेदना प्रकट है।

## दस दिवसीय गाय पालन प्रशिक्षण संपन्न, बोले जुलियस तिर्की

# गाय पालन को रोजगार के रूप में अपनाएं



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से विगत दस दिनों से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जेएसएलपीएस के आजीवका के प्रबंधक जुलियस तिर्की, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह एवं पंकज कुमार वर्मा ने प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया। इस मौके पर जुलियस तिर्की ने कहा कि आप सभी समूह की महिलाओं को आर्थिक उन्नति के लिए महिला समूह से जोड़कर स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है सभी महिलाएं को दस दिनों तक गाय पालन संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान डेयरी प्रबंधन से संबंधित आपलोगो को विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसमे पशुओं की नस्ल, पशुओं में होने वाले प्रमुख बीमारी, दुधारू पशुओं के आहार और उनके आवास एवं उनके स्वास्थ्य बेहतर कैसे हो। इस संबंध आपको इसके विशेषज्ञों की ओर से जानकारी दी गई है। आप अपनी आर्थिक मजबूती के लिए गाय पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाते होए काम करें। सरकार की ओर से गाय पालन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं उसमें सरकार की योजना आप समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध कराने की सभी की जिम्मेदारी है। मौके पर मोहम्मद रुस्तम अली एवं सुरेंद्र कुमार रवि अनिल, शम्भु उपस्थित थे।

### छत से गिरकर महिला घायल, रेफर

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की मीना खातून छत से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। बताया गया कि मीना खातून छत पर काम रही थी। बिना रेलिंग के छत होने के कारण वह अचानक नीचे गिरकर घायल हो गई। इस घटना में उसके शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद घायल मीना खातून को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## तालाब से 17 वर्षीय युवती का मिला शव , जांच में जुटी पुलिस



नवीन मेल संवाददाता

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव के लोहरहा टोला मे स्थित झड़वा पहाड़ के समीप नंदू जायसवाल के तालाब में 17 वर्षीय प्रतिमा कुमारी नामक युवती का शव मिलने से गांव में आग कि तरह फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका के पिता राजू चन्द्रवंशी सुबह में खेत की तरफ घूमने गया था। इसी दौरान नंदू जायसवाल के तलाब में उतरते हुए शव को देख शोर मचाते हुए शव को पानी से बाहर निकला तो देखा कि मृतक युवती उसकी पुत्री प्रतिमा कुमारी निकली । इसे देख उपस्थित ग्रामीणों ने धुरकी थाने को फोन से सूचना दी। सूचना के बाद धुरकी थाना के ए एस आई कृष्णा रजवार अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। जबकि घटना के संबन्ध में पूछे जाने पर ए एस आई कृष्णा रजवार ने बताया कि शव तालाब से बाहर कर दिया गया था। इसके बारे में ग्रामीणों ने बताया कि भीड़ जुटने से पहले ही मृतिका के पिता राजू चन्द्रवंशी के द्वारा शव को तालाब से बाहर निकाला जा चुका था। उक्त घटना हत्या का है या आत्म हत्या का पोस्मार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इसकी सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ पूर्व जीप सदस्य नन्दगोपाल यादव, सगमा प्रमुख अजय साह, घघरी मुखिया सरोज देवी, मुखिया पूर्व मुखिया बिनोद राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विकास योजनाओं का सांसद-विधायक ने किया शिलान्यास, बोले-

# विधानसभा क्षेत्र का हो रहा सर्वांगीण विकास



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** सांसद वीडी राम, क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया ने शनिवार को भंडरिया बडगड़ प्रखंड में तीस करोड़ रुपए की योजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर सांसद बीडी राम ने कहा कि भंडरिया बड़गड़ प्रखंड अति उग्रवाद प्रखंड रहा है। यहां नक्सलियों के कारण विकास नहीं हो सका था। रघुवर दास की सरकार में नक्सलियों पर काबू पाया जा सका। अब क्षेत्र में विकास हो रही है। क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भंडरिया और बडगड प्रखंड में सड़क और पुल पुलिया का शिलान्यास किया गया है ताकि क्षेत्र का विकास हो । उन्होंने कहा कि सड़क और पुल पुलिया बन जाने से आवागमन दुरुस्त हो जाएगा। इस दौरान भंडरिया से कुरुन सड़क 26 किलोमीटर 17 करोड़, चोटंगीया से संगाली तक 10 किलोमीटर राशि 7 करोड़ ,परस्वार से कुल्ही तक 9:30 किलोमीटर राशि 7 करोड़, कुल्ही गांव में दो पुलिया प्राक्कलित राशि ढ़ाई करोड़ शामिल है। योजनाओं के शिलान्यास के बाद भंडरिया पीडब्ल्यूडी के डाक बंगला परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोगों समस्याएं सुनी और जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष औम प्रकाश केसरी, अलखनाथ पांडे ,रघुराज पांडे, मुकेश निरंजन सिन्हा, ठाकुर प्रसाद महतो, राम करेस चौरसिया, सांसद प्रतिनिधि रुप निरंजन सिन्हा, आनंद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह , बड़बड़ विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, राजेश्वर ठाकुर भूषण सिंह ,ठाकुर प्रसाद महतो ने सभा को संबोधित किया। मौके पर ठेकेदार विनोद कुमार सिंह, मनोज सिंह प्रखंड प्रमुख रुकमणी देवी जिला परिषद सदस्य हीरवंती देवी, बबलु सिन्हा सुशील सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## ईस्ट जोन चेस प्रतियोगिता में आर के पब्लिक स्कूल का 19 वां स्थान

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम कंपटीशन 2022-23 में रिकॉग्नाइज्ड बाइ द मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के द्वारा वाराणसी में 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित ईस्ट जॉन चेस प्रतियोगिता मे आर के पब्लिक स्कूल अधौरा(नगर उंटारी)के छात्रों ने 19 वां स्थान प्राप्त किया.सीबीएसई ईस्ट जॉन चेस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के 72 विद्यालयों के चेस प्रतिभागी शामिल हुये. पलामू प्रमंडल से मात्र आर के पब्लिक स्कूल, अधौरा के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों का प्रदर्शन सफल रहा है। छह राउंड के मैच में 2 अंक प्राप्त किया तथा 72 स्कूलों में 19वां स्थान प्राप्त किया.इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र पवन प्रभात, आदित्य शुक्ला तथा मयंक चौबे ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि यह विद्यालय प्रारंभ से ही बच्चों को शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देता रहा हैं, विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता रहा हैं तथा देता रहेगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एल के ओझा ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी करियर बनाने की बात कही। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार, भावना ओझा, अमर कुमार, रूपेश गुप्ता, अभिनव कुमार, रविकांत चौबे, नवनीत रंजन तथा सभी शिक्षकों ने इस सफलता पर बच्चों की भूरी-भूरी प्रसंशा की।

### डुमरसोता गांव में संचालित अवैध आरा मिल जब्त

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के डुमरसोता में संचालित अवैध आरा मिल के खिलाफ करवाई करते हुए आरा मिल को जब्त किया गया है। शनिवार को प्रशिक्षु आईएफएस एबीन बेन्नी अब्राहम के नेतृत्व में की गई छापेमारी में गांव के सोन नदी किनारे सुदामा चौधरी का अवैध आरा मिल व भारी संख्या में अवैध कीमती लकड़ी बरामद किया है। उक्त आरा मिल पिछले कई सालों से बेरोक टोक धड़ल्ले से चल रहा था। इस कारवाई से डुमरसोता गांव में ही संचालित दो अन्य आरा मिल सहित लोहरगड़ा व मझिगावां में संचालित अवैध आरा मिल संचालकों में भय व्याप्त है। गौरतलब हो कि सोन नदी के रास्ते उत्तर प्रदेश के जंगलों से अवैध तरीके से बेसकीमती लकड़ियां बहर बना कर भारी मात्रा में लाया जाता था। वहां आरा मिल संचालक उन लकड़ियों को चिराई कर लोगों से मोटा रकम वसूलते थे।

## स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय जेठन सिंह खरवार की 42 वीं पुण्यतिथि मनी




नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह में शनिवार को खरवार एकता संघ जिला कमेटी गढवा इकाई के तत्वधान में स्वतंत्रता सेनानी सह पलामू के प्रथम सांसद रह चुके स्वर्गीय जेठन सिंह खरवार की 42 वी पुण्यतिथि मनाई गई । मौके पर उपस्थित लोगों ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया । मौके पर उपस्थित खरवा एकता संघ जिला कमेटी के गढ़वा जिला अध्यक्ष चैतु सिंह खरवार ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी व पलामू के प्रथम सांसद जेठन सिंह खरवार का जन्म रंका प्रखंड के बरवाडीह गांव में वर्ष 1917 में हुआ था, जबकि उनका निधन 10 दिसंबर 1980 को हुआ था । स्वर्गीय जेठन सिंह ने जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए काफी संघर्ष किया था। साथ ही उन्होंने अंगरेजी हुकूमत के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी. इसके बावजूद वे अंग्रेजों के सामने कभी घुटने नहीं टेके। उन्हें अंगरेजी हुकूमत से बगावत करने के लिए वर्ष 1930, 1938, 1939 और 1942 में जेल जाना पड़ा था। पिछड़े व अशिक्षित इलाके से आने के बावजूद जेठन सिंह को अपनी मातृभूमि व संस्कृति के प्रति कूट-कूटकर भावना भरी हुई थी । उन्हीं की याद में आज पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया है । मौके पर सत्यदेव सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, प्रदीप सिंह, चैतू सिंह खरवार, उमेश यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## अरसली उतरी पंचायत के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन, बोले-

# मुख्य पथ व सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराएं



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन देकर पंचायत के अंतर्गत मुख्य पथ व सार्वजनिक स्थलों पर लोंगो के द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने का सामूहिक आवेदन दिया है। जिसमे आवेदन प्राप्त होने के बाद दिनांक 12 दिसम्बर को सीओ रामशंकर श्रीवास्तव ने समय निर्धारित किया है। अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर शनिवार को अरसली दुर्गा मंदिर परिसर में जनप्रतिनिधियों व पूजा कमिटी के साथ एक ग्रामीणों की बैठक आयोजित कर अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन को हरसंभव सहयोग करने की सहमति बनाया गया है। कमिटी ने आम सहमति से यह भी निर्णय लिया गया है कि अतिक्रमण मुक्त करने के दरम्यान जो भी लोग इस दायरे में आएंगे वैसे जगहों पर अविलम्ब मुक्त करने के लिए जेसीबी मशीन का खर्च स्वयं कमिटी के द्वारा आर्थिक सहयोग से किया जाएगा। अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सिंदुरिया पंचायत के सिवान से मुख्य पथ होते पंचायत भवन तक उसके बाद बस्ती होते अरसली दक्षिणी के भालुवाहा बांध तक व दुर्गा मंडप से मुख्य पथ छठ घाट तक अतिक्रमण मुक्त करने का निर्णय लिया गया है। बताते चले कि गांव के आबादी बढ़ने के साथ लोंगो के द्वारा मुख्य यह पर ही पक्के कच्चे मकान बना लिया गया है तो कहीं कहीं सड़क पर ही लोंगो के द्वारा पालतू जानवर बांधने से सड़क संकीर्ण हो गया है। जिसके कारण आये दिन घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहती है साथ ही सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बड़ी गाड़ियों के आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बैठक में प्रेम चौबे, शंभू सेठ, नेपाल साह, उदय साह, दयानन्द प्रजापति, जयराम पासवान,सुरेश साव, धर्मेंद्र चौबे, अनिता देवी, पुष्पा कुमारी, दुर्गावती देवी, मीना देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 283164 Building(21-23).D है को अपरिहार्य कारणों से निविदा को परिवर्तित करते हुए क्रमांक 13 में अग्रधन की राशि 50000/– रूपये के जगह पर 100000/– रूपये जमा किया जाय एवं कार्य पूर्ण की तिथि 3 माह के जगह पर 6 माह पढ़ा जाय।

शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल
डालटनगंज

PR 284744 Building (22-23)_D

# ठंड का प्रकोप बढ़ा: कांप रहे लोग, अलाव की नहीं हुई व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** इन दिनों ठंड जोरों पर है। 10 से 15 दिनों से सर्दी के प्रकोप से जहां सुबह व रात का पारा काफी नीचे आ गया है। वही सर्द हवाओं व कपकपा देने वाली ठंड का एहसास करा दिया है। जिसका ज्यादा असर नगर पंचायत प्रशासन पर दिख रहा है क्योंकि नगर पंचायत प्रशासन का अभी तक नींद से नहीं जगा है। बेसहारा लोगों को सर्दी से बचने के लिए अभी तक कहीं रेन बसेरा की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा शहर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर अलाव तक नहीं जले हैं। सर्दी शुरू होते ही गरीब बेसहारा लोगों की मुश्किलें बढ़ने लगी है। सर्दी का असर धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। जबकि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा प्रत्येक वर्ष ठंड शुरू होते ही सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई जाती है। लेकिन इस वर्ष कड़ाके की ठंड पड़ने के

### ठंड से बचाव के लिए नगर प्रशासन की ओर से अब तक नहीं की गयी कोई पहल, लोग मायूस

बावजूद भी नगर पंचायत द्वारा अब तक न तो अलाव का व्यवस्था किया गया है और न ही कंबल का वितरण किया गया है। ऐसे में बेसहारों पर क्या असर पड़ता होगा समझा जा सकता है। वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात का न्यूनतम तापमान गिरते जा रहा है। ऐसे में बेघर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा, यह समझा जा सकता है। आपको बता दें कि नगर पंचायत द्वारा ठंड के मौसम में नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है इसमें मुख्य चौराहों गरीब बस्तियों अस्पताल बस स्टैंड रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर शासकीय अलाव जलाए जाते हैं। इसे अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सकें। लेकिन इस बार नगर पंचायत द्वारा कोई व्यवस्था नहीं किया गया है जिससे फुटपाथ, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन में अपना स्थाई घर बसाया लोगों पर ठंड आफत बनकर टूट रही है। इनमें कई महिलाएं एवं वृद्ध भी हैं। नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर दूर दराज से यात्री रात्रि में ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं जिन्हें ठंड से ठिठुरते देखे जा रहे हैं। वही सार्वजनिक जगह पर बेघर लोगों को सोते हुए या ठंड से ठिठुरते हुए देखा जा सकता है। ऐसे में लोग स्वयं कहीं पैरा या लकड़ी टायर बांस बल्ली या कूड़ा करकट से अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं।

### कूड़ा करकट जलाने को विवश, नगर प्रशासन बेपरवाह: स्थानीय



स्थानीय ईश्वरी प्रसाद, विनोद साव आदि लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र में अलाव जलाने के लिए कहीं भी लकड़ियों का इंतजाम नहीं किया गया है, इस कारण लोग अपने स्तर पर कूड़ा करकट बिनकर अलाव जलाकर सर्दी से बचने का जतन कर रहे हैं। इसमें लोग प्लास्टिक तक जला रहे हैं। जो पर्यावरण से जहरीला धुआं छोड़ रही है। लोगों ने बताया कि दिसंबर और जनवरी में ही कड़ाके की ठंड पड़ती है,लेकिन अलाव की व्यवस्था नहीं हो सकी है। बाजार में आने वाले राहगीरों और खासकर गरीब लोगों को ठंड में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत में इस वर्ष अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। अपने खर्चे से लोग अलाव जलाने की व्यवस्था कर रहे हैं। ऐसे में नगर प्रशासन को अलाव की व्यवस्था करना चाहिए।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**Email ID - dswopalamau@gmail.com**

**गर्म पोशाक (स्वेटर) क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा से संबंधित सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022–23 अन्तर्गत पलामू जिला अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों को गर्म पोशाक (स्वेटर) आपूर्त्ति कराने हेतु जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के पत्रांक 1521/दिनांक 03.12.2022 के द्वारा अति अल्पकालीन खुली निविदा आमंत्रित करते हुए निविदा खोलने हेतु जिला स्तरीय निविदा निस्तारण समिति की बैठक दिनांक 13.12.2022 को अपराहन 03:30 बजे से निर्धारित की गयी थी, परन्तु अपरिहार्य कारणों से जिला स्तरीय निविदा निस्तारण समिति की उक्त बैठक अब दिनांक 15.12.2022 को दोपहर 03:30 बजे से आहूत की जायेगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 284773 Social Welfare,Women and Child Development(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### लंबित पीएम आवास के मामले पर हुई विशेष चर्चा, बीडीओ ने दिये कई निर्देश

**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय के सभागार में दिन शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित मामले को जल्द पूर्ण करने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग ने किया। बैठक में चटकपुर और परहाटोली में लंबित पीएम आवास योजना के कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने हेतु बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिया। बैठक में विभिन्न योजनाओं से संबंधित विषयों पर विशेष चर्चा भी की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजुर, उप प्रमुख अभय मिंज, पंचायत सेवक प्रिसका कुजूर, साथ ही कई पंचायतों के मुखिया,उप मुखिया, पंचायत सेवक, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### हिंडाल्को कंपनी के मनमाने रवैये के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के नवाटोली में ग्रामीणों ने बैठक कर चकला कोल ब्लॉक के लिए अधिकृत मेसर्स हिंडाल्को एलॉय कंपनी के मनमाने रवैये पर एतराज जताया है। बैठक की अध्यक्षता वार्ड सदस्य सोहन लोहरा ने की जबकि संचालन आनन्द मुंडा कर रहे थे। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने कंपनी के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कंपनी क्षेत्र में मनमाने तरीके भू दलालों को आगे कर कार्य कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ग्रामीण मेसर्स हिंडाल्को एलॉय कंपनी के नीतियों का विरोध करते रहेंगे। बैठक में हरि कुमार भगत, हारून रशीद, सुरेंद्र उंराव,राजेंद्र भगत,सब्बू राजा, महरु भगत, रामचंद्र साव, रूपलाल भगत, सतीष यादव,निरंजन भगत, मदन साहू, गुनी उंराव, अनिल उंराव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ऑटो चालकों की मनमानी से आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। खासकर टेंपो चालकों की मनमानी से आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। शनिवार को शहर के बाईपास चौक में एक ट्रक ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि बाइक सवार किसी प्रकार बाल-बाल बच गया। बाइक में उसके साथ एक बच्चा भी बैठा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाईपास चौक में एक टेंपो लगे रहने के कारण यह दुर्घटना हुई है। ज्ञात हो कि शहर का बाइपास चौक अति व्यस्त इलाका है। यहां से चार रास्ते निकलते हैं और मुख्य मोड़ पर ही टेंपो लगी रहती है। इस कारण यहां अक्सर जाम लगता है और दुर्घटनाएं होती है। टेंपो चालकों की मनमानी से न सिर्फ आम राहगीर व आसपास के लोग भी परेशान है। पुलिस के लिए भी यह चुनौती है। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी से बाईपास चौक में टेंपो वालों पर लगाम लगाने एवं चौक में टेंपो नहीं लगाने देने की मांग की है।

### बीडीओ ने कई विभागों की समीक्षा की

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, जेएसएलपीएस, तेजस्विनी परियोजना के साथ अन्य विभाग की समीक्षा विभागवार किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मनरेगा से संचालित योजनाओं में शत प्रतिशत मजदूरों को डिमांड कर उन्हें रोजगार मुहैया कराने का निर्देश दिया। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लाभुकों को पहली व दूसरी किस्त की राशि लिए जाने की जांच करते हुए अधूरे आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जबकि आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में प्राप्त आवेदन को विभागवार जल्द निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। जेएसलपीएस व तेजस्विनी परियोजना से संचालित योजनाओं को धरातल पर आम आदमी तक पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ अजय कुमार सिंह, फरहत नाजनी, तेजस्विनी परियोजना के संध्या कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### बीडीओ ने नए मतदाता के घर जाकर चेक लिस्ट का किया सत्यापन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जायजा प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने शनिवार को विभिन्न गांव में भ्रमण कर लिया। इस क्रम में गिद्धौर के बूथ नंबर 173 के नए मतदाता पूजा कुमारी एवं स्वीटी कुमारी के घर जाकर चेक लिस्ट का सत्यापन किया। जबकि प्रखंड के दुआरी, गिद्धौर, बरटा सहित अन्य गांव का भ्रमण कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन भी किया। इस दौरान पर्यवेक्षक चितरंजन शर्मा, जीपीएस मिथलेश कुमार सिंह, बीएलओ सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

### स्कूली बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण

**बालुमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के धाधु पंचायत स्थिति राजकीय मध्य विधालय भैसादोन मे शनिवार को बच्चों के बीच 43 सेट ड्रेस सुवेटर जुता मौजा वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम मे विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिजेंद्र यादव, विनोद प्रजापति बिरु यादव, विधालय प्रधानाचार्य कंचन कुमार सिंह, शिक्षक मनोज यादव, पंकज यादव, ललन यादव, संयोजिका निरो देवी के अलावा कई गणमान्यजन मौजूद थे।

---

फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए मंत्री सत्यानंद भोगता

# फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल, खिलाड़ियों को स्वस्थ और अनुशासित रखने में सहायक

**चतरा के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में खेला गया फुटबॉल प्रतियोगिता**

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता शनिवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2022 (पुरुष वर्ग) के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री के आगमन पर आयोजन समिति के लोगों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। तत्पश्चात मंत्री श्री भोक्ता



ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरुस्कार राशि, शील्ड, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत श्रम मंत्री कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि है। यह उनके मन में टीम भावना और उनके बीच में सहिष्णुता की भावना विकसित करता है। फुटबॉल खेलने से शारीरिक, सामाजिक, बौद्धिक और वित्तीय रुप से खिलाड़ियों को लाभ पहुँचता है। यह खिलाड़ियों की राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज में एक अलग पहचान बनाता है। समापन समारोह में जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, खेल पदाधिकारी तुषार राय, समाजसेवी नवलकिशोर यादव, मुखिया कृष्णा दुबे, खेल संघ कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रेश शर्मा, राकेश सिंह, जितेंद्र चन्द्रवंशी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# 70 लोगों ने जमा किये बिजली बिल, 30 ने लिये नया कनेक्शन

नवीन मेल संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को प्रतापपुर पावर सब स्टेशन परिसर में विद्युत कनेक्शन एवं बलाया बिल जमा लेने हेतु शिविर लगाया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के विद्युत उपभोक्ता स्वयं उपस्थित होकर बिजली बिल जमा किए तथा घरेलू एवं व्यवसाय हेतु नया विद्युत कनेक्शन लिया। विद्युत सहायक अभियंता मंटू कुमार ने बताया कि शिविर में 30 लोगों ने नए कनेक्शन लेने के लिए आवेदन दिए और 70 उपभोक्ताओं ने बकाया बिजली बिल जमा किया। उन्होंने बताया कि शिविर रविवार को भी 10रू00 बजे से लेकर 3रू00 बजे तक लगाया जाएगा। जो लोग अपना बिल नहीं जमा कर पाए हैं या कनेक्शन नहीं ले पाए हैं वह कल आकर अपना बिल जमा कर दे और नया कनेक्शन भी ले ले।सहायक अभियंता श्री कुमार ने बताया कि घरेलू कनेक्शन 1 किलो



वाट तक का लेने पर सरकारी शुल्क 3616 रुपए और व्यवसाय के उद्देश्य कनेक्शन लेने वालों के लिए एक किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को 5956 रुपए का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। शिविर में जेई नारायण साहू, लेखापाल सुरेश कुमार, सिन्हा ऊर्जा मित्र चतरा मंटू मिश्रा, कंप्यूटर ऑपरेटर कपिलदेव प्रसाद, संतोष राणा, ऊर्जा मित्र जाहिद अंसारी लाइनमैन विजय चौरसिया धीरेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार पावर सबस्टेशन गर्मी राहुल कुमार लाइनमैन विजय चौरसिया उपस्थित थे।

# नए भवन निर्माण कार्य में बरती जा रही घोर अनियमितता : सुरेंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** टोरी जंक्शन के पश्चिम मे रेलवे कॉलोनी के लिए बन रहे भवन निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग होने की सूचना पर माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां ने भवन निर्माण स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेलवे के सरकारी भवन निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेलवे कॉलोनियों में हो रहे भवन निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। भवन निर्माण में संवेदक द्वारा मिट्टी से सना बालू एवं तीन नंबर का घटिया ईंट का प्रयोग किए जा रहा हैं। नेताओं ने बताया कि टोरी जंक्शन के पश्चिम में रेलवे कॉलोनी में पुराने भवनों को गिराकर नया भवन का निर्माण कराया जा रहा। गिराए गए पुराने भवनों का ईटा नये भवन में लगाया जा रहा है।

आगे कहा है कि भवन निर्माण में संवेदक द्वारा जब-जब अधिकारी के आने की



सूचना होती है, तब एक नंबर ईंट का प्रयोग किया जाता है। लेकिन अधिकारियों को जाने के बाद पुनः पुराने ईंट और घटिया सामग्री का उपयोग शुरू कर दिया जाता है। जितना भी भवन बनकर तैयार हुआ है इन सभी में घटिया सामान का उपयोग किया गया है। भवन निर्माण में इस तरह की घटिया सामग्री का उपयोग काफी चिंताजनक है। माकपा नेताओं ने घटिया सामग्री का जांच डीआरएम से करते हुए भवन निर्माण कराने वाले दोषी संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

# व्यक्ति के लिए आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार है : चिंतामणि

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के संयुक्त तत्वाधान में सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में संचालित अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के केंद्रीय सचिव चिंतामणि पाठक ने बताया कि किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इस अधिकार की न सिर्फ



गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा देती है। विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत में 28 सितंबर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, एचआईवी, एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत सहित अन्य विषय शामिल है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य उपेंद्र रजक ने किया। मौके पर शिक्षक राम पदारथ सिंह, करुणा कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यालय कर्मी मौजूद थे।

### मालहन मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**चंदवा।** प्रखंड के मालहन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने शनिवार सुबह जरूरतमंदों के बीच जाकर कंबल का वितरण किया। इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाकर वृद्ध काफी खुश दिखे। कंबल वितरण करते हुए मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगो को कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। लोगों ने जिस उम्मीद से मुझे मुखिया बनाया है उसपर खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। पंचायत वासियों के सुख दुख में मै हमेशा खड़ा रहूं यही मेरी कोशिश रहती है।मौके पर बालदेव गंझु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### कबाड़ चुनकर जीवन यापन करने वाले मजदूर की ठंड से मौत

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बस पड़ाव यात्रि शेड में देर रात्रि चंदन कुमार (40 वर्ष) की मौत हो गया। युवक कुड़ा करकट चुनकर अपना गुजर-बसर करता था। उसकी आकस्मिक मौत रात्रि में हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बिहार का बताया जा रहा है। साथ में रह रहे परिजन ने बताया कि बीती रात्रि आए दिन की तरह सेड में सोया हुआ था और उसकी ठंड से मौत हो गई। स्थानीय मुखिया नरेश लोहरा द्वारा बालूमाथ पुलिस प्रशासन को इस संबंध मे सूचना दिया गया उसके आधार पर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद एवं सीओ अफताब आलम के द्वारा शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया है।

जतरा मेला का आयोजन, बोले मुख्य अतिथि

# अपनी संस्कृति को संरक्षण करने की जरूरत



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के दामर सिकनी स्थित शक्ति खूंटा स्थल पर आदिवासी सांस्कृतिक सामाजिक विकास संगठन के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आदिवासी शक्ति मंच की बरखा लकड़ा (रांची) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थीं। समाहरोह में पहुंची मुख्य अतिथि का संगठन के सदस्यों के द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरखा लकड़ा ने कहा कि हम सब को अपने समाज व संस्कृति को बचाए रखते हुए क्षेत्र का विकास करना है। कार्यक्रम को महिला बेरोजगार संघ की अध्यक्ष पक्षिमी सिंहभूम जमुना टोप्पो,लातेहार जिप अध्यक्ष पूनम देवी,जिप सदस्य सरोज देवी,जितेंद्र सिंह, विकास कुमार भगत, राजनाथ उरांव,लातेहार जिप सदस्य बिनोद उंराव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रखंड प्रमुख नवाहीर उरांव कर रहे थे।

**हर क्षेत्र में कार्य कर रही संगठन : डॉ नरेश**

आदिवासी सांस्कृतिक संगठन के कोषाध्यक्ष डॉ नरेश भगत ने संगठन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य व्यापक है। संगठन अपने माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर होनहार बच्चों को पढ़ाई के लिए सहयोग कर उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद करती है। आज कई ऐसे लोग हैं जो संगठन की मदद से उच्च शिक्षा प्राप्त कर ऊंचे पद पर आसिन हुए है। संगठन का यह भी उद्देश्य है कि आदिवासीयों की कला संस्कृति बची रहे इन्ही उद्देश्यों को लेकर संगठन हरेक क्षेत्र में काम कर रही है। शक्ति खूंटा निर्माण समिति के संयुक्त कार्यक्रम के अवसर पर जतरा मेला का भी आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। स्थापना दिवस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न हिस्से से पहुंचे नृत्य मंडलियों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सासंग मुखिया पुष्पा देवी, जयराम उरांव,जागा उरांव, बाबूलाल उरांव, जितन उरांव,पंसस नीलमनी कुमारी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रेलवे के दो क्वार्टरों में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह आरओएच शेड में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थापित रणधीर कुमार और अभय कुमार के रेलवे क्वार्टर में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों रेलकर्मी आज सुबह छुट्टी से वापस अपने रेल क्वार्टर जब पहुंचे तो देखा कि उनके क्वार्टर का ताला टूटा हुआ है। उसके बाद क्वार्टर की पड़ताल की तो देखा कि क्वार्टर के अंदर कमरे में सभी सामान बिखरे हुए है। जहां इस क्रम में कमरे में रखा इन्वर्टर, साईकल के साथ-साथ नगद पैसे गहने कपड़े समेत कई जरूरी कागजात भी गायब है। चोरी की घटना के बाद जहां दोनों रेल कर्मियों के द्वारा मामले की



जानकारी अपने अधिकारियों को देने का काम किया गया। जिसके बाद पूरे मामले की जानकारी थाने में लिखित रूप से दी गई है। उधर थाना प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि मामले की शिकायत थाने में प्राप्त हुई है इसकी जांच की जा रही है और जांच के बाद दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज प्रथा को लेकर विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित अनुमंडलीय गांधी पुस्तकालय में शनिवार को दहेज प्रथा को लेकर विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अतिथि शिक्षिका ज्योति कुमारी एवं पुस्तकालय अध्यक्ष अंशुमाला मुंजनी ने कहा कि दहेज प्रथा वर्तमान भारत की सबसे बड़ी सामाजिक बुराइयों में से एक है। सभी धर्मों के सभी संप्रदायों के लोग अपने बेटे को दहेज देते हैं। कुछ संपन्न लोग इसे अपनी इच्छा और बेटी के प्रति प्यार समझते हैं। लेकिन कुछ मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए दहेज एक बोझ बन जाता है। लड़की वालों की बढ़ती हुई मांगों को पूरा करने के लिए पिता लाखों का कर्जा ले लेते हैं और इस कर्ज को चुकाने को लेकर उनकी पूरी जिंदगी निकल जाती है।दहेज प्रथा जैसी बुराई के



ऊपर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इस बारे में जागृत करने के लिए ही आज हम दहेज प्रथा पर निबंध सरल भाषा में प्रस्तुत कर रहे हैं। हमें आशा है कि दहेज प्रथा पर निबंध पढ़कर आपको भी दहेज प्रथा जैसी बुराई के उन्मूलन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर अनिता कुमारी, पुस्तकालय के कर्मचारी दीपक कुमार, ज्ञानदीप कुमार, राजन कुमार, विकास कुमार, सुनंदा कुमारी, ब्यूटी कुमारी समेत सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मजदूरी भुगतान नहीं होने से भुखमरी का दंश झेल रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मी

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** पलामू व्याघ्र परियोजना के अंतर्गत सभी क्षेत्रों के दैनिक वेतन भोगी कर्मी शनिवार को अपनी बकाया मजदूरी भुगतान व नियमित मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर मांगरा स्थित विधायक आवास पहुंचकर विधायक रामचंद्र सिंह से अपनी मांगों को रखा। विधायक ने उनकी मांगों को सुनते हुए सकारात्मक तरीके से जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दियाञ जानकारी के अनुसार पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत बेतला, छिपादोहर, गारू, महुआडांड़, मंडल, मोरवाई, सेदूप समेत पीटीआर क्षेत्र के अन्य जगहों में वनों एवं वन प्राणियों की सुरक्षा एवं संवर्धन में 350 से अधिक दैनिक वेतन भोगी वन कर्मी लगे हुए। वन



विभाग नियमित सेवा तो लेते हैं लेकिन नियमित मानदेय भुगतान नहीं करते हैं। जिससे इन कर्मियों के समक्ष भूखमरी की स्थिति कायम है। शनिवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड वन श्रमिक यूनियन के बैनर तले संगठन के महासचिव मोमिन अंसारी के नेतृत्व में पलामू व्याघ्र परियोजना क्षेत्र के सभी क्षेत्रों के 350 से अधिक दैनिक वेतन भोगी वन कर्मी वन विभाग एवं सरकार के विरुद्ध नारा लगाते हुए मंगरा स्थित विधायक आवास पहुंचे। विधायक आवास पहुंचकर सभी दैनिक वेतन कर्मियों अपनी बकाया मजदूरी भुगतान करने, नियमित मजदूरी भुगतान देने आदि मांगों को लेकर जम कर सरकार के विरोध में नारेबाजी की।

**मजदूरों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र**

मोमिन अंसारी के नेतृत्व में कर्मियों ने वन कर्मियों ने अपनी मांगों को पूरा करने हेतु एक मांग पत्र विधायक को सुपुर्द किया। मांग पत्र में मजदूरों ने कहां की उन लोगों की मजदूरी केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली 50-50 विमुक्त राशि से किया जाता है लेकिन बीते 3 वित्तीय वर्ष से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मजदूरी के नाम पर राशि विमुक्त नहीं होने से उन लोगों को मजदूरी बकाया है। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा वर्तमान सत्र में उनकी मांगों को रखा जाएगा। वन कर्मियों की मांग पर विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी मजदूरों को आश्वस्त किया कि उन लोगों की मांगों को राज्य के मुख्यमंत्री व अतिरिक्त प्रभार वन मंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा जाएगा। विधायक ने कहां का इसके अलावा 19 दिसंबर से होने वाले झारखंड विधानसभा सत्र में भी इस मामले को रखते हुए सभी मजदूरों का बकाया मजदूरी अविलंब भुगतान कराने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी,मो सईद अंसारी, डाल्टनगंज झारखंड वन श्रमिक यूनियन संघ के मोमिन अंसारी ,कामता प्रसाद यादव, शंकर मिस्त्री, अशोक कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति को लेकर हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय मे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को शत प्रतिशत पुरा कराने को लेकर लातेहार के अनुमंडलाधिकारी शेखर कुमार बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय में बैठक की । बैठक के माध्यम से शेखर कुमार ने कहा कि बालूमाथ उच्च विद्यालय से पढाई कर रहे 965 छात्र-छात्राओं का नई मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने है, जिनकी उम्र 17 वर्ष पार हो चुकी है लेकिन अब तक बहुत कम लोगो का ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार प्रखंड क्षेत्र में 17 वर्ष पार कर चुके उम्र के सभी छात्र छात्राओ को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए जल्द से जल्द आवेदन संग्रह करने और जोड़ने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, अंचलाधिकारी आफताब आलम, विद्यालय की प्राचार्य रूबी बानो गोपाल नाथ सिंह बीएलओ सरयू प्रसाद साहू संजय पाठक जयश्याम गंजू रंजू देवी कंप्यूटर ऑपरेटर नारायण कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज गैलरी

### जमीन विवाद में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला एक गिरफ्तार



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना पुलिस ने शनिवार को पुसो थाना क्षेत्र के अरको महुआटोली निवासी शनिया उरांव के 32 वर्षीय पुत्र मंगलेश्वर उरांव को जेल भेज दिया। आरोपी पर भंडरा थाना में कांड संख्या 84/22 धारा 307/452/506 भादवी एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की भंडरा थाना क्षेत्र के पोड़हा गांव में जमीन विवाद में गोली चलाने वालों में ये भी शामिल था। बता दे कि भंडरा एवं सिसई सीमांत स्थित पोड़हा डीपा टोली में अपराधियों ने फायरिंग कर गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया था। भंडरा पुलिस ने भय मुक्त करने के लिए पोड़हा गांव में कैम्प किये हए है। पुलिस इस कांड में शामिल अन्य अपराधियों को पकड़ने के लिए जुटी हुई है।

### मारपीट व गाली गलौज करने का फरार आरोपी महिला गिरफ्तार



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना कांड संख्या 41 / 2022 धारा 448,504 323,452,379,506 के तहत फरार चल रही महिला अभियुक्त जयंती देवी को शुक्रवार को कैरो थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अनुसंधानकर्ता एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला के खिलाफ 14 सितंबर 2022 को उसके गोतनी प्रमिला देवी पति दिनेश साहू ने उक्त महिला के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज व 2500 रुपये की चोरी करने का आरोप में मामला दर्ज कराई थी। जिसके बाद से ही महिला फरार चल रही थी। सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना के सहयोग से महिला के घर में छापेमारी की गई थी लेकिन पुलिस के पकड़ में नहीं आई थी। जिसके बाद से लगातार पुलिस महिला की खोजबीन में लगी हुई थी। इसी बीच शुक्रवार को कैरो प्रखंड सह अंचल अपने निजी काम से महिला पहुंची थी। जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो वहाँ पहुचकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सगे भाई भतीजे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करने की लगायी गुहार



**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के गितिलगढ़ निवासी अमानत अंसारी ने शनिवार को कैरो थाना में अपने सगे भाई देयानत अंसारी, भतीजा समसेर अंसारी, नेसाद अंसारी, शमसाद अंसारी के खिलाफ मारपीट कर जख्मी करने का मामला दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया है। लिखित आवेदन में अमानत अंसारी के द्वारा कहा गया कि मैं अपने छोटे भाई देयानत अंसारी को कर्ज के रूप में 500 रु दिया था जिसे मांगने के लिए मेरी बेटी गुलशन प्रवीण गई तो देयानत अंसारी व उसके तीन पुत्र मिलकर गाली गलौज व मारपीट करने लगे। बेटी के रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं मेरी भाभी जबिदा खातून, मेरी बहु तनुजा खातून गए तो वे सब हमलोगों के साथ भी मारपीट किये जिससे हमलोगों के हाथ, पैर, जांघ आदि जगहों में चोट आई है। कैरो थाना प्रभारी संखनाद उरांव ने बतलाया कि मारपीट को लेकर आवेदन मिला है। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल कुडू भेजा गया। मामला दर्ज करते हुए अग्रतर करवाई की जाएगी।

### भंडरा में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल सभागार में दस दिसंबर को प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूलों से आये बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मौके पर बीईईओ जयनाथ महतो ने कहा कि छोटे-छोटे आविष्कारों से ही बच्चों में बड़ी उम्मीदें बढ़ती है और आगे जाकर यही बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं। केजीबीभी की छात्रा सहिस्ता प्रवीण और पुष्पा कुमारी ने वाटर ट्रीटमेंट प्रोसेस की प्रस्तुति दी। वहीं एमएस म्कुन्दा के छात्रों ने पेरिस्कोप की प्रस्तुति दी। जमगांई के बच्चों ने गीला कचरा सूखा कचरा निपटारा, विटपी के बच्चों ने विधुत चालकता, अकाशी के छात्रों ने ऑक्सीजन साइकल, अन्य स्कूलों द्वारा सौर मंडल, टपक सिंचाई, आपकी थाली आपकी सेहत, पौधा में वृद्धि आदि की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बीपीओ रामविजय खलखो, बीआरपी, सीआरपी और संबंधित स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से हुआ घायल, एक की हुई मौत

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के पतराटोली बिजली ऑफिस के समीप बाइक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वहीं एक की मौके पर ही मौत हो गई। सभी घायलों को सामाजिक विचार मंच के सदस्यों द्वारा ऑटो के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। लोहरदगा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की तहकीकात कर रही है, फिलहाल खबर लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

### कोलेबिरा-रेस परियोजना के तहत स्वच्छ ऊर्जा के लिए जागरूकता नुक्कड़ का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा।** लीड्स द्वारा संचालित रेस परियोजना के तहत स्वच्छ ऊर्जा समाधान एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्यों से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का शुभारंभ नागपुरी लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा रेस परियोजना के डीपीएम नरेंद्र मिश्रा की अगुवाई में किया गया। नुक्कड़-नाटक के द्वारा ग्रामीणों में स्वच्छ ऊर्जा के सम्बंध में जागरूकता फैलाने के उद्देश्यों से नुक्कड़ नाटक कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगातार किया जाना है ताकि सभी स्वच्छ ऊर्जा को अपनाये। नुक्कड़ नाटक के आयोजन में लीडर्स संस्था के बी. पी.एम मनीष कुमार, दिलराज नायक, अविनाश नायक, लालबहादुर सिंह, आकाश सिंह, का भरपूर सहयोग रहा।

## सावधान : अस्वस्थ बकरे व मुर्गे काटकर लोगों में बीमारी परोस रहे हैं दुकानदार, एक्ट का हो रहा उल्लंघन



**सफाई का नहीं रखा जाता है कोई ख्याल :** जलडेगा में बकरे और मुर्गे की दुकानें सड़क के किनारे व स्थायी दुकानों से संचालित हो रही हैं। हैरत की बात यह है कि कुछ दुकानदार अस्वस्थ बकरे और मुर्गे भी काट कर लोगों में बीमारी परोस रहे हैं।

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** सहित कई स्थानीय बाजारों में नियमों की अनदेखी कर खुलेआम सड़कों पर मांस बेचा जा रहा है। इन दुकानों पर मांस को बिना ढके टांगा जाता है, जिन पर मक्खियां भिनभिनाती हैं। जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। नियमों के अनुसार, बिना अनुज्ञप्ति मांस की दुकान पर रोक है। साथ ही खुले में तो बिल्कुल भी इसकी बिक्री नहीं की जा सकती है। धड़ल्ले से चल रही ऐसी दुकानों के संचालकों पर कोई असर नहीं दिखता। बिना किसी खौफ के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मांस बिक्री का कारोबार चल रहा है। वहीं इन रास्तों से रोजाना गुजरने वाले तमाम वरीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी इससे मुंह फेर लेते हैं।

**क्या है नियम :** प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल एक्ट 1960 के तहत अवैध तरीके से मांस की दुकान लगाना और पशुओं की हिंसा करना प्रतिबंधित है। यहां तक कि इनका गलत तरीके से ढोना भी अपराध की श्रेणी में आता है। इस क्रूरता को रोकने के लिए पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन सभी को शक्तियां दी गयी हैं, लेकिन कोई इसका प्रयोग नहीं कर रहा। बिना लाइसेंस के चल रहीं दुकानों को प्रशासन कभी भी बंद करा सकता है, या सड़क किनारे से हटा सकता है। नियम यह कहता है कि बिना अनुज्ञप्ति के नहीं चले मांस दुकान, खुले में नहीं बिके मांस, दुकानों पर मांस को काले कपड़ों में ढक के रखा जाये। काटे गये जानवरों के अवशेषों को यहां-वहां नहीं फेंका जाये साथ ही औजारों को विसंक्रमित करने और जानवरों की मेडिकल सत्यापन करने के बाद ही जानवरों को काटा जाना चाहिए ताकि किसी प्रकार का संक्रमण न हो।

**क्या कहते हैं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी :** मामले पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा से बात करने पर उन्होंने कहा कि यह फूड सेफ्टी ऑफिसर की जिम्मेदारी है। वहीं जब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित तिर्की से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जानवरों से संबंधित मामले प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के जिम्मे में आता है।

### 33 वां प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का रंगारंग शुभारंभ, सुदर्शन भगत ने किया उद्घाटन, कहा

# शिक्षा से साथ खेलकूद का भी जीवन में है महत्वपूर्ण स्थान

- विद्या भारती के आठ विभागों के 38 शिशु मंदिर विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थी हुए शामिल
- विद्यालय के पुरातन छात्र और जिले के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार हुए सम्मानित



राहुल कौशल

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में तीन दिनी 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का रंगारंग शुरूआत हो गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत, विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री रामवतार नरसरिया, प्रदेश सचिव अजय तिवारी, आरएसएस के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विभाग प्रमुख अखिलेश प्रसाद समेत तीनो विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इससे पूर्व अतिथियों का परिचय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कराया तत्पश्चात विधिवत स्वागत किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत भगवान हनुमानजी के चित्र पर पुष्पार्चन व नारियल फोड़कर किया। प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में विद्या भारती द्वारा संचालित आठ विभागों जिसमे जमशेदपुर, गुमला, हजारीबाग, रांची, पलामू, साहेबगंज, धनबाद, देवघर के कुल 38 शिशु मंदिर विद्यालयों के लगभग 500 छात्र छात्राएं शामिल हुए। मौके पर उपस्थित विद्यालय के पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद जिले के विभिन्न समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत भाषण से छात्रों के भीतर देश रक्षा की भावना का संचार किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बॉक्साइट नगरी में राधा कृष्ण एवं सीताराम के स्वरूप वाले भैया बहनों के आगमन से यह धरती तीर्थ के समान बन गई है। यहां आए हुए बच्चे खेलकूद में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे और देश के भविष्य निर्माण में भावी कर्णधार बनेंगे। वही रामवतार नरसरिया ने कहा कि विद्या भारती विद्यालय केवल शैक्षणिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान है। कहा कि कार्य के प्रति समर्पण का भाव, लगन और उत्साह हो तो आत्मिक सुख मिलता है। प्रत्येक संगठन परिवार भाव से कार्य करता है। वहीं मन में जो विचार आते हैं. वह ईश्वरीय प्रेरणा है. जिसके अनुसार हम कार्य करते हैं. मन से किया गया कार्य अवश्य सफल होता है. कार्यक्रम को परिणाम तक पहुंचाने के लिए निर्णायक के रूप में मदन मोहन राय, कुणाल कुमार, संजय कुमार, संदीप कुमार, सुखनाथ सिंह, प्रसून कुमार, कामेश्वर मरांडी, सुनील कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, उत्तम कुमार सिंह शामिल हुए। तीन दिनी खेलकूद समारोह में कबड्डी, खो- खो, गोला फेंक, ऊंची कूद, रिले रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस आदि खेल आयोजित होने वाले हैं। इस मौके पर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी एवं आचार्य श्याम सुंदर कुमार, कृष्णा प्रसाद, विनोद राय, अनिल अग्रवाल, धनन्जय अग्रवाल, प्रो शशि गुप्ता, राजेंद्र खत्री, कौशल मित्तल, राजेश रंजन, प्रदीप कुमार, शोभा देवी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

#### खेल मैदान चरित्र निर्माण की होती है पाठशाला : सांसद

**बतौर मुख्य** अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने अपने संबोधन में कहा कि मैं लोहरदगा का जनप्रतिनिधि होने के नाते आप सभी को प्रांतीय खेलकूद में शामिल होने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। विद्या भारती भैया बहनों का सर्वांगीण विकास कर रही है। आज का कार्यक्रम भैया बहनों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अत्यंत रोचक बना। आप सभी अपनी प्रतियोगिताओं में खेल भावना से सम्मिलित हो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें यही मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि खेल के आयोजन से भैया-बहनों का मानसिक शारीरिक विकास होता है, वही इन प्रतियोगिताओं के कारण प्रतिभाएं निकल राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करती है। कहा कि शिक्षा से साथ साथ खेलकूद भी जीवन में बहुत आवश्यक है क्योंकि खेल से ही छात्र छात्राओं का चरित्र निर्माण होता है। खेल मैदान चरित्र निर्माण की पाठशाला होती है और चरित्र निर्माण से ही आर्दश नागरिकों का निर्माण होता है। आदर्श नागरिक ही देश की धरोहर होती है।

### चैनपुर प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि समाजसेवियों की बैठक

## जनसहयोग से पोषण किट देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी लाभ भी प्रखंड प्रशासन मुहैया करायेगी : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** प्रधानमंत्री निश्चय मित्र बनाने को लेकर चैनपुर प्रखंड में चैनपुर प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि समाजसेवियों की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि चैनपुर प्रखंड के टीबी रोगियों के लिए सभी वर्गों के लोग आपसी सहयोग से आगे आएं। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा लोगों से आगे आने की अपील के आलोक में आह्वान किया गया कि लोग सामाजिक दायित्व को आगे बढ़ाते हुए जिन मरीजों को टीबी की बीमारी है उन्हें पौष्टिक भोजन के लिए पोषण किट की व्यवस्था में अहम भूमिका निभाएं। गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले में टीबी मरीजों के सहयोग के लिए जन जागरण अभियान चालू किया है जिसमें समाज के सरकारी पदाधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी आगे आ रहे हैं। इसी के तहत चैनपुर प्रखंड के कौशल विकास केंद्र में प्रशासनिक पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि चैनपुर प्रखंड में टीबी की बीमारी से ग्रसित लोगों को अपने स्तर से गोद लेंगे एवं हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। इस दौरान लगभग 30 टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार अपने निजी खर्चे पर देने के लिए कई लोग आगे आए। इस कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि जनसहयोग से पोषण किट देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी लाभ भी प्रखंड प्रशासन मुहैया कराएगी। पीएम आवास एवं अन्य जन कल्याणकारी योजना की पात्रता यदि मरीज रखते हैं तो उन्हें प्रखंड प्रशासन इसका लाभ मुहैया कराएगा। इस बैठक में चैनपुर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजमोहन खलखो ने कहा कि टीवी बीमारी का इलाज सरकारी व्यवस्था में है इसका इलाज पूर्ण रूप से निशुल्क किया जाता है। दावा, जांच सभी सरकारी व्यवस्था में है। पोषण योजना के अंतर्गत सरकार के द्वारा 500 प्रति माह से रोगी को मिलता है। परंतु टीवी रोगियों को और भी पोस्टिक आहार चाहिए इसके लिए प्रधानमंत्री निश्चय मित्र योजना से सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्ति सहायता करते हैं इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए। इस बैठक में जिला यक्ष्मा केंद्र के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक रणधीर ने चैनपुर प्रखंड प्रशासन के द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि चैनपुर प्रखंड में जिस प्रकार पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं नागरिक टीबी मरीजों को सहायता के लिए आगे आए हैं उससे इस भरोसे को बल मिला है कि निश्चित रूप से प्रधानमंत्री द्वारा 2025 तक देश से टीबी मुक्ति के अभियान में गुमला की अहम हिस्सेदारी होगी।

## झारखंड संवेदक संघ की बैठक में संगठनात्मक पहलुओं पर हुई चर्चा



**लोहरदगा।** झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा अध्यक्ष सूरज अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें संवेदको को कार्य में हो रही परेशानियों को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। संवेदक संघ का रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द कराने की बात की गई। बैठक में 11 सदस्यों को संरक्षक मंडली मे रखा गया एवं टेंडर निष्पादित करने हेतु 7 सदस्य बनाई गई। सभी संवेदको ने झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का सहयोग करने की बात कही। संवेदक संघ का जो निर्णय होगा व सभी संवेदको को मान्य होगा। दिनांक 13/12/2022 को मुख्यमंत्री (झारखंड सरकार) के लोहरदगा आगमन पर झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा के एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूर्व की तरह 10 प्रतिशत लेस को लागू करने एवं बालू, चिप्स,पत्थर उठाव पर संवेदको को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें अवगत कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भृगुनन्दन तिवारी, भैया लाल मनोज नाथ, खालिक हुसैन, दुखहरण साहू, जहांगीर आलम, मुकेश दुबे, मेहंदी हसन, खुर्शीद खान, सुहैब खान, मजहर अहमद, जफर इकबाल, साजिद उर्फ ललन, शुडू, शमीम अहमद, अफरोज अहमद, मुन्नी लाल साहू, राजेश अग्रवाल, लाल मनोज नाथ शाहदेव, लाल विकास नाथ शाहदेव, मुन्ना अग्रवाल, श्याम किशोर साहू, राकेश साहू आदि सैकड़ों संवेदक उपस्थित थे।

### लोहरदगा में गीता जयंती पर आज निकलेगी शौर्य पथ संचलन सह शोभायात्रा

## शौर्य पथ संचलन में बड़ी संख्या में शामिल हो जिले के सनातनी भाई बंधू : डॉ टी साहू



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के द्वारा 11 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर भव्य शौर्य पथ संचलन किया जाएगा। शौर्य पथ संचलन की शुरूआत स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम से होगी जो शहर के विभिन्न मार्गों का परिभ्रमण करते हुए पुनः स्टेडियम पहुचकर सभा मे तब्दील हो जाएगी। आयोजित सभा में उपस्थित विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्हें भीतर समाज, धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्हें अंदर बौद्धिक ज्ञान को संचार किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर लिया गया है। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता दिन रात एक किये हुए है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं को विशेष मार्गदर्शन दिया गया है। शौर्य पथ संचलन में जिले के सभी सात प्रखंडों से लोग शामिल होंगे वही शहरी क्षेत्र के सभी सनातनी से विहिप बजरंग दल के लोगो ने इस शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। इधर मुख्य संरक्षक आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने कहा कि गीता जयंती पर आयोजित होने वाले शौर्य पथ संचलन सह शोभा यात्रा में शामिल होने वाले सभी सनातन धर्मावलंबियों का मैं हार्दिक रूप से अभिनंदन करता हूं, हमें अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी रखना होगा, क्योंकि समाज को तब नुकसान पहुंचने लगता है जब हम अपनी संस्कृति और धर्म से दूर जाने लगते हैं, गीता हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है, समाज को दिशा देने और नये अध्याय की शुरूआत गीता रही है, हम सभी सनातन धर्मावलंबियों को अपनी संस्कृति के लिए हमेशा एक साथ एक बैनर के नीचे रहना होगा, तभी हम अपने आने वाले कल को संरक्षित और सुरक्षित रख सकते हैं, और हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं,बस हमें किसी भी परिस्थिति में अपनी एकता को बिखरने नहीं देना है, हमें और मजबूत होने की आवश्यकता है, आज के समय में जब हमें, हमारी एकता और संस्कृति पर लगातार वार किया जा रहा है, ऐसे में हमें चट्टानी एकता के साथ जवाब देने की जरूरत है, हमें आज नहीं हमेशा एक दूसरे का सहयोगी बनना है, एक बार फिर आप सभी का इस शोभा यात्रा में हम अभिनंदन करते हैं।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की उपायुक्त ने किया बैठक, कहा-

# 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे दो पहिया वाहन से स्कूल आते हैं इसके विरूद्ध हो कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।उपायुक्त ने बैठक में नवम्बर माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही सड़क सुरक्षा को देखते हुए ऐहतियातन क्या कदम उठाये जा सकते हैं इस पर विमर्श किया गया। नवम्बर माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सारे पहुलओं की समीक्षा कर प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कहीं। विभाग के पदाधिकारियों को 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे दो पहिया वाहन से स्कूल आते है इसके विरूद्ध हेलमेट आदि की जांच अभियान चलाते हुए करवाई करने निर्देश दिया। उन्होंने एनएच के कार्यपालक अभियंता को सड़क किनारे खराब हुए क्रैसबैयिर एवं साइनेज बोर्ड आदि को ठीक करने तथा लगाने का कार्य करने का निर्देश दिया। तथा सड़क किनारे सुखे पेड़ों की कटाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पथ निर्माण विभाग को रेंगारी व केरसई रोड में हुए दुर्घटनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। हिट एंड रन से संम्बधित मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर लगातार जिले एवं सभी प्रखण्डों पर लगातार जांच अभियान चलाकर बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता रा उ पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सीएम के लोहरदगा आगमन को लेकर एसडीपीओ और झामुमो जिलाध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगामी 13 दिसम्बर को लोहरदगा में खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम आयोजित होने वाला है। इसे लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के द्वारा समाहरणालय मैदान व जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम स्थल पर पूरी तरह से तैयारी जोरो पर किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अगामी 13 दिसम्बर को सीएम हेमंत सोरेन का लोहरदगा समाहरणालम मैदान में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी के बारे में एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह एवं झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने स्थल का निरीक्षण कर पूरे वस्तुस्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इधर समाहरणालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह एवं झामुमो जिलाध्यक्ष ने आपस में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु रणनीति तैयार किया एवं कार्यक्रम में जमा होने वाली भीड़ के नियंत्रण पर भी चर्चा किया गया। मौके पर सदर थाना प्रभारी पंकज शर्मा, एएसआई संतोष कुमार, झामुमो नेता सह जिप सदस्य सुखदेव उरांव, झामुमो नेता अख्तर अंसारी, फुरकान अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मोहसीन अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर इधर भी

### कोर्ट-कचहरी से धोती-रूमाल तक

वह क्या है न कि देश में अन्याय चप्पे-चप्पे पर मिल जाता है और न्याय सदी में एक बार। यहाँ चार सेकंड में एक बच्चा जन्म लेता है और पाँचवें सेकंड में अपराध। इस हिसाब से कोर्ट-कचहरी का कम पड़ना स्वाभाविक है। गरीब किसान का मामला था। गरीब किसान के पास तीन हुनर बड़े गजब के होते हैं। एक उधारी लेकर किसानी करना, दो हर किसी के सामने हाथ जोड़े माई-बाप करना और तीन आपदा के समय आत्महत्या करने का जिगरा पालना। शायद ही दुनिया में ऐसा कोई देश होगा जहाँ का किसान ऐसा कर सकता हो। इसीलिए यूँ ही हमारा देश महान नहीं कहलाता। वह महान कहलाता है ऐसे किसानों के चलते। बहरहाल बात चल रही थी जज के फैसले के बारे में। किसान बड़ी आस के साथ जज के सामने हाथ जोड़े खड़ा था। जज ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए गरीब किसान के पक्ष में न्याय दिया। किसान को भी लगा कि सदियों में एक बार ऐसी अजीबोगरीब घटना जरूर घटती है। सो आज वह घटना घटी। जज ने कहा, दो बीघा जमीन तुम्हारी है। इसे गैर कानूनी ढंग से कब्जाया गया था। मैं फैसला सुनाता हूँ कि तुम्हारी जमीन तुम्हें दी जाए। गरीब किसान की खुशी का कोई ठिकाना न था। ठिकाना इसलिए नहीं था कि वह अपनी जमीन को अपनी जमीन कहलवाने के लिए न जाने कितने ठिकानों की धूल फाँक चुका था। अपने पक्ष में फैसला सुनकर फटी कमीज, झुकी कमर, बूढे बाल और हसरतों का पुलिंदा कहलाने वाले किसान ने कहा - माई-बाप! आज आपने यह विश्वास दिला दिया कि अभी न्याय मरा नहीं है। भगवान आपको हमारे पड़ोसी राममोहन की तरह तरक्की दे। जज ने आश्चर्य से पूछा - वैसे राममोहन क्या करता है? किसान ने कहा - करते तो कुछ खास नहीं हैं लेकिन बातें बड़ी पते की करते हैं। जब मैंने कचहरी में अपनी जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज की थी, तभी राममोहन ने मुझे सलाह दे डाली थी कि कोर्ट-कचहरी के चक्कर में क्यों पड़ते हो। जितनी की जमीन नहीं है उससे ज्यादा तो केस में लग जायेगा। दरोगा साहब को पाँच-दस हजार दे दो, मामला रफा-दफा हो जायेगा। हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा। यह सब सुन जज साहब आश्चर्चचकित रह गये। कोर्ट के भीतर सभी लोगों ने मानो ठहाके मारकर गरीब किसान की बात पर अपनी हामी भर दी थी।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

### त्रासदी की कड़ियां

भोपाल गैस कांड या भोपाल गैस त्रासदी इतिहास में भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक हादसा माना जाता है। यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी से मिथाइल आइसो साइनाइट (मिक) नामक जहरीली गैस का रिसाव हुआ था, जिसका उपयोग कीटनाशक के लिए किया जाता था। जिस टैंक का तापमान चार से पांच डिग्री के बीच रहना चाहिए था, अचानक 200 डिग्री पहुंच गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टैंक को सुरक्षित रखने के लिए प्रयोग किया जाने वाला फ्रीजर संयंत्र बिजली का बिल बचाने के लिए बंद कर दिया गया था। तापमान बढ़ने से जहरीली गैस पाइपलाइन के रास्ते निकल कर फैलने लगी। यह घटना औद्योगिक विकास के रास्ते पर चल रही दुनिया के सामने आज भी एक यक्ष प्रश्न है। अगर सतर्कता न बरती जाए तो इंसान के लिए तमाम तरह की सुख-सुविधाएं देने वाला यह रास्ता कितना खतरनाक हो सकता है, यह सैंतीस साल पहले भोपाल मे देखने को मिल गया। गैस के असर से कितने लोग मरे, कितने बीमार हुए और कितने आज तक उसके दुष्प्रभावों को झेल रहे हैं, इसकी कोई निश्चित संख्या हमारे सामने नहीं है । बात आती है जिम्मेदारी की। कंपनी अगर सावधानी से काम करती तो आज बात कुछ और होती! भले ही इस दुर्घटना के सैंतीस साल बीत गए हों, लेकिन आज तक पीड़ितों और पीड़ितों के परिजनों को इंसाफ नहीं मिल सका।

**■ विभुति बुपक्या**

# क्यों न दंडित किये जायें वोट नहीं देने वाले?

अब चुनाव आयोग को यह गंभीरता से विचार करना होगा कि कैसे सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर गंभीर या बाध्य हों। वे मतदान करना अपना दायित्व समझें। हाल ही में दिल्ली नगर निगम चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव नतीजे सही से आ गये। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई। पर निराशा इस कारण से अवश्य हुई कि इस बार दिल्ली में मतदान 47 फीसद के आसपास ही रहा। मतलब आधे से अधिक मतदाताओं ने अपना वोट डालने की आवश्यकता ही नहीं समझी। मतदान भी रविवार के दिन ही हुआ था। इसलिए उम्मीद तो यह थी कि दिल्ली वाले मतदान के लिए भारी संख्या में निकलेंगे। उस दिन मौसम भी खुशगवार था। फिर भी मतदान बेहद खराब रहा। बड़ी तादाद में मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के हक में वोट देने नहीं आए। वे जिन नेताओं और सियासी दलों को नापसंद करते हैं, उन्हें चाहे तो खारिज कर सकते थे। उन्होंने ये भी नहीं किया। चूंकि दिल्ली तो एक लघु भारत के समान है, इसलिए इस महानगर में होने वाले निगम, विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों पर सारे देश की नजरें रहती हैं। रहनी भी चाहिए! लेकिन, मतदान के बाद जब चुनाव आयोग ने बताया कि मतदान तो मात्र 47 फीसद ही हुआ तो समस्त लोकतंत्र प्रेमियों को निराशा ही हुई। कई निगम क्षेत्रों में मतदान 37 फीसद तक रहा। यह पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर मतदाता घर से क्यों नहीं निकले। दिल्ली वाले खाए,पिए,अघाए हैं। यह तो सबको पता है। इस बार दिल्ली वालों ने यह भी बता दिया कि वे राजनीति में जरूरत से कहीं कम ही दिलचस्पी लेते हैं। यकीन मानिए कि यह कोई इस तरह की बात नहीं है कि जिस पर दिल्ली गर्व करे। दिल्ली वालों के शर्म का विषय जरूर हो सकता है! कहने वाले कह रहे हैं कि हजारों दिल्ली वाले मतदान की तारीख से एक-दो दिन पहले घूमने के लिए राजधानी से बाहर चले गए थे। उन्होंने वोट देने को प्राथमिकता ही नहीं दी। उनके लिए घूमना और तफरीह करना वोट देने से अधिक अहम रहा। मतदान की तारीख से पहले एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशनों से दिल्ली वाले निकलते रहे। यह अफसोसजनक ही नहीं शर्मनाक स्थिति है। देखिए , यह तो मानना ही होगा कि जीवंत तथा स्वस्थ लोकतंत्र की पहली शर्त है कि अधिक से अधिक लोग अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करें। भारत को संसार का सबसे खास लोकतांत्रिक देशों में से एक माना जाता है। उसे अपनी इमेज को उजला करने के लिए यह सुनिश्चत करना होगा कि यहां पर कम से कम 90-95 फीसद मतदाता तो अपना वोट दें। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता कि लोग बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लें। दिल्ली जैसे महानगर की आबादी की उदासीनता किसी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसे में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लागू करने की मांग भी जायज सिद्ध होती है। हालांकि यह भी आसानी से संभव नहीं है। बहरहाल, दिल्ली में निगम चुनावों के दौरान कम मतदान को किसी भी सूरत में सही नहीं माना जा सकता है। राजधानी के नागरिकों को समझना होगा कि अगर वे सही शख्स को नहीं चुनेंगे तो उनके काम को कौन करेगा। वोट न देने वाले किस मुंह से कह सकते हैं कि देश सही से नहीं चल रहा है। उनके पास जब अपना निगम पार्षद, विधायक या सांसद चुनने का ही घंटे भर का भी समय नहीं है तो फिर उन्हें अपने देश के नेताओं पर आक्षेप करने का भी कोई अधिकार नहीं रहता। दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकतीं! किसी विशेष परिस्थिति के चलते यदि कोई वोट नहीं दे पाता तो समझा जा सकता है। मतलब बीमारी-लाचारी के कारण इंसान वोट देने से वंचित रह ही सकता है। पर अकारण वोट ना देना अक्षम्य ही माना जाएगा। मुझे समझ नहीं आता कि कैसे कुछ लोग वोट ना देने पर अपराध बोध से भी तनिक भी ग्रस्त नहीं होते। एक बात और भी महसूस हुई कि इस बार चुनाव प्रचार का पता ही नहीं चला। कुछेक जगहें अपवाद हो सकती हैं। कुछ साल पहले तक सभी बड़े दल रामलीला मैदान, सुपर बाजार, बारा टूटी, वगैरह में अवश्य सभाएं करते थे। उनमें हजारों की संख्या में लोग नेताओं के भाषणों को सुनने के लिए पहुंचती थी। यह सब अब गुजरे दौर की बातें हो गई हैं। सारा प्रचार सिर्फ सोशल मीडिया पर ही हो रहा था। दिल्ली नगर निगम चुनावों ने एक अन्य कारण से भी निराश किया। दरअसल यहां पर किसी भी बड़े दल ने किसी गैर-हिन्दी भाषी को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया। इसलिए कोई भी विजयी उम्मीदवार मराठी. तमिल, बांग्ला, तेलुगु, मलयाली, गुजराती भाषी नहीं है। ये सब दिल्ली में दशकों से रह रहे हैं और इस महानगर को समृद्ध कर रहे हैं। इन सबने दिल्ली में करीब दो दर्जन श्रेष्ठ स्कूल खोले। जिनसे लाखों बच्चों ने पढ़ाई की और वे बेहतर नागरिक बने। ये दिल्ली के खेल और बिजनेस जगत में भी अपनी छाप छोड़ते रहे।लेकिन,राष्ट्रीय दलों ने भी सिर्फ हिन्दी भाषियों को ही टिकट दिया। यहां पर पूर्वोत्तर राज्यों के लाखों लोगों की बात करना ही व्यर्थ है। उन्हें कौन दिल्ली की राजनीति में हक देता है। अब ये मत कहिए कि गैर-हिन्दी भाषियों ने स्थानीय सियासत में अपना हक नहीं मांगा। वे मांगते रहे हैं,पर एक-दो उदाहरणों को छोड़कर उनके हिस्से में निराशा ही आई है। आप 1958 से लेकर 2022 के नगर निगम चुनावों के इतिहास को देखिए। आप पाएंगे कि सिर्फ एक गुजराती भाषी यहां पर नगर निगम पार्षद बना। उनका नाम था शांति देसाई। वे मूल रूप से गुजरात से थे और दिल्ली की राजनीति में अपनी जगह बनाने में सफल रहे थे। वे साल 2000 में दिल्ली के मेयर भी रहे। वे इससे पहले दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमेन भी थे। शांति देसाई का संबंध भारतीय जनता पार्टी से था। दिल्ली नगर निगम के नए सदन में कोई ईसाई भी नहीं होगा। ईसाई दिल्ली में लाखों में हैं। इसकी तुलना में अगर आप बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के सदस्यों के नामों पर निगाह डालेंगे तो आपको वी.बी. डिसूजा तथा मरिएम्मएम एम थेवर जैसे कई नाम मिलेंगे। यानी मुंबई से दिल्ली समावेशी होना सीख सकती है। बहरहाल, ना केवल दिल्ली बल्कि देश के सभी नागरिकों को अपने मताधिकार करने को लेकर कोताही नहीं बरतनी चाहिए। क्या उन नागरिकों पर किसी तरह का दंड लगाया जा सकता है जो बिना किसी ठोस कारण के अपना वोट नहीं देते ? उन्हें किसी प्रकार की सरकारी योजना या लाभ से पांच वर्षों तक वंचित क्यों न रखा जाय?

**भारत को संसार का सबसे खास लोकतांत्रिक देशों में से एक माना जाता है। उसे अपनी इमेज को उजला करने के लिए यह सुनिश्चत करना होगा कि यहां पर कम से कम 90-95 फीसद मतदाता तो अपना वोट दें। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता कि लोग बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लें। दिल्ली जैसे महानगर की आबादी की उदासीनता किसी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसे में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लागू करने की मांग भी जायज सिद्ध होती है। हालांकि यह भी आसानी से संभव नहीं है। बहरहाल, दिल्ली में निगम चुनावों के दौरान कम मतदान को किसी भी सूरत में सही नहीं माना जा सकता है। राजधानी के नागरिकों को समझना होगा कि अगर वे सही शख्स को नहीं चुनेंगे तो उनके काम को कौन करेगा। वोट न देने वाले किस मुंह से कह सकते हैं कि देश सही से नहीं चल रहा है। उनके पास जब अपना निगम पार्षद, विधायक या सांसद चुनने का ही घंटे भर का भी समय नहीं है तो फिर उन्हें अपने देश के नेताओं पर आक्षेप करने का भी कोई अधिकार नहीं रहता। दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकतीं।**

**■ आर.के. सिन्हा**
**(लेखक वरिष्ठ संपादक व पूर्व सांसद हैं)**

# बीजेपी के पास नहीं है 'आप' की राजनीति की काट

राजधानी दिल्ली की नगर इकाई एमसीडी में आप की विजय निस्संदेह कई अर्थों में महत्वपूर्ण है। जनसंख्या की दृष्टि से दिल्ली विश्व की सबसे बड़ी नगर इकाई मानी जाती है। राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण यहां के परिणामों की प्रतिध्वनि पूरे देश में गुंजित होती है। चूंकि मुकाबले में बीजेपी थी, इसलिए भी इसके राष्ट्रीय राजनीति के निहितार्थ भी निकाले जायेंगे। 2015 और 2020 में दिल्ली विधानसभा पर संपूर्ण प्रभुत्व कायम करने के बाद आप का सपना एमसीडी को अपने हाथों में लेना था। यह सपना पूरा हुआ है तो इसके राजनीतिक मायने निकाले जाने स्वाभाविक हैं। यह पहला मौका है जब आप ने बीजेपी को पराजित किया है। अभी तक आप कहीं भी बीजेपी का वोट काटने में सफल नहीं हुई थी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा जैसे राज्यों के नतीजों से यह धारणा बनी थी कि आप बीजेपी को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सकती, लेकिन इस बार यह धारणा टूटी है। एमसीडी परिणामों ने इस बात की फिर से पुष्टि कर दी है कि आप राजनीति में धीरे-धीरे कांग्रेस का स्थान ले रही है। पहले दिल्ली विधानसभा, उसके बाद पंजाब और अब एमसीडी। यहां से आप अगले वर्ष कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ओर भी बढ़ेगी। परिणाम बता रहे हैं कि बीजेपी ने अंतिम समय तक आप को जबरदस्त टक्कर दी। 15 साल सत्ता में रहने के बावजूद मतदाताओं के बड़े वर्ग का समर्थन उसे अभी भी प्राप्त है। जनसंघ से बीजेपी तक का संगठन आधार दिल्ली में है और उसे खत्म करना संभव नहीं है। **क्या कहते हैं मत प्रतिशत :** दरअसल, एग्जिट पोल के बाद यह मान लिया गया था कि आप उसी तरह बीजेपी को साफ कर देगी, जिस तरह उसने विधानसभा चुनाव में किया था। लेकिन परिणाम ऐसा नहीं आया। आप और बीजेपी के मतों में केवल 3 प्रतिशत के आसपास का अंतर है। बीजेपी को पिछले 2017 चुनाव के समान यानी 39 प्रतिशत वोट मिले हैं। उसके मतों में गिरावट नहीं है। आप का 42 प्रतिशत वोट पिछली बार के 25 प्रतिशत से लगभग 17 प्रतिशत ज्यादा है। कांग्रेस का वोट 21 प्रतिशत से घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गया है। जाहिर है, यह वोट आप की ओर स्थानांतरित हुआ है। पहले दिल्ली विधानसभा, फिर पंजाब और अब एमसीडी- जाहिर है, कांग्रेस के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात है। बीजेपी को इस बात पर विचार करना होगा कि आखिर रणनीति में कहां चूक हो गई जिससे मतों में गिरावट न आने के बावजूद **वह बहुमत से पीछे रह गई। बीजेपी से कहां हुई गलती :** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार की अपील को जनता ने स्वीकार किया और उनको बहुमत दिया तो बीजेपी को गहराई से इस पर विचार करना ही होगा। यह तो नहीं कह सकते कि शराब घोटाले से लेकर सत्येंद्र जैन को जेल में मिली सुख-सुविधाओं का मुद्दा उठाना गलत रणनीति थी। इसका असर भी देखा गया है। किंतु किसी चीज को एक सीमा से ज्यादा खींचना उसके प्रभाव को क्षीण कर देता है। बीजेपी को यह स्वीकार करना होगा कि वह दिल्ली की स्थानीय राजनीति में अरविंद केजरीवाल का जवाब देने में अभी तक सफल नहीं है। बीजेपी के पास कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी संख्या है, जो उसके लिए तन-मन-धन लगाकर काम करते हैं। सारे सर्वेक्षण बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनका आकर्षण पूरी तरह कायम है। केंद्र सरकार के कार्यों से भी असंतोष का कोई लक्षण नहीं। इन सबके बावजूद केजरीवाल ब्रैंड राजनीति अगर एमसीडी में भारी पड़ गई तो कहना होगा कि बीजेपी के लिए गंभीर मंथन की आवश्यकता है। **राष्ट्रीय राजनीति पर असर नहीं :** हालांकि इसके मायने यह नहीं है कि राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से भी यह बीजेपी के लिए धक्का होगा। इसकी कई वजहें हैं। एक, अब अरविंद केजरीवाल दिल्ली की व्यवस्था में अपने बचाव के लिए नहीं कह सकते कि एमसीडी तो बीजेपी के पास है।

**15 साल सत्ता में रहने के बावजूद मतदाताओं के बड़े वर्ग का समर्थन उसे अभी भी प्राप्त है। जनसंघ से बीजेपी तक का संगठन आधार दिल्ली में है और उसे खत्म करना संभव नहीं है। क्या कहते हैं मत प्रतिशत : दरअसल, एग्जिट पोल के बाद यह मान लिया गया था कि आप उसी तरह बीजेपी को साफ कर देगी, जिस तरह उसने विधानसभा चुनाव में किया था। लेकिन परिणाम ऐसा नहीं आया। आप और बीजेपी के मतों में केवल 3 प्रतिशत के आसपास का अंतर है। बीजेपी को पिछले 2017 चुनाव के समान यानी 39 प्रतिशत वोट मिले हैं।**

**■ अवधेश कुमार**

## है न विचित्र बात !

### दिल्लीवालों को जीतना जरूरी

दिल्ली दिलवालों की है, पर दिल्ली के दिल और सेहत का क्या हाल है? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की एयर क्वॉलिटी लाइफ इंडेक्स 2022 की रिपोर्ट कहती है कि वायु प्रदूषण के कारण दिल्लीवालों की जीवन प्रत्याशा में नौ साल की कमी आई है। यह बात सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है। दमे और सांस के गंभीर रोगों से जूझ रहे लोगों को डॉक्टर सलाह देते हैं कि दिल्ली छोड़ दें। एससीडी चुनावों के नतीजे घोषित हो जाने के बाद इन आंकड़ों और हालात का जिक्र इसलिए कि वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण यहां सुलगते कूड़े के पहाड़ भी हैं। कूड़े के पहाड़ इसलिए हैं, क्योंकि दिल्ली की बढ़ती आबादी के मद्देनजर यहां के सॉलिड वेस्ट का बेहतर और वैज्ञानिक तरीके से मैनेजमेंट नहीं किया गया। सवाल है कि दिल्ली के नेता अब क्या करने वाले हैं? मेयर किसका हो, पावर किसके हाथ रहे, बजट को कौन खर्च करे, इस पर सियासत उलझेगी या फिर कूड़ा कैसे साफ हो, दिल्ली की धूल-गर्दा और प्रदूषण कैसे छंटे, इसे प्राथमिकता में लिया जाएगा। दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा हासिल कर चुकी दिल्ली अगले साल जब जी-20 सम्मेलन को होस्ट करेगी, क्या तब भी ऐसे ही हालात रहेंगे? कई लोग एमसीडी चुनावों के नतीजों का अपने-अपने ढंग से विश्लेषण कर रहे हैं कि किस मंत्री, सांसद और विधायक के क्षेत्र में किस पार्टी ने कैसा परफॉर्मेंस किया, किस पार्टी ने किस दूसरी पार्टी के वोट बैंक को हड़प लिया या कौन कितने ज्यादा वोटों से जीता और पार्टियों का वोट प्रतिशत क्या रहा, लेकिन दिल्लीवालों के असल सवाल ये नहीं हैं।

**■ सुधीर मिश्र**

### बजी खतरे की घंटी

अब तक केजरीवाल सरकार का भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम पर यह आरोप रहता था कि वह ठीक से काम नहीं कर रहा है और भ्रष्टाचार में लिप्त है तो वहीं भाजपा का दिल्ली सरकार पर आरोप रहता था कि राज्य सरकार उसके फंड को रोक रही है। दिल्ली नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी विजेता बनकर उभरी है। इसके साथ ही राजधानी पर आम आदमी पार्टी का पूरी तरह कब्जा भी हो गया है। अब मुख्यमंत्री के अलावा मेयर भी आम आदमी पार्टी का होगा। इसके अलावा दिल्ली के तीनों राज्यसभा सांसद भी आम आदमी पार्टी के हैं। मात्र दस साल पुरानी राजनीतिक पार्टी का इतना बड़ा राजनीतिक वजूद एक बड़ी कामयाबी है। दिल्ली की इस जीत के साथ ही अब आम आदमी पार्टी का प्रभुत्व राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन इस जीत के साथ ही आम आदमी पार्टी की चुनौतियां भी बढ़ने वाली हैं क्योंकि अब तक केजरीवाल सरकार का भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम पर यह आरोप रहता था कि वह ठीक से काम नहीं कर रहा है और भ्रष्टाचार में लिप्त है तो वहीं भाजपा का दिल्ली सरकार पर आरोप रहता था कि राज्य सरकार उसके फंड को रोक रही है और सहयोग नहीं कर रही है। लेकिन अब जबकि राज्य और निगम की सत्ता में आम आदमी पार्टी होगी तो आरोप-प्रत्यारोप की यह राजनीति खत्म हो जायेगी। अब आम आदमी पार्टी को अपने वादों पर खरा उतर कर भी दिखाना होगा। क्योंकि फिलहाल दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है और यहां की मुख्य नदी यमुना बहुत मैली हो चुकी है। जहां तक दिल्ली नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी की जीत की बात है तो माना जा सकता है कि मुफ्त बिजली और पानी दिया जाना काम कर गया है।

**■ नीरज कुमार दुबे**

# सीमा विवाद को राज्यों के भरोसे छोड़ना सही नहीं

असम व मिजोरम के बीच 164.6 किलोमीटर की अंतर-राज्य सीमा है, जिसमें असम के तीन जिले कछार, हैलाकांडी और करीमगंज, मिजोरम के कोलासिब, ममित और आइजोल जिलों के साथ सीमा साझा करते हैं। ब्रिटिश राज के समय से मिजोरम को असम के लुशाई हिल्स के रूप में जाना जाता था। असम-मेघालय सीमा पर बीते दिनों हिंसा भड़कने से कई लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गये। घटना में मेघालय के पांच और असम के एक वन रक्षक सहित कुल छह लोगों की मौत हो गई। हालांकि यह हिंसा लकड़ी की तस्करी को लेकर हुई लेकिन इन राज्यों में सीमा विवाद को लेकर भी हिंसा होना आम बात है। पूर्वोत्तर सहित देश के कई राज्यों में सीमा विवाद चल रहा है, किन्तु भौगोलिक सीमा और क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर जितना खूनी संघर्ष पूर्वोत्तर के राज्यों में हुआ है, उतना कहीं नहीं हुआ। राज्य विवादित क्षेत्र के निपटारे के लिए कानूनी या लोकतांत्रिक तरीका अपनाने की बजाय दुश्मनों की तरह जंग छेड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में जब देश चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों की चुनौतियों से जूझ रहा है, राज्यों द्वारा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की बजाय निहित स्वार्थों के वशीभूत होकर की गई कार्रवाई से एकता और अखंडता को लेकर गलत संदेश जा रहा है। विशेषकर चीन पहले ही अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जता कर विवाद खड़ा कर चुका है। देश में करीब दस राज्य ऐसे हैं, जिनमें सीमा को लेकर विवाद जारी है। इनमें पूर्वोत्तर राज्यों में सर्वाधिक फसाद है। राज्यों के विवादों को उकसाने से स्थानीय लोग हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि जिन क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर विवाद या हिंसक कार्रवाई हो रही है, उनका कोई विशेष वाणिज्यिक या दूसरा महत्वपूर्ण उपयोग नहीं है, जिससे राज्यों को किसी तरह का भारी नुकसान हो रहा हो। इसके बावजूद राज्यों की सरकारें क्षेत्रवाद के नाम पर उकसावे भरी कार्रवाई से लोगों को हिंसा की तरफ धकेल रही हैं। मेघालय से पहले अक्टूबर के पहले सप्ताह में असम का मिजोरम से विवाद हो गया था। इस विवाद की जड़ झोपड़ी रही। असम पुलिस ने दो अक्टूबर को झोफई इलाके में दो झोपडियां बनाईं। जिस स्थान पर झोपड़ियां बनाई गईं वह मिजोरम के पहले मुख्यमंत्री सी छुंगा के धान के खेत के बिल्कुल सामने मौजूद थी। हालांकि, असम पुलिस ने झोपडियां हटा लीं। दरअसल, जिसे इलाके में असम पुलिस ने झोपडियां बनाई वह विवादित क्षेत्र है। इस विवादित क्षेत्र पर दोनों राज्य सरकारों ने अच्छी स्थिति बनाए रखने पर सहमति जताई थी। गौरतलब है कि मार्च 2018 में इसी इलाके में झड़प हुई थी जब मिजोरम पुलिस के पदाधिकारियों ने वहां लकड़ी का एक मकान बनाने की कोशिश की थी। उस झड़प में 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस साल सितंबर में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सीमा मुद्दे को लेकर मुलाकात भी की थी और मंत्री स्तरीय बात जारी रखने पर सहमति जताई थी। सीमा विवाद को लेकर असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों की कई दौर की बैठकों के बावजूद कोई हल नहीं निकल पाया। सीमा विवाद को लेकर पूर्वोत्तर राज्यों का इतिहास रक्तरंजित रहा है। साल 2021 में एक दंपत्ति कछार (असल) जिले के रास्ते मिजोरम आ रहे थे। जिस समय वह लौट रहे थे तो उनकी गाड़ी में तोडफोड़ हुई। बवाल इतना बढ़ गया कि नौबत फायरिंग तक जा पहुंची। इससे पहले साल 2020 में अक्टूबर में भी दो बार असम और मिजोरम की सीमा पर आगजनी और हिंसा हुई थी। 9 अक्टूबर, 2020 को मिजोरम के दो लोगों को आग लगा दी गई थी। इसी के साथ कई झोपड़ियों और सुपारी के पौधों को भी आग के हवाले कर दिया गया था। वहीं कुछ दिन बाद ही कछार (असम) के लोगों ने मिजोराम पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस और आम लोगों पर पत्थरबाजी हुई। असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ब्रिटिश राज के समय से करीब 100 साल से चल रहा है। असम और मिजोरम के बीच 164.6 किलोमीटर की अंतर-राज्य सीमा है, जिसमें असम के तीन जिले कछार, हैलाकांडी और करीमगंज, मिजोरम के कोलासिब, ममित और आइजोल जिलों के साथ सीमा साझा करते हैं। ब्रिटिश राज के समय से मिजोरम को असम के लुशाई हिल्स के रूप में जाना जाता था। मिजोरम विद्रोह के वर्षों के बाद 1987 में ही एक राज्य बन गया था, लेकिन अभी भी राज्य ब्रिटिश काल में 1875 में तय की गई सीमा को अपना मानता है। इन दोनों राज्यों के अलावा असम-मिजोरम, हरियाणा-हिमाचल प्रदेश, लद्दाख-हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र-कर्नाटक, असम-अरुणाचल प्रदेश और असम-नागालैंड के बीच सीमा विवाद है। यहां सीमाओं के सीमांकन और क्षेत्रों के दावों के बीच विवाद है। इनमें महाराष्ट्र और कर्नाटक में सीमा के दावों को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। दोनों राज्यों की सरकारें सिर्फ क्षेत्रीय लोगों की भावनाओं को उकसाने में जुटी हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने महाराष्ट्र के 40 गांवों पर अपना दावा किया है। इसका जवाब देते हुए महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि महाराष्ट्र का कोई भी गांव कहीं नहीं जायेगा। वैसे भी सीमा विवादों का निपटारा राज्यों के स्तर पर करना आसान नहीं हैं। किन्तु ऐसे संवेदनशील मुद्दे को उछाल कर राजनीतिक स्वार्थों को पूरा करना राजनीतिक दलों का एजेंडा रहा है। राज्यों में विवाद चाहे सीमा संबंधी हों, नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर या किसी दूसरी तरह का हो, इनका निराकरण सर्वमान्य कानूनी तरीके से ही किया जाना चाहिए। ऐसे विवादों पर सहमति तभी बनेगी जब राजनीतिक चश्मे की बजाय इन्हें देशहित के नजरिये से देखा जायेगा। ऐसे मामलों में केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट पहल करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विवादों को सिर्फ राज्यों के भरोसे छोड़े जाने से हिंसक घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी।

**पूर्वोत्तर सहित देश के कई राज्यों में सीमा विवाद चल रहा है, किन्तु भौगोलिक सीमा और क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर जितना खूनी संघर्ष पूर्वोत्तर के राज्यों में हुआ है, उतना कहीं नहीं हुआ। राज्य विवादित क्षेत्र के निपटारे के लिए कानूनी या लोकतांत्रिक तरीका अपनाने की बजाय दुश्मनों की तरह जंग छेड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में जब देश चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों की चुनौतियों से जूझ रहा है, राज्यों द्वारा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की बजाय निहित स्वार्थों के वशीभूत होकर की गई कार्रवाई से एकता और अखंडता को लेकर गलत संदेश जा रहा है। विशेषकर चीन पहले ही अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जता कर विवाद खड़ा कर चुका है।**

**■ योगेंद्र योगी**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।






# लॉकडाउन में छिन गई थी रौनक, नए साल के स्वागत के लिए तैयार पिकनिक स्पॉट

पलामू में दो साल से लॉकडाउन के चलते शहर के सभी बाजारों के साथ पिकनिक स्पॉट की रौनक गायब हो गई थी। अब पाबंदियां हटने के साथ इस साल फिर से ये जगह लोगों की आवाजाही से गुलजार होने लगी हैं। शहर के करीब हर पार्क और पिकनिक स्पॉट पर आपको लोगों की रौनक नजर आएगी। खास तौर से हॉली डे के अलावा शहर के केचकी जैसे पिकनिक स्पॉट पर तो तकरीबन हर शाम लोग मस्ती करते नजर आएंगे। परिवार के साथ कहीं भी जाना काफी उत्साहवर्धक और सुरक्षात्मक होता है। नए साल को लेकर पलामू में एक दर्जन से अधिक पिकनिक स्पॉट तैयार है। अधिकतर पिकनिक स्पॉट कोयल, अमानत, सोन नदी के तटीय क्षेत्रों में है। जो कि बेतला नेशनल पार्क पलामू से सटा हुआ है। जिस कारण शहरी आबादी नए साल का जश्न मनाने के लिए बेतला का रुख करते नजर आते देखा जा सकता है। पलामू के लोग इस बार नए साल की शुरूआत के लिए नए साल के स्वागत लोग तैयार हैं। वहीं जश्न की तैयारी करहे हैं। कड़ाके की ठंड में पलामू के हसीन वादियां लोगों का स्वागत कर रही है। वहीं जगह-जगह चेकिंग अभियान की शरुआत की गई है। और सड़कों पर सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। पलामू से लातेहार सीमा पर कोयल नदी के तट पर मौजूद केचकी में औरंगा और कोयल नदी का संगम है जो डालटनगंज से लगभग 24 किलोमीटर की दूरी पर है। मेदिनीनगर में अमानत और कोयल नदी का संगम मेदिनीनगर से सिर्फ 10 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद है। वहीं पलमू के एक और पिकनिक स्पॉट भीम चूल्हा जो मोहम्मदगंज में मौजूद कोयक बाराज के पास है। भीम चूल्हा का ऐतिहासिक महत्व है। यहां ट्रेन से आसानी से पंहुचा जा सकता है। हरिहरगंज का बटाने डैम है बड़ा पिकनिक स्पॉट है। हुसैनाबाद अनुमंडल का सोन नदी इसका तटीय क्षेत्र है जो पिकनिक का बड़ा स्पॉट है। पलामू में पिकनिक की बात जब हो, तो क्या कहना है। बच्चे तो अक्सर बाहर घूमते ही रहते हैं। कभी स्कूल की तरफ से तो कभी कॉलेज की ओर से। लेकिन मां-बाप जिन्दगी की भागा-दौड़ी में खुद के लिए जीना ही भूल जाते हैं। ऐसे में हम परिवार के साथ पिकनिक मनाने के बहाने ही सही, उन्हें थोड़ा खुश होने का मौका बच्चे के लिए दे सकते हैं। आखिरकार, वह दिन आ गया। हम सभी अपने घर से पिकनिक के लिए निकल जाए। कार में पूरे समय हम सिर्फ उसी के बारे में बात कर रहे होते हैं। परिवार के साथ पिकनिक को लेकर परिवार का हर सदस्य बहुत उत्साहित होंगे। चूंकि यह सम्पूर्ण परिवार का पहला सामूहिक प्लान था। इसलिए हम सभी लोग बिलकुल अलग रूप में देखेंगे। पिकनिक जीवन के सबसे सरल सुखों में एक सुखद समय बिताने और परिवार के साथ कुछ गुणवत्ता समय बिताने का सबसे शानदार तरीका है। मुझे पारिवारिक पिकनिक बहुत पसंद है क्योंकि यह मुझे अपने परिवार के सदस्यों के साथ अधिक मेल खाने की संभावना देता है। जब कोई पिकनिक की बात करता है तो कोई भी युवा या प्रौढ़ नहीं होता है। हम सभी बच्चों की तरह व्यवहार करते हैं और आनंद लेते हैं। यह मेरे परिवार के सदस्यों के मनोरंजक व्यक्तित्व को देखने का एक सुखद तरीका है। कई वर्षों से हम लॉकडाउन में घरों में ही बताए पलों को लोग अब ऐसी जगह पर खुलकर जी रहे हैं। परिवार के साथ यहां पर बोटिंग से लेकर सर्दी के मौसम में धूप सेंकने तक के खास पल लोग बिताते मिलेंगे। वहीं अमानत नदी, नगर निगम डाल्टेनगंज मानसरोवर पार्क, सिटी पार्क, टाउन पार्क में भी आपको फैमिली अपनों के साथ समय गुजारते मिलेंगे। शहरवासी अब परिवार के साथ पार्कों में मस्ती करने पहुंचने लगे हैं।



❖ कुमारी रिया

## नव वर्ष 2023 के स्वागत के लिए लोग तैयार



नया साल का जश्न पलामू शहर में बधाई के साथ मनाया जाएगा। लोगों ने जहां घरों और होटलों में कार्यक्रम रखे तो वहीं पिकनाट स्पॉट पर भी लोगों की भीड़ उमड़ने की सम्भावना है। तमाम पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की भीड़ देखी जा सकती है। लोग नए साल का दिल खोल कर स्वागत करेंगे। वहीं पार्क में सबसे ज्यादा बच्चे मस्ती करते नजर आ रहे हैं। नए वर्ष को लेकर पिकनिक स्पॉट गुलजार नजर आएंगे। यहां सैलानी अपने परिवार के साथ फुल टू मस्ती में डूबते हुए नजर आएंगे। पलामू के तमाम पिकनिक स्पॉट सैलानियों के चहल-पहल से गुलजार हो गए हैं। हर कोई नए साल का स्वागत दिल खोलकर कर रहा है। बच्चे, बूढ़े, युवा सभी नए साल के जश्न में डूबे होने की सम्भावना है। नव वर्ष 2023 के स्वागत की तैयारी को लेकर लोगों में उत्साह दिसंबर माह से ही शुरू हो गया। नव वर्ष मनाने के लिए लोग बजट के अनुसार साल के पहले सप्ताह से ही खरीदारी कर ली जा रही है। हालांकि दिसंबर माह होने के कारण अधिकांश कामकाजी लोगों ने छुट्टी के दिन का फायदा उठाते खरीदारी कर रहे हैं। युवाओं की टोली जगह-जगह पिकनिक मनाते देखी जा सकती है। नव वर्ष के स्वागत के तौर-तरीके में बदलाव सा आने लगा है। रात के 12 बजते ही जगह-जगह आतिशबाजी की आवाज के बीच हैप्पी न्यू ईयर की शुभकामना व्हाट्सएप, एसएमएस व मोबाइल से आने लगते हैं। सर्द मौसम के बीच पिकनिक स्पॉट जैसे कई लोगों ने टोली के साथ आसपास के जंगलों में जाकर खुशी का इजहार करते वनभोज का आनंद लिया। लोगों में खुशी की लहर अभी से ही नजर आ रहे हैं।

❖ ओम प्रकाश उर्फ डब्लू

## बेतला नेशनल पार्क पिकनिक स्पॉट में अभी से सैलानियों की भीड़

नए साल के स्वागत के लिए तैयार है। पलामू का पिकनिक स्पॉट नए साल को लोकर पलामू में एक दर्जन से अधिक पिकनिक स्पॉट तैयार है। अधिकतर पिकनिक स्पॉट जैसे बेतला नेशनल पार्क में सैलानियों की उमड़ रही भीड़ के शान कहे जाने वाले बेतला नेशनल पार्क में सैलानियों का आगमन शुरू हो गया है। यहां पर खाना पकाना सख्त मना है। सैलानी केचकी संगम तट पर खाना पकाकर बेतला नेशनल पार्क में खाते हैं। बेतला नेशनल पार्क के अंदर खाना पकाना मना है। बेतला नेशनल पार्क के अंदर स्थित एक सुंदर तालाब है और यह तालाब कमल के फूलों से भरा हुआ है। इसलिए इस तालाब को कमलदह तालाब के नाम से जाना जाता है। तलाब में आने तक का रास्ता कच्चा है। तालाब के पास ही एक व्यूप्वाइंट बनाया गया है, जहां से आप जंगल का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यहां आकर बहुत अच्छा लगता है और आपको यहां पर जरूर घूमने के लिए आना चाहिए। तलाब में सफेद और लाल रंग के कमल के फूल लगे हुए हैं। तालाब का पानी गहरा है इसलिए तालाब में उतरने की मना ही है। आप दूर से तालाब को देख सकते हैं। किले की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। यह किला घने जंगल के अंदर स्थित है। इस किले तक आने के लिए थोड़ा बहुत खराब रास्ता है। अगर आप पुरानी जगह देखने में इंटरेस्टेड रहते हैं, तो आप इस किले में घूमने के लिए जा सकते हैं। यह किला बहुत बड़ी एरिया में फैला हुआ है। यहां पर दो किले है। यह दोनों किले ही प्राचीन है। मगर इनमें से एक किला ज्यादा पुराना है। उसमें अनेक भव्य बाजार थे और उसकी रक्षा के लिए दो मजबूत किले थे। ये किले ईंट-पत्थर के बने थे। उनके डेढ़ मीटर चौड़े बाहरी दीवारों में जगह-जगह तोप के गोलों के निशान हैं। नए किले में सुंदर नक्काशीवाला बड़ा फाटक था जिसे नागपुरी द्वार कहते हैं। दोनों किलों में गहरे कुंए थे, जिससे किले में शरण ली हुई सेना को पानी की कमी नहीं होती थी। किले के बगल से ओरंगा नदी बहती थी और किले के चारों ओर ऊंची पहाड़ियां और घने जंगल है। यह पलामू किले दिन पर दिन खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। अभी आपको यहां पर किले की दीवार, प्रवेश द्वार, खिड़कियां, कहीं-कहीं पर सुंदर नक्काशी देखने के लिए मिल जाएंगी। यह किला ईट और बड़े-बड़े शीलाखंडों से बने हुए हैं। इस किले के पास में ही औरंगा नदी बहती है। औरंगा नदी का दृश्य यहां पर देखने लायक है। आप औरंगा नदी में जाकर पिकनिक भी बना सकते हैं। यह किला चारों तरफ से हरियाली से घिरा हुआ है। यहां पर आकर आप पिकनिक पर आ कर बहुत अनुभव ले सकते हैं। नए साल की खुशी में कई स्थानों पर पार्टी आयोजित की जाती है जिसमें नाच-गाना और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ-साथ मजेदार खेलों के जरिए मनोरंजन किया जाता है। कुछ लोग धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर ईश्वर को याद कर नए साल की शूरूआत करते हैं।

❖ गुड्डू कुमार

## पलामू किला पर्यटकों की पहली पसंद

पलामू का किला, पलामू का टूरिस्ट प्लेस हीं नहीं बल्कि नए साल यह किला पलामू जिले का एक प्राचीन स्थल है। यह झारखंड पलामू में स्थित है और इसका नाम पलामू किला है। बता दें कि यह किला राजवंशों के राजाओं की देन है। हालांकि, वर्तमान समय में यह किला बहुत ही खास्ता हालत में है लेकिन आज भी यह क्षेत्र की शान और पर्यटकों का प्रमुख केंद्र है। साथ ही, कहा जाता है कि यह किला नजाने कितनी कहानियों का गवाह है। यह किला झारखंड के सबसे प्राचीन किलोंमें शामिल है, जिसे 'पुराना किला' और 'नया किला' के नाम से भी जाना जाता है। वहीं, कई स्थानीय लोग इसे 'चलानी किला' भी कहते हैं। कहा जाता है कि इस किले को राजा मेदिनी राय ने बनवाया था और यह चेरो राजवंश के राजाओं की देन है। इसके अलावा, कहा जाता है कि इस किले का काफी ऐतिहासिक महत्व रहा है। जिसका निर्माण दुश्मनों से रक्षा करने के लिए करवाया गया था। आसपास दो किले हैं कहा जाता है कि मैदानी इलाकों में मूल किला और दूसरे से सटे पहाड़ी पर चेरो वंश के राजाओं का किला है। इस किला को लगभग 3 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में बनाया गया है। इसमें 7 फीट चौड़ाई वाले तीन द्वार भी बनाए गए हैं। यहां नए साल आते हैं लोगों को भीड़ उमड़ जाती है साथ हीं अलग-अलग क्षेत्रों में भी नए साल की शुरूआत अलग-अलग समय होती है। लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी से नए साल की शुरूआत मानी जाती है। चूंकि 31 दिसंबर को एक वर्ष का अंत होने के बाद 1 जनवरी से नए अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष की शुरूआत होती है। इसलिए इस दिन को पूरी दुनिया में नया साल शुरू होने के उपलक्ष्य में पर्व की तरह मनाया जाता है। चूंकि साल नया है, इसलिए नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य, नए आईडियाज के साथ इसका स्वागत किया जाता है। नया साल मनाने के पीछे मान्यता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो साल भर इसी उत्साह और खुशियों के साथ ही बीतेगा। हालांकि हिन्दू पंचांग के मुताबिक नया साल 25 दिसम्बर के साथ 1 जनवरी से शुरू नहीं होता। हिन्दू नववर्ष का आगाज गुड़ी पड़वा से होता है। लेकिन 1 जनवरी को नया साल मनाना सभी धर्मों में एकता कायम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। क्यों इसे सभी मिलकर मनाते हैं। 31 दिसंबर की रात से ही कई स्थानों पर अलग-अलग समूहों में इकट्ठा होकर लोग नए साल का जश्न मनाना शुरू कर देते हैं और रात 12 बजते ही सभी एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं देने के साथ नया साल एक नई शुरूआत को दशार्ता है और हमेशा आगे बढ़ने की सीख देता है। पुराने साल में हमने जो भी किया, सीखा, सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जिस प्रकार हम पुराने साल के समाप्त होने पर दुखी नहीं होते बलकि नए साल का स्वागत बड़े उत्साह और खुशी के साथ करते हैंञ। उसी तरह जीवन में भी बीते हुए समय को लेकर हमें दुखी नहीं होना चाहिए। जो बीत गया उसके बारे में सोचने की अपेक्षा आने वाले अवसरों का स्वागत करें और उनके जरिए जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश करें।



❖ वेद प्रकाश

पलामू में ठंड का मौसम आते ही लोग पिकनिक का प्लान शुरू कर देते हैं। दिसंबर से पिकनिक की शुरूआत हो जाती है, जो फरवरी-मार्च तक चलती है। लोग परिवार व दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जाते हैं। ऐसे में अच्छे से अच्छे पिकनिक स्पॉट की तलाश की जाती है। यदि आप पलामू में पिकनिक करना चाहते हैं तो कई मनमोहक पिकनिक स्पॉट हैं जो सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। केचकी, पलामू किला, लोध फॉल पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। केचकी संगम स्थल पलामू जिले का एक मुख्य दर्शनीय स्थल है। यहां पर आपको औरंगा और कोयल नदी का संगम स्थल देखने के लिए मिलता है। यह संगम स्थल बहुत सुंदर है। यहां पर घना जंगल है। यहां पर आपको नदी का सुंदर किनारा देखने के लिए मिलता है। साथ ही पलामू झारखंड का एक मुख्य जिला है। पलामू झारखंड की राजधानी रांची से करीब 190 किलोमीटर दूर है। पलामू जिले का मुख्यालय डाल्टनगंज है। पलामू जिले के बीच से कोयल नदी बहती है। कोयल नदी शहर के किनारे बहती है। यह दोनों नदियां नॉर्थ कोयल नदी की सहायक नदी है। पलामू जिला झारखंड राज्य में, झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा में स्थित है। पलामू जिले में आप सड़क के माध्यम से पहुंच सकते हैं। पलामू जिले का अधिकांश क्षेत्र जंगलों से घिरा हुआ है। पलामू जिले में घूमने के लिए बहुत सारी जगह है। बेतला राष्ट्रीय उद्यान पलामू जिले के पास घूमने का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह राष्ट्रीय उद्यान पलामू जिले में बेतला नाम की जगह पर स्थित है। यहां पर बहुत सारे जंगली जीव देखने के लिए मिल जाते हैं। यहां पर आप सफारी का मजा ले सकते हैं। यह झारखंड का सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान है। यहां पर बाघों का संरक्षण किया गया है। यह राष्ट्रीय उद्यान बहुत सुंदर है। यहां पर आप को हरा भरा जंगल, नदी, पहाड़, पुराने किले, जंगली जानवर, तालाब देखने के लिए मिलते हैं। बेतला राष्ट्रीय उद्यान में ट्रीहाउस बना हुआ है, जहां पर आप ठहर सकते हैं। इस ट्री हाउस में ठहरने के लिए चार्ज लिया जाता है। यहां सफारी के लिए, आप बुकिंग ऑनलाइन ही कर सकते हैं। यहां पर आपको जीप सफारी और एलिफेंट सफारी का लुफ्त उठाने के लिए मिलता है। यह राष्ट्रीय उद्यान बहुत बड़े एरिया में फैला हुआ है। इस राष्ट्रीय उद्यान से औरंगा नदी बहती है, जिसका दृश्य देखने लायक रहता है।

**पलामू झारखंड का एक मुख्य जिला जहां कई मनमोहक पिकनिक स्पॉट**

यहां पर आप बाघ, बंदर, भालू, नीलगाय, सियार, सिविट, चीता, हिरण, हाथी, चौसिंगा, नीलगाय, भेड़िया, जंगली बिल्ली, देखने के लिए मिल जाते हैं। यहां पर आप पक्षियों की भी बहुत सारी प्रजाति देख सकते हैं। यहां पर पालतू हाथी और हिरण देखने के लिए मिल जाएंगे। यहां पर कैंटीन और रहने के लिए अन्य सुविधा मिल जाती है। जंगल के अंदर वॉच टावर बना हुआ है, जहां से आप पूरे जंगल का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। बरसात में यह जगह हरियाली से घिर जाती है। यहां आ कर बहुत आनंद आता है। यह पलामू में घूमने की सबसे अच्छी जगह है। इस जगह पर आप आकर एंजॉय कर सकते हैं। यहां पर वन विभाग की तरफ से एक विश्रामगृह भी बनाया गया है। इस जगह को झारखंड टूरिज्म विभाग द्वारा डवलप किया गया है। यहां रेत का सुन्दर किनारा है। यहां आकर अच्छा लगता है। यह संगम स्थल बहुत ही महत्वपूर्ण है। साथ ही इन जगहों पर लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। पिकनिक स्पॉट पर खुशियां मनाने के लिए लोग बाजे-गाजे के साथ आते हैं। दिसंबर से ही इन के पिकनिक स्पॉट पर बंगाल, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अन्य जगहों से सैलानी आते हैं। पलामू के पिकनिक स्थल लोगों के स्वागत को तैयार हैं। महिलाओं और बच्चों की पहली पसंद है केचकी पार्क ठंड के मौसम में केचकी पार्क में खुला जगह होने, पार्क में खाना बनाने और खाने की व्यवस्था के करण यह पार्क महिलाओं और बच्चों की पहली पसंद है।

❖ ओपी

## पलामू में कई पर्यटक स्पॉट सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं

पलामू में कई ऐसे किले हैं, जो न सिर्फ ऐतिहासिक हैं बल्कि उनका इतिहास भी काफी प्राचीन है और इनमें से कुछ किले ऐसे भी हैं, जिनके बारे में लोगों को मालूम ही नहीं है कि उनका क्या इतिहास है और उनकी क्या ऐतिहासिक पृष्ठभूमि रही है। क्योंकि पलामू के कई किले आजादी, साहस, बलिदान और प्राचीन प्रतिमा के साक्ष्य के तौर पर पूरे झारखंड में जाने जाते हैं। ऐसा ही एक पलामू किला है। जो पलामू शहर का सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक किला रहा है। साथ ही पलामू के अन्य प्रसिद्ध पर्यटन स्थान भीम चूल्हा पलामू के भी ऐतिहासिक रहा है। पलामू के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में भीम बराज के तट पर स्थित भीम चूल्हा अब पिकनिक स्पॉट बन गया है। इस जगह का महत्व महाभारत काल से जुड़ा है। भीम चूल्हा और पांडवों व कुंती के पैरों के निशान देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। पलामू के प्रसिद्ध भीम चूल्हा को देखने दूर-दरज से लोग आते हैं। सैलानियों के झुकाव को देखते हुए पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया गया है। यहां का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। मान्यता है कि पांडव 14 साल की गुमनाम होने की अवधि में यहां रहे थे। भीम चूल्हा के पत्थरों पर आज भी पांडवों व माता कुंती के पैरों के निशान मौजूद हैं। जिसे देखने लोग आते हैं। भीम चूल्हा पर पर्यटकों के रूझान को देखते हुए जिला प्रशासन ने पिछले 2-3 सालों में इसे और विकसित किया है। यहां पांचों पांडव व कुंती की प्रतिमा बनाई गई है। साथ ही पत्थरों पर पड़े पांडवों व माता कुंती के पैरों के निशान को शीशे के फ्रेम से सुरक्षित किया गया है। भीम चूल्हा पर एक बड़ी सी कड़ाही रखी गई है। यहां तरह-तरह के पेड़-पौधे लगाकर इस जगह और खूबसूरत रूप देने की कोशिश की गई है। बराज के पानी और आसपास की वादियों को ऊचाई से देखने के लिए एक टावर का निर्माण कराया गया है। इसके साथ और भी कई पिकनिक स्थल लोगों के स्वागत के लिए जैसे राजहरा कोलियरी डैम पलामू, कोयल और अमानत नदी संगम पलामू, चीयांकी पहाड़ शिव मंदिर पलामू, चियांकी पार्क पलामू, शाहपुर का किला पलामू, रानीताल डैम चैनपुर ब्लॉक पलामू, नये साल के नजदीक आने के साथ ही पलामू के पिकनिक स्थल लोगों के स्वागत को लेकर तैयार हैं। पलामू में बच्चों की पहली पसंद है केचकी पार्कपलामू ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। आप पलामू किले की सैर सुबह 10 बजे से शाम के 6 बजे तक कर सकते हैं। साथ ही, ये किला सप्ताह के सातों दिन खुला रहता है। आप किसी भी दिन इस किले की सैर कर सकते हैं। इस किले की सैर करने के बाद यकीनन आपको बहुत अच्छा लगेगा। यह व्यापक रूप से अपनी प्राचीन खूबसूरत वास्तुकला के लिए जाना जाता है। इस किले की खासियत ये है कि आप इस किले को देखने के साथ-साथ कई ऐतिहासिक चीजों से रूबरू होंगे। जैसे- आपको इस किले के आसपास पहाड़ी मैदान मिलेंगे। साथ ही, इस किले के अंदर कई वॉर टॉवर भी मौजूद है। आप यह भी देख सकते हैं। आप इस किले को घूमने के अलावा स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

❖ वेद प्रकाश

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### अब अमेरिकी राष्ट्रपति का भाषण हिंदी में भी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के भाषण हिंदी में भी मिल सकता है। अमेरिका की घरेलू राजनीति में एशियाई-अमेरिकियों की बढ़ती प्रभावशाली भूमिका को देखते हुए राष्ट्रपति द्वारा गठित एक आयोग ने व्हाइट हाउस से आग्रह किया है कि बाइडन के सभी भाषणों का हिंदी और क्षेत्र की कई अन्य भाषाओं में अनुवाद किया जाये जो अधिक से अधिक अमेरिकियों द्वारा बोली जाती हैं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति द्वारा दिये गये भाषण केवल अंग्रेजी में उपलब्ध हैं और इस प्रकार 2.51 करोड़ से अधिक सीमित अंग्रेजी जाननेवाली आबादी के लिए दुर्गम हैं। वर्तमान में बाइडन के भाषणों का अनुवाद उनकी भाषाओं में नहीं किया जा रहा है। एशियाई-अमेरिकियों, मूल निवासी हवाई और प्रशांत द्वीप समूह (एनएचपीआई) पर राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग ने इस सप्ताह अपनी बैठक के दौरान यह सिफारिश की।

### दिन दहाड़े घर में घुसकर 24 वर्षीय महिला को जबरन उठा ले गयी भीड़



**हैदराबाद (एजेंसी)।** देश में लोगों की गुंडगर्दी किस कदर बढ़ गयी है इसका हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। दरअसल, तेलंगाना में हैदराबाद के पास रंगा रेड्डी जिले के आदिबाटला गांव में एक महिला को करीब 50 से ज्यादा लोग दिनदहाड़े घर से उठा कर ले गए। महिला कथित रूप से एक डॉक्टर बतायी जा रही है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। इस मामले में स्थानीय मीडिया की तरफ से बताया है कि पुलिस द्वारा एक घंटे के ऑपरेशन के बाद उसे बचाया गया। समाचार एजेंसी के अनुसार, महिला को उसके ही घर से अगवा किया गया था। महिला के माता-पिता ने कथित तौर पर आरोप लगाया है कि लगभग 100 युवक उनके घर में घुस आये और उनकी बेटी वैशाली को जबरन उठा ले गए। वीडियो में कम से कम 50 से भी ज्यादा लोगों को देखा जा सकता है। जिसमें से कुछ लोग घर में तोड़फोड़ भी कर रहे हैं और कार की खिड़कियां तोड़ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने अभिभावकों से बात कर उनसे जानकारी ली लेते हुए बताया कि यह निश्चय ही एक गंभीर अपराध है हमने धमकी देने से संबंधित आईपीसी की धारा-307 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जिसकी जांच चल रही है।

## चक्रवात 'मैंडूस' का असर, तमिलनाडु समेत दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश

**हैदराबाद (एजेंसी)।** चक्रवाती तूफान मैंडूस ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में मामल्लपुरम (महाबलीपुरम) के करीब उत्तरी तमिलनाडु तट को छू लिया है। चक्रवाती तूफान का असर दोनों तेलुगु भाषी राज्य तेलंगाना व आंध्र प्रदेश के साथ राजधानी हैदराबाद पर भी पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार हैदराबाद में शनिवार व सोमवार के बीच बारिश की संभावना है। मैंडूस नामक तूफान ने नौ दिसम्बर को भारतीय समय के मुताबिक रात करीब 11:30 बजे और 10 दिसम्बर को 01:30 बजे पर उपरोक्त हिस्सों को पार कर लिया है। इस दौरान 65 से 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाएं 85 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गयी थी। मैंडूस अरबी भाषा का शब्द है और इसका अर्थ है खजाने की पेटी (बॉक्स) और यह नाम संयुक्त अरब अमीरात द्वारा चुना गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह पिछले छह घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तरी तमिलनाडु में एक गहरे दबाव में बदलकर कमजोर पड़ गया है।

## घाटी में बारिश, बर्फबारी और ठंड से मिली राहत

**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पर्यटन स्थल गुलमर्ग को छोड़कर घाटी के सभी जगहों पर रात का तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया है। कश्मीर के कुछ हिस्सों में बारिश और हल्की बर्फबारी होने से यहां के निवासियों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में कई डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। गुलमर्ग और गुरेज में ताजा हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 0.9 मिमी, काजीगुंड में 2.6 मिमी, पहलगाम में 2.3 मिमी, कुपवाड़ा में 5.5 मिमी और कोकेरनाग में 5.6 मिमी बारिश हुई है। कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार



काजीगुंड कस्बे में तापमान .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग में रात का तापमान माइनस 2.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में रात का तापमान पिछली रात के 1.1 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तथा दक्षिण कश्मीर के पहलगाम हिल रिजॉर्ट में तापमान कल रात 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अधिकारियों ने शनिवार सुबह मुख्य रूप से ऊंचाईवाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर बर्फबारी की भविष्यवाणी की थी। भूतल परिवहन में अस्थायी व्यवधान हो सकता है, कश्मीर में बादल छाये रहेंगे। मौसम विभाग ने कहा कि 11 दिसम्बर से 10 दिनों तक मुख्य रूप से मौसम शुष्क रहेगा, साथ ही छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात होगा। किसी बड़े हिमपात का पूर्वानुमान नहीं है तथा रविवार से गर्म दिन और ठंडी रातें होने की उम्मीद है।

## लंबे समय तक चलनेवाले युद्धों के लिए रहना होगा तैयार


**○ रूस-यूक्रेन वॉर पर बोले वायुसेना प्रमुख- युद्ध क्षेत्र पर वायु श्रेष्ठता की आवश्यकता महत्वपूर्ण**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी ने कहा कि पहले हम छोटे और तेज युद्ध के लिए खुद को तैयार करते थे, लेकिन अब लंबे समय तक चलनेवाले युद्धों के लिए तैयार रहने का समय है। एयर चीफ मार्शल इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि आखिरकार रूस के साथ ऐसा क्या हुआ, जो यूक्रेन की तुलना में अधिक मजबूत होने के बावजूद युद्ध को अंजाम देने में विफल रहा। रूस-यूक्रेन युद्ध के सबक पर जोर देते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि युद्ध क्षेत्र पर वायु श्रेष्ठता की आवश्यकता महत्वपूर्ण है, लेकिन युद्ध में एक उद्देश्य का चयन नहीं देखा गया।



वायु सेना प्रमुख ने 21वीं सदी में युद्ध लड़ने को लेकर कहा, 'लक्ष्य का चयन और रख-रखाव, संघर्ष समाप्ति मानदंड और उचित रणनीति के साथ तकनीक का इस्तेमाल जैसी कुछ चीजें महत्वपूर्ण हैं।' एक बातचीत में वायु सेना प्रमुख ने मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यूएवी ड्रोन की तरह विवादित वायु रक्षा क्षेत्रों में कम उपयोगी होते हैं। हालांकि, एयरफोर्स आत्मनिर्भर भारत के तहत ड्रोन शामिल करेगी। वायु सेना प्रमुख ने आगे कहा कि लड़ाकू विमानों को लेकर कहा कि हम तकनीक और क्षमता के अंतर से समझौता किये बिना स्वदेशी प्रोडक्शन पर ध्यान केंद्रित करते रहेंगे। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि हम स्पेस ऐप्लिकेशन की मदद से एयर पावर को एयरोस्पेस पावर में बदलने के पक्षधर हैं, जो नेविगेशन, पोजिशन और टाइम मैपिंग में काफी मददगार है।

### उच्चतम न्यायालय ने कहा- सेना अपना घर करे दुरुस्त



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सेना से कहा कि वह अपना घर दुरुस्त करे और उसे लगता है कि यह उन महिला अधिकारियों के लिए निष्पक्ष नहीं रही है, जिन्होंने 2020 में शीर्ष अदालत के निर्देश पर स्थायी कमीशन दिए जाने के बाद पदोन्नति में देरी का आरोप लगाया है। चीफ जस्टिस डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा की पीठ 34 महिला सैन्य अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि सेना में लड़ाकू और कमांडिंग भूमिकाएं निभाने के वास्ते पदोन्नति के लिए जूनियर पुरुष अधिकारियों पर विचार किया जा रहा है। पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि आप (सेना) इन महिला अधिकारियों के प्रति निष्पक्ष नहीं रहे हैं। हम मंगलवार को एक स्पष्ट आदेश पारित करने जा रहे हैं। बेहतर होगा कि आप अपने 'घर को दुरुस्त' करें और हमें बतायें कि आप उनके लिये क्या कर रहे हैं। सबसे पहले, उन पुरुष अधिकारियों के परिणामों की घोषणा न करें जिन पर अक्टूबर में (प्रमोशन के लिए) विचार किया गया था, जब तक कि आप उनके (महिलाओं के) परिणामों की घोषणा नहीं करते। पीठ ने केंद्र और सशस्त्र बलों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन और वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन से पूछा कि उन्होंने अक्टूबर में पदोन्नति के लिए इन महिला अधिकारियों पर विचार क्यों नहीं किया। पीठ ने आदेश पारित करने के लिए याचिका को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया। जब केंद्र के विधि अधिकारियों ने कहा कि वे महिला अधिकारियों के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमारा मतलब जैन (एएसजी) और कर्नल बाला (वरिष्ठ वकील) से है। मैं आपके संगठन के बारे में निश्चित नहीं हूं। एएसजी ने कहा कि सैन्य प्रतिष्ठान भी महिला अधिकारियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। विधि अधिकारी ने बताया कि सेना ने महिला सैन्य अधिकारियों की प्रोन्नति के लिए 150 सीट स्वीकृत की हैं।

**कोयला लेवी घोटाले मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई**

## सीएम बघेल की उपसचिव पर कसा शिकंजा, 152 करोड़ की संपत्ति कुर्क




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला लेवी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी समीर विश्नोई तथा अन्य आरोपियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने शनिवार को कहा कि एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत शुक्रवार को कुछ चल और 91 अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए एक अस्थायी आदेश जारी किया।

**कुल 152.31 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की :** संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुल 152.31 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गयी है। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों में कोयला व्यापारी और मामले में मुख्य सरगना सूर्यकांत तिवारी की 65 संपत्ति, चौरसिया की 21 संपत्ति और विश्नोई की पांच संपत्ति शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एक अन्य कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल तथा कुछ और लोगों की संपत्तियां शामिल हैं। इसने कहा कि संपत्तियों में नकदी, आभूषण, फ्लैट, कोयला वाशरी और छत्तीसगढ़ में स्थित प्लॉट शामिल हैं।

### सभी चारों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ईडी** इस मामले में एक अन्य कारोबारी लक्ष्मीकांत तिवारी (सूर्यकांत तिवारी के रिश्तेदार) के अलावा सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। धनशोधन का यह मामला आयकर विभाग की एक शिकायत से निकला है। एजेंसी ने कहा कि ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से जुड़ी है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, कारोबारियों, नेताओं और बिचौलियों के एक गिरोह द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रत्येक टन कोयले पर 25 रुपये की अवैध उगाही की जा रही थी।

## महाराष्ट्र डेलिगेशन के अमित शाह से मिलने पर बोले सीएम बोम्मई- मुलाकात का कोई फर्क नहीं पड़ता

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच जारी सीमा विवाद के बीच महाराष्ट्र के एक प्रतिनिधिमंडल की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बोम्मई ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने कर्नाटक के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से सीमा विवाद को लेकर सोमवार को शाह से मुलाकात करने को कहा है। बोम्मई ने कहा कि वह जल्द ही खुद भी केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर उन्हें इस मुद्दे पर राज्य के वैध रुख से अवगत कराएंगे। उन्होंने शुक्रवार रात ट्वीट किया कि केंद्रीय गृह मंत्री से महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। महाराष्ट्र ने पहले भी ऐसा किया है। मामला उच्चतम न्यायालय में है। हमारा वैध मामला शीर्ष अदालत में मजबूत स्थिति में है। हमारी सरकार सीमा मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि मैंने कर्नाटक के सांसदों से कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद को लेकर सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के लिए कहा है। मैं भी जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्री से मिलूंगा और उन्हें राज्य के वैध रुख से अवगत कराऊंगा। शाह से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल में शामिल राकांपा के नेता अमोल कोल्हे ने कहा था कि सीमा विवाद को लेकर जारी तनाव में कमी लाने के लिए गृह मंत्री 14 दिसम्बर को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात करेंगे।

**पंजाब को दहलाने की बड़ी साजिश!**

## पुलिस थाने पर रॉकेट लांचर से हमला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब को दहलाने की बड़ी साजिश की खबर सामने आयी है। दरअसल, जिला तरनतारन जिले अधीन आते थाना सरहाली को रॉकेट लांचर के साथ निशाना बनाते हुए हमला किया गया। हालांकि, इस हमले में जानी नुकसान से बचाव रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब एक बजे अमृतसर-बठिंडा नेशनल हाईवे पर स्थित पुलिस थाना सरहाली पर रॉकेट लांचर से हमला किया गया, जो कि थाने अंदर मौजूद सेवा केंद्र पर जा गिरा। इस दौरान सेवा केंद्र में कोई भी मौजूद नहीं था। हमले के दौरान थाने में ड्यूटी अफसर सहित कुछ अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद थे, जो बाल-बाल बच गये।






## भारत-पाक क्रिकेट संबंधों पर बोले विदेश मंत्री- ...टूर्नामेंट आते रहते हैं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच कोई क्रिकेट संबंध नहीं होने की बात को खारिज करते हुए सीमा पार आतंकवाद को कड़ा संदेश दिया है। बीसीसीआई ने हाल ही में कहा था कि भारत एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। इस सब के कारण बीसीसीआई और पीसीबी के बीच भारी विवाद हुआ था।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि टूर्नामेंट आते रहते हैं और आप सरकार के रुख से अवगत हैं। देखते हैं क्या होता है। यह एक जटिल मुद्दा है। क्या आप मुझसे बात करेंगे, अगर मैं आपके सिर पर बंदूक रखूं? अगर आपके पड़ोसी खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हों? इस बारे में कोई रहस्य नहीं है कि आंतकवादियों के नेता कौन हैं? कैंप कहां हैं? हमें यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि सीमा पार आतंकवाद सामान्य है। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख रमीज राजा ने कहा था कि अगर भारतीय टीम उनके देश की यात्रा नहीं कर रही है तो पाकिस्तान वर्ल्ड कप 2023 से हटने पर विचार कर सकता है। इससे पहले अक्टूबर में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने की अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया था और कहा था कि एशिया कप तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जायेगा। आखिरी बार इन दोनों टीमों ने 2012 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी।

### यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि एक देश को आतंकवाद प्रायोजित करने का अधिकार है : जयशंकर



**एस.** जयशंकर ने कहा कि आप क्रिकेट पर हमारा रुख जानते हैं। हमें कभी भी यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि एक देश को आतंकवाद को प्रायोजित करने का अधिकार है। जब तक हम इसे अवैध नहीं करते, यह जारी रहेगा। इसलिए, पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव होना चाहिए। दबाव तब तक नहीं बढ़ेगा, जब तक आतंक के पीड़ित खुद आवाज नहीं उठाते। भारत को एक तरह से इसका नेतृत्व करना चाहिए, क्योंकि हमारा खून बहा है। रमीज राजा ने यह भी धमकी दी थी कि अगर भारत एशिया कप से बाहर होने का विकल्प चुनता है तो पाकिस्तान भी आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगा। ये सभी बयान स्पष्ट संकेत हैं कि भारत सरकार और बीसीसीआई एक ही पृष्ठ पर हैं। इसलिए, यह बहुत कम संभावना है कि वे एशिया कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजेंगे।

# छह वर्षों के बाद झारखंड कांग्रेस कमिटी का एलान
# 11 उपाध्यक्ष,35 महासचिव व 82 सचिव बनाये गये



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी घोषित शनिवार को हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष की मंजूरी के बाद महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इसका आदेश जारी किया है। इसमें कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को जगह मिली है। इन कमेटियों में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष के तौर पर 11 लोगों को शामिल की गयी है। वहीं पार्टी ने 35 जनरल सेक्रेटरी, 82 सेक्रेटरी बनाये हैं। प्रदेश कांग्रेस वर्किंग कमिटी में 33 नेताओं को स्थान दिया गया हैं। इसके अलावा 36 लोगों को आमंत्रित सदस्य के रूप में वर्किंग कमिटी में स्थान दिया गया हैं। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा समेत 35 लोगों को महासचिव में जगह मिली है। प्रदेश कांग्रेस की जंबो जेट कमिटी की घोषणा छह साल बाद हुई है। केंद्रीय नेतृत्व इस बार कमिटी के विस्तार में काफी ऐहतिहात बरती गयी है। झारखंड कांग्रेस कमेटी की कमिटी में कांग्रेस कोटे से बने चारों मंत्री को भी जगह मिली है। कार्यसमिति में विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, सुखदेव भगत, अजय कुमार और कई अन्य नेता शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से स्वीकृति मिलने के बाद पार्टी के जेनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी की है। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि गठन की गई विभिन्न कमेटियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी होंगी। पार्टी में प्रदेश प्रवक्ता रहे राकेश सिन्हा समेत कई लोगों का प्रमोशन मिला है। महासचिव की सूची में आलोक कुमार दूबे, मदन मोहन शर्मा, राजेश गुप्ता छोटू व विनय सिन्हा दीपू समेत 35 लोगों को शामिल किया गया है।

### वर्ष 2016 से नहीं हुआ था कमिटी का विस्तार

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी का विस्तार वर्ष 2016 से नहीं हो पाया था। प्रदेश प्रभारी का दौरा होता रहा। अध्यक्ष बदलते रहे पर कमिटी नहीं बन पायी। राज्य कांग्रेस में 2016 में सुखदेव भगत जब अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल में ही प्रदेश कार्यसमिति का गठन हुआ था। उसके बाद डॉ अजय कुमार, डॉ रामेश्वर उरांव रहे पर प्रदेश कार्यसमिति का गठन नहीं हुआ। पूरा संगठन, प्रभारी और को-ऑर्डिनेटर के भरोसे चल रहा था। अभी कुछ दिनों पहले पार्टी ने जिलाध्यक्षों की सूची जारी की गयी है।

## 18 को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक रांची में
# सरकार तीन जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित करे : पुष्कर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान 18 दिसंबर, दिन रविवार, समय पूर्वाह्न 11 से प्रदेश कमेटी की बैठक मोरहाबादी स्थित जेएमएम के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो के आवास में होगी. बैठक में झारखंड आंदोलनकारी चिन्हिती करण आयोग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। 3 जनवरी 2023 को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाने पर विचार होगा. झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा वर्ष 2021 से लगातार झारखंड आंदोलनकारी दिवस मनाते रहे है. राज्य सरकार 3 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित करें एवं गजट में इसका प्रकाशन करें. साथ ही सरकार राजकीय सम्मान समारोह पूर्वक आंदोलनकारियों को लेकर 3 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाने की संपूर्ण व्यवस्था करें। उक्त जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने मांग की। उन्होंने बताया कि 18 व 19 मार्च 2023 को जमशेदपुर में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने पर भी विचार होगा। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के अलावा देश-प्रदेश के सुविखयात कलाकार गण भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के नव निर्माण के लिए अपने झारखंड आंदोलनकारी अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हमारे विरासत है इसे बचाना एवं संस्कृति को संरक्षित व संवर्धन करना झारखंड आंदोलनकारियों का परम दायित्व है।

# न्यूज गैलरी

## 13 से 16 दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन त्रिसूर के लिए झारखंड प्रतिनिधि रवाना

**रांची।** शनिवार को अखिल भारतीय किसान सभा 35 वीं राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 16 दिसंबर त्रिसूर केरल में भाग लेने के लिए झारखंड राज्य किसान सभा अध्यक्ष सुफल महतो, महासचिव सुरजीत सिन्हा, कोषाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव असिम सरकार, मो. एतेशाम अहमद, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा, श्याम सुंदर महतो, रामदेव सिंह, दिवाकर मुंडा, रीता स्वासी, लखी सोरेन, लखीराम मुर्मू कुल 14 प्रतिनिधि रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से प्रतिनिधि भाग लेंगे। किसानों के फसलों के लिए एमएसपी कानून बनाने सहित किसान मुद्दों पर चर्चा कर आन्दोलन की रूपरेखा तैयार कर आन्दोलन तेज होगा।

## हर दिन की प्रार्थना के साथ प्रभु यीशु का कर रहे इंतजार

**रांची।** कांके निवासी इग्नासियुस परिवार को भी अन्य मसीहियों की तरह क्रिसमस पर्व का बेसब्री से इंतजार है। परिवार में डॉ रोहित इग्नासियुस व रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ आभा एक्का और उनकी बेटी एबीगेल हैं। यह परिवार क्रिसमस की तैयारी के लिए आत्मिक व आध्यात्मिक तरीकों पर जोर देता है। यह परिवार सांसारिक चीजों से अलग हटकर क्रिसमस प्रार्थनाओं के साथ मनाना चाहता है। वे आगमनकाल में हर दिन की प्रार्थनाओं के साथ यीशु के आने का इंतजार कर रहे हैं। आम मसीहियों की तरह पर्व की तैयारी भी घरेलू कामों पर निर्भर है। बावजूद इसके यह परिवार क्रिसमस के दिन आराधना में व्यतीत करता है। परिवार के लोग सामूहिक प्रीतिभोज पर भी जोर देते हैं, जिससे आपस में खुशियां बांटी जा सकें। डॉ आभा व डॉ रोहित ने क्रिसमस के उपलक्ष्य पर अपने संदेश में कहा कि यीशु मसीह के इस संसार में आने के उद्देश्य को समझना होगा। लोग यीशु मसीह के जन्मोत्सव को तो मनाते हैं, लेकिन उनके जन्म के पीछे के रहस्य को समझना जरूरी है। यीशु इस संसार में इसलिए आए कि सब लोग अनंत जीवन व उद्धार पाएं। यीशु ने अपना पूरा जीवन लोगों को वचनों के द्वारा उत्साहित व प्रेरित किया, ताकि लोग उनके बताएं रास्तों पर चलें। आज लोग क्रिसमस तो मनाते है, परंतु खाने-पीने व नाचने तक ही सीमित रह जाते हैं। इस क्रिसमस यीशु को अपने हृदय में आनें दें, क्योंकि वह हमारे हृदय रूपी दरवाजे को खटखटा रहे हैं।

## बिजली के पोल से टकराकर बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**रांची।** थाना क्षेत्र के दानाडीह गांव के पास बिजली के पोल से टकराकर एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार को दिन के चार बजे की है। मृतक अमित लोहरा (23वर्ष) सोनाहातू गांव का निवासी था। अमित अपने साथी मनीष मछुआ के साथ बाइक से घर लौट रहा था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

## 120 लोगों को पार्षद ने बांटा विधवा वृद्धा पेंशन और दिव्यांग कार्ड



रांची। वार्ड 38 के पार्षद दीपक कुमार लोहरा ने वार्ड में कैंप लगाया. इस दौरान उन्होंने 120 लोगों को विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन और दिव्यांग कार्ड बांटा। उन्होंने कहा कि वार्ड में रह रहे लोगों की समस्याओं को दूर करने का काम जनप्रतिनिधियों का है। इसलिए वह हमेशा लोगों के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनते हैं। कैंप लगा कर लोगों की समस्याएं सुलझाने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास में लोगों का भी भरपूर सहयोग मिलता रहा है। इसलिए किसी को कोई समस्या हो तो वह उनके वार्ड कार्यालय या फिर फोन पर भी जानकारी दे सकते हैं।

# चंद्रवंशी समाज अटार्नी जनरल वेंकटरमणी के बयान की कड़े शब्दों में की गयी निंदा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद ने प्रेस बयान जारी कर जानकारी दी है कि केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी द्वारा अमर्यादित टिप्पणी करते हुए जाली नोटों की तुलना मगध नरेश सम्राट जरासंध से की गई है, जिसकी घोर निंदा कड़े शब्दों में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा करती है। अशोक आजाद ने कहा कि केंद्र सरकार के पास नोटबंदी के फैसले को हमारे पूर्वज मगध नरेश चक्रवर्ती सम्राट जरासंध का नाम लेकर उचित जवाब देना कतई बर्दाश्त से बाहर है। आजाद ने कहा कि अटॉर्नी जनरल को शायद ज्ञात नहीं की कि सम्राट जरासंध महान शिवभक्त एवं महादानी थे, ब्राह्मण और अतिथि सेवक थे। यही कारण था कि श्री कृष्ण जरासंध के राज में प्रवेश करते समय ब्राह्मण का रूप धारण कर लिए थे उन्हें पता था कि जब तक वह ब्राह्मण रूप में है तब तक जरासंध उनको किसी प्रकार की छती नहीं पहुंचा पाएगा और उनकी हर मनचाहे बरदान को सहर्ष स्वीकार कर लेगा। सम्राट जरासंध अपने परम शत्रु को सामने पाकर भी अतिथि देवो भव धर्म का पालन किया। मत्स्य पुराण वायु पुराण जैसे धर्म ग्रंथों में सम्राट जरासंध को जरासंधेश्वर की उपाधि देते हुए कहा गया है कि उनके जैसा आज तक कोई धर्मात्मा नहीं हुआ, जिसने आराधना कर स्वर्ग के समस्त देवताओं को मलमास महीने में राजगीर में वास करने का वचन लेकर पृथ्वी पर विद्वमान किया हो। अटॉर्नी जनरल की अभद्र टिप्पणी से चंद्रवंशी समाज में आक्रोश व्याप्त है , अभद्र बयान पर अगर केंद्र सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया गया तो इसका परिणाम भयंकर होगा।

## आज रांची में हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी का खेल प्रेमी कर सकेंगे दीदार

**रांची।** 13 जनवरी 2023 से ओडिशा के राऊरकेला और भुवनेश्वर में एफआईएच ओड़िशा पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप 2023 का आयोजन होना है. इसके ट्रॉफी का प्रदर्शन हॉकी इंडिया के द्वारा विभिन्न राज्यों में किया जा रहा है। फिलहाल वर्ल्ड कप ट्रॉफी झारखंड में 9 दिसंबर को ही लायी जा चुकी है। इसका प्रदर्शन रांची में 11 दिसंबर को खेल प्रेमी कर सकते हैं. हॉकी झारखंड के मुताबिक 11 दिसंबर को 11:00 से 1:00 बजे तक मोराबादी मैदान, रांची में किया जाएगा. तत्पश्चात हॉकी वर्ल्ड कप ट्रॉफी को मोराबादी से कचहरी चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए चर्च कंपलेक्स के सामने जेडी हाई स्ट्रीट मॉल, रांची में रात्रि 9:00 बजे तक आम जनता, खेल प्रेमियों के दर्शनार्थ रखा जाएगा।

## श्री श्याम मंदिर में 40वें श्री श्याम भंडारा का हुआ भव्य आयोजन
# 3100 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 40 वें श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। रातु रोड निवासी श्री मोहनलाल जी खुटेटा गीता देवी खुटेटा अरुण खुटेटा, यश खुटेटा अपने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि 40 वें श्री श्याम भंडारे में आज केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव, आलू सब्जी का प्रसाद वितरण किया गया था। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी की देखरेख में मंदिर के श्याम रसोई में भंडारे का प्रसाद बनाया गया। श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवता को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया। भोग का प्रसाद विशाल भंडारे में मिश्रित करके महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्य को भंडारे का प्रसाद खिला कर दक्षिणा प्रदान कर यजमान श्री खुटेटा परिवार ने आशीर्वाद प्राप्त किया। श्याम मंदिर के पास भंडारे का प्रसाद प्राप्त करने के लिए भक्त जनों की कतार लगनी शुरू हो गई। भक्तजन बजरंगबली की जय जयकार कर रहे थे। यजमान श्री खुटेटा परिवार ने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया लगभग 3100 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। पूरा मंदिर परिसर भक्तजनों से भरा हुआ था। मंदिर के भक्तजन भजनों का गायन करके अपनी श्रद्धा सुमन निवेदित कर रहे थे। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण व अन्य व्यवस्था में सर्वश्री सुरेश सरावगी विश्वनाथ नर्सरिया प्रदीप राजगढ़िया श्रवण, गौरव अग्रवाल मोनू, अरुण खुटेटा, संतोष खुटेटा, यश खुटेटा, स्नेह पोद्दार, रमा सराओगी सहित 70 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## झारखंड की वॉलीबॉल टीम ने मध्यप्रदेश को किया परास्त



**रांची।** जालंधर में शनिवार से 71वीं अखिल भारतीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2022 शुरू हुई. 15 दिसंबर तक खेले जाने वाले इस प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड की वॉलीबॉल टीम ने जीत से शुरूआत की। झारखंड पुलिस वॉलीबॉल टीम ने अपने पहले मैच में मध्य प्रदेश पुलिस टीम को सीधे सेटों में हराकर विजय अभियान की शुरूआत की. मैच का स्कोर 2521/2518/2519 रहा। मैच के मुख्य अतिथि सुखपाल सिंह (अर्जुन अवॉर्ड विजेता) और साथ में सुरजीत सिंह (बीएसएफ) रहे। झारखंड पुलिस की ओर से कैप्टन छोटे लाल यादव, सेंटर मंतुन शाह, जयशंकर राय, मधुसूदन राय, धनंजय सिंह, कमल और लिबेरो बिमल ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया। टीम के प्रशिक्षक राजेश कुमार सिंह एवं दिनेश सिंह हैं।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फैशन फ्यूचरिस्टा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल परिसर में कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक के छात्रों के लिए इंटर-हाउस फैशन फ्यूचरिस्टा का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने रैंप वॉक, साउंडस्केप और ऑर्केस्ट्रा का प्रदर्षन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने और स्वतंत्रता सेनानियों के स्वप्न पूर्ण होने के उत्सव के रूप में किया गया। इसी के साथ बच्चों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 'सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स' के बारे में जानकारी दी गई, जिससे बच्चे उपलब्ध संसाधनों को संरक्षित करना सीखें और उन्हें उचित रूप से उपयोग करना भी जानें ताकि वे अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे बचा सकें। जिससे लोगों के मध्य शांति और समृद्धि फैलाई जा सके। इसके लिए गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए ऐसे उपाय सोचने होंगे, जिससे इस दुनिया की रक्षा हो सके और इसमें रहने वाले सभी लोग स्वास्थ्य, न्याय और समृद्धि का आनंद ले सकें। इस प्रतियोगिता के लिए छात्रों ने अपनी वेशभूषा और प्रॉप्स वेस्ट मटेरियल से तैयार किए जो कि बड़े सराहनीय रहे। छात्रों ने फैशन फ्यूचरिस्टा को आकर्षक बनाने के लिए बीट बॉक्सिंग की और दैनिक उपयोग की वस्तुओं से कर्णप्रिय संगीत से उसे प्रभावशाली बनाया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को 'सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स' के महत्व के बारे में बताया और कहा कि छात्रों को इसे रचनात्मक विचारों के साथ अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाते हुए अपने महान नेताओं के सपनों का भारत बनाने में उनके दिखाए गए मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं।

# रांची नगर निगम में टोकन सिस्टम की शुरूआत, घंटों लाइन में लगने की झंझट खत्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम में टोकन मैनेजमेंट सिस्टम का उद्घाटन मेयर डॉ आशा लकड़ा और नगर आयुक्त शशि रंजन ने संयुक्त रूप से किया. मेयर ने कहा कि अब आम नागरिकों को बर्थ सर्टिफिकेट, डेथ सर्टिफिकेट, होल्डिंग टैक्स, वाटर टैक्स जैसे विभिन्न कामों के लिए लंबी कतार में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी. उन्होंने कहा कि भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. अब लोगों को घंटों लाइन में लगने का झंझट नहीं रहेगा तथा संबंधित काउंटर के लिए अनाउंसमेंट और डिस्प्ले पर उनका नाम आने लगेगा. नगर निगम में हर काम के लिए अलग-अलग टोकन होगा. टोकन सिस्टम के तहत लगाये गये डिवाइस में कुल 8 सेक्शन हैं. हर सेक्शन के लिए एक बटन है. बटन प्रेस करते ही डिवाइस से टोकन निकलेगा. जिसमें काउंटर नंबर व टोकन नंबर होगा. इसके बाद नंबर आते ही बुलाया जायेगा. नंबर की जानकारी ग्राउंड फ्लोर पर लगे एलईडी पर मिल जायेगी. काउंटर के सामने लोगों के बैठने के लिए वेटिंग एरिया बनाया गया है. जहां पर एक साथ 200 लोग बैठ सकते है. अभी वहां पर कुर्सियां तो हैं. लेकिन जरूरत को देखते हुए इसकी संख्या बढ़ायी जायेगी. जहां पर लोग अपनी बारी का इंतजार करेंगे. वहीं एलईडी पर लोगों को पल-पल की जानकारी मिलती रहेगी.

किस काम के लिए कौन सा टोकन : एस 1- सॉलिड वेस्ट यूजर चार्ज, एस 2- डेथ और बर्थ रजिस्ट्रेशन, एस 3- डे एनयूएलएम (डे नेशनल अरबन लाइवलीहुड मिशन), एस 4- जेनरल सेक्शन (लेटर रिसीविंग), एस 5- वाटर टैंकर बुकिंग, एस 6- होल्डिंग टैक्स, म्यूनिसिपल लाइसेंस, वाटर यूजर चार्ज, एस 7- कैश काउंटर होगा।

## केंद्र सरकार एक साजिश के तहत एचईसी को बेचने की कर रही कोशिश
# एचईसी बचाने को लेकर संयुक्त दलों का राजभवन मार्च




◆नेताओं ने कहा की आजादी के बाद सोवियत यूनियन ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को सहायतार्थ एचईसी का निर्माण किया। जिसमें देश के अंदर कारखानों के जाल बिछा लेकिन केंद्र सरकार गीध दृष्टि नजर एचईसी की जमीन एवं किमती मशीनों पर है ।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को जिला स्कूल मैदान से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस की ओर से एचईसी बचाने को लेकर राजभवन मार्च का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने एचईसी बचाने को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए गगनभेदी नारों के साथ राजभवन के समक्ष आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जुलूस सभा में तब्दील हो गई। सभा की अध्यक्षता भाकपा के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। सभा को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, भाकपा माले के जिला सचिव भुनेश्वर केवट, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नेता कुमार राजा, माकपा के सुखनाथ लोहरा आदि कई लोगों ने संबोधित किया सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एक साजिश के तहत एचईसी को बेचने की कोशिश कर रही है। इसीलिए 13 महीने से मजदूरों का मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। एचईसी में 36 इंजीनियर भी धरना पर बैठे हुए हैं। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 153 रेलवे स्टेशनों को बेच डाला। 1 दर्जन से अधिक हवाई अड्डे को बेच डाला और देश के मदर फैक्ट्री जो देश के निर्माण में देश के अंदर कारखानों को जाल बिछाया, कई रक्षा संयंत्र का निर्माण किया। आज बंदी के कगार पर है। नेताओं ने कहा की आजादी के बाद सोवियत यूनियन ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को सहायतार्थ एचईसी का निर्माण किया। अडानी अंबानी जैसे लोगों को हाथों में सौंपा जा सके। नेताओं ने एसीसी को बचाने के लिए राज्यपाल के द्वारा प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा मांग पत्र में कहा गया कि किसी को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराए जाने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय को निर्देश दिया जाए। कारखाने के आधुनिकरण के लिए आगामी यूनियन बजट में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा एक विशेष पैकेज की घोषणा की जाए। संयंत्र को बैंक गारंटी दी जाए। कारखाने के कामगारों और अधिकारियों को बकाया वेतन का भुगतान किया जाए। एचईसी में पूर्णकालिक मुख्य प्रबंध निदेशक की नियुक्ति की जाए।

## पृष्ठ एक के शेष

**48 घंटे में पूरे परिवार को...**

रुपये स्वीकृत किये गये। बेबी कुमारी की बहन रिमझिम कुमारी का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कराया गया। साथ ही मनरेगा से 1.30 लाख की लागत का पशु शेड भी स्वीकृत किया गया है।

**यह है मामला :** गढ़वा के तिलदाग पंचायत में लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से बेबी कुमारी ने कहा कि मैं पढ़ना चाहती हूं सर। मेरी मदद करें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त गढ़वा को बेबी और उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के उपरांत 48 घंटे के अंदर पूरे परिवार को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया।

**जिनका ब्लड ग्रुप 'ओ' है उन्हें हृदय...**

ब्लड ग्रुपवालों के अलावा बाकी सभी ब्लड ग्रुपवालों में कोरोनरी व हृदय संबंधी जटिलताओं का जोखिम नौ प्रतिशत ज्यादा था। शोधकर्ताओं ने ब्लड ग्रुप ए और ब्लड ग्रुप बी दोनों की तुलना की और पाया कि ब्लड ग्रुप बी वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा सबसे ज्यादा होता है। अध्ययनों के अनुसार, बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में ओ ब्लड ग्रुप वाले लोगों की तुलना में मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन (दिल का दौरा) का खतरा अधिक होता है। ब्लड ग्रुप ए वाले लोगों में ब्लड ग्रुप ओ वाले लोगों की तुलना में हृदय गति रुकने का 11 प्रतिशत अधिक जोखिम होता है। हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक दोनों ही दिल से जुड़ी बीमारियां हैं। लेकिन हार्ट फेलियर धीरे-धीरे विकसित होता है, जबकि हार्ट अटैक अचानक आता है। समय के साथ, दिल का दौरा दिल की विफलता का कारण बन सकता है। यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी के अनुसार, नान- ओ ब्लड ग्रुप के रक्त समूहों के दिल के दौरे या दिल की विफलता के जोखिम के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इस ब्लड ग्रुप के लोगों में ब्लड क्लॉटिंग की प्रक्रिया तेज होती है। 2017 के एक अध्ययन के अनुसार, नान-ओ ब्लड ग्रुपवाले लोगों में गैर-विलिब्रांड कारकों का स्तर अधिक होता है। यह थ्रोम्बोटिक समस्याओं से जुड़ा रक्त का थक्का बनानेवाला प्रोटीन है। टाइप ए और टाइप बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में ब्लड क्लॉटिंग के थक्कों के कारण थ्रोम्बोसिस का खतरा 44 प्रतिशत ज्यादा होता है। हार्ट अटैक के लिए खून के थक्के जिम्मेदार होते हैं। यह कोरोनरी धमनी को रोक देता है, जिससे हृदय की मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। यही हार्ट अटैक का कारण बनता है।

**हृदयाघात से बचने के लिए :** इससे बचाव के लिए नियमित व्यायाम करना चाहिए, खानपान में तैलीय व गरिष्ठ भोज्य पदार्थ से परहेज करना चाहिए। फल, सलाद कु भोगना का लगभग साठ प्रतिशत लेना चाहिए। दारू, तंबाकू, चरस, गांजा जैसे हानिकारक चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। लगातार एक जगह कई घंटे बैठकर काम करते रहने के बजाय हर आधा या एक घंटे पर उठकर थोड़ा टहल लेना चाहिए। बीच-बीच में योग्य चिकित्सक से सलाह लेना चाहिए।

**पलामू में हाथियों के आतंक से...**

हुए मलय नदी पार कर पूर्णाडीह गांव के झरना टोला व झगरपुर ज्यादा पहुंच रहा है। कई बार हाथियों का झुंड गांव के करीब भी आ जाता है। ग्रामीणों द्वारा अपने खर्च पर पटाखे व मशाल का इंतजाम किया गया है। लेकिन हाथी भागने की बजाय किसान को ही दौड़ाने लगते हैं।

## न्यूज गैलरी

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया के बेटे को आजीवन सदस्य के रूप में एमपीसीए में किया गया शामिल

**इंदौर (एजेंसी)।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 27 वर्षीय बेटे महान आर्यमन सिंधिया को आजीवन सदस्य के रूप में मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) में शामिल किया गया है। एमपीसीए के एक शीर्ष पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस साल अप्रैल में ग्वालियर के संभागीय क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष बनाए गए महान आर्यमन, एमपीसीए में खासा रसूख रखनेवाले पूर्व ग्वालियर राजवंश की तीसरी पीढ़ी के नुमाइंदे हैं जो अब औपचारिक तौर पर इस संगठन का हिस्सा हो गए हैं। इससे पहले, उनके दिवंगत दादा माधवराव सिंधिया और पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया एमपीसीए के शीर्ष पदों पर रह चुके हैं। एमपीसीए के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने इंदौर स्थित संगठन की वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) के बाद संवाददाताओं को बताया कि एजीएम से पहले नियमित प्रक्रिया के तौर पर एमपीसीए में शामिल किए गए छह नये सदस्यों में महानआर्यमन सिंधिया शामिल हैं। इनमें से महानआर्यमन को आजीवन सदस्य बनाया गया है। खांडेकर ने कहा कि महानआर्यमन ग्वालियर संभाग क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष हैं और संभाग में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पिछले छह-सात सालों से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमपीसीए की सदस्यता के लिए अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय मंत्री के बेटे का आवेदन भी पिछले कई दिनों से लंबित था।

### ऐश बार्टी ने दूसरी बार जीता ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष खेल पुरस्कार

**मेलबर्न (एजेंसी)।** इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन एकल खिताब जीतने के दो महीने बाद टेनिस को अलविदा कहनेवाली ऐश बार्टी ने लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष खेल पुरस्कार जीता। बार्टी को द डॉन पुरस्कार दिया गया है जो मशहूर क्रिकेटर डॉन ब्रेडमैन के नाम पर है। बार्टी ने मार्च में 25 वर्ष की उम्र में टेनिस को अलविदा कह दिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता बार्टी उस समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी थी। बार्टी के अलावा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सैली पीयरसन (2012, 2014) और ओलंपिक चैम्पियन बांसकूद खिलाड़ी स्टीव हूकर (2008 और 2009) यह पुरस्कार दो बार जीत चुके हैं।

### भारत के आदित्य मित्तल को तीसरा स्थान

**बार्सिलोना/स्पेन (एजेंसी)।** अभी तीन दिन पहले ही भारत के 16 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी आदित्य मित्तल नें स्पेन में चल रहे लोबरेगाट इंटरनेशनल शतरंज के छठे राउंड में भारत के 77वे ग्रांड मास्टर बनने का कारनामा किया था और अब प्रतियोगिता के सभी 9 राउंड होने के बाद आदित्य 7 अंक बनाकर टाईब्रेक मे तीसरे स्थान पर रहे हैं। 50 वे वरीय आदित्य प्रतियोगिता मे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। सातवे राउंड मे भारत के आर्यन शर्मा को पराजित करने के बाद उन्होने सिंगापुर के टिन जींगयाओ और जर्मनी के स्वाने रसमुस से बाजी ड्रॉ खेला और इस तरह पूरी प्रतियोगिता मे 2739 का प्रदर्शन करते हुए वह अपराजित रहे। 7 ही अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर ईरान के अमीन तबातबाई पहले तो सिंगापुर के टिन जींगयाओ दूसरे स्थान पर रहे। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मुरली कार्तिकेयन 6.5 अंक बनाकर 12वें, छह अंक बनाकर आर्यन चोपड़ा 18वें और साई अग्नि जीवितेश 23वें स्थान पर रहे।

# पीटी उषा आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बनीं

## भारतीय खेल प्रशासन में एक नये युग की हुई शुरुआत



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अपने जमाने के दिग्गज धाविका पीटी उषा को शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का पहला महिला अध्यक्ष चुना गया जिससे भारतीय खेल प्रशासन में नए युग की शुरूआत भी हुई। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाली और 1984 के लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर की बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रही 58 वर्षीय उषा को चुनाव के बाद शीर्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव उच्चतम न्यायालय से नियुक्त किए गए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज नागेश्वर राव की देखरेख में सम्पन्न हुए। उषा के अध्यक्ष चुने जाने से आईओए में गुटीय राजनीति के कारण पैदा हुआ संकट भी समाप्त हो गया।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने इस महीने चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की चेतावनी दी थी। इन चुनावों को दिसम्बर 2021 में होना था। उषा का शीर्ष पद पर चुना जाना पिछले महीने ही तय हो गया था, क्योंकि वह अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करनेवाली एकमात्र प्रत्याशी थी। किसी ने भी उषा का विरोध नहीं किया जिन्हें जुलाई में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा के लिए नामित किया था।

पय्योली एक्सप्रेस और उड़न परी के नाम से मशहूर रही उषा को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा था। आईओए के 95 साल के इतिहास में वह अध्यक्ष बननेवाली पहली ओलंपियन और पहली अंतराष्ट्रीय पदक विजेता हैं। इससे उनकी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। उषा ने 2000 में संन्यास लेने से पहले भारतीय और एशियाई एथलेटिक्स में दो दशक तक अपना दबदबा बनाया था। उषा देश का प्रतिनिधित्व करनेवाले पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वह महाराजा यादवेंद्र सिंह के बाद आईओए प्रमुख बनने वाली पहली खिलाड़ी भी हैं। यादवेंद्र सिंह ने 1934 में एक टेस्ट मैच खेला था। वह 1938 से 1960 तक आईओए के अध्यक्ष रहे थे।

# तीसरे वनडे में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 227 रन से हराया

❍ 182 पर ऑलआउट हुई बांग्लादेशी टीम ❍ ईशान ने अकेले बनाये थे 210 रन



**चटगांव (एजेंसी)।** लगातार दो मैच हारकर सीरीज पहले ही गंवा चुकी टीम इंडिया ने तीसरे वनडे में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम क्लीन स्वीप होने से बच गयी। यह वनडे क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की बांग्लादेश के ऊपर अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 200 रन का था। भारत ने 2003 में ढाका में बांग्लादेश को इस अंतर से हराया था। चटगांव में शनिवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत ने ईशान किशन (210) की डबल सेंचुरी और विराट कोहली (113) के 44वें वनडे शतक की मदद से 50 ओवर में 8 विकेट पर 409 रन बनाये। ईशान ने वनडे क्रिकेट में सबसे तेज डबल सेंचुरी बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 126 गेंद पर ही दोहरा शतक जमा दिया था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 34 ओवर में 182 रन के स्कोर पर सिमट गयी। शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाये। भारत के लिए शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिये यानी बांग्लादेश ईशान किशन जितने रन भी नहीं बना पाया। भारतीय पारी में चोटिल कप्तान रोहित शर्मा की जगह प्लेइंग-11 का हिस्सा बने ईशान किशन ने इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज डबल सेंचुरी जमाई। उन्होंने 126 बॉल में यह कारनामा किया है। ईशान 131 गेंद पर 24 चौके और 10 छक्कों की मदद से 210 रन बनाकर आउट हुए। 24 साल के किशन ने क्रिस गेल (138 बॉल पर) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गेल ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ यह कारनामा किया था। ईशान के अलावा पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे करियर का 44वां वनडे शतक जमाया है। कोहली ने 1214 दिनों के बाद इस फॉर्मेट में शतक जमाया है। उन्होंने अपना आखिरी शतक 14 अगस्त 2019 को पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जमाया था। उसके बाद से वे 25 पारियों तक शतक नहीं जमा सके थे। ईशान और विराट की पारियों के दम पर भारत ने वनडे छठी बार 400+ स्कोर बनाया है। भारत के अन्य बल्लेबाजों में वाशिंगटन सुंदर ने 37 और अक्षर पटेल ने 20 रन की पारी खेली। शिखर धवन और श्रेयस अय्यर 3-3 रन बनाकर आउट हुए।

### विराट कोहली ने तोड़ा रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड

**चटगांव (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में एक या दो नहीं बल्कि तीन साल के बाद शतक जमाया है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार 10 दिसम्बर को सधी हुई बैटिंग करते हुए यह सेंचुरी जमायी। इसी के साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के बड़े रिकॉर्ड का तोड़ डाला। 54 गेंद पर विराट कोहली ने चार चौके की मदद से अपनी फिफ्टी तक पहुंचे। इसके बाद उन्होंने दूसरे छोर पर धमाकेदार बैटिंग कर रहे ईशान किशन का साथ देते नजर आये। 85 गेंद पर 11 चौके और एक छक्का जमाते हुए शतक पूरा किया। यह उनकी इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 72वीं सेंचुरी रही। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग जिनके नाम कुल 71 इंटरनेशनल शतक थे वो अब पीछे छूट गये।

**फीफा वर्ल्ड कप : सेमीफाइनल में पहुंचा अर्जेंटीना**

# मेस्सी की विश्व चैम्पियन बनने की उम्मीदें बरकरार



**लुसैल (एजेंसी)।** अर्जेंटीना ने एक बेहद संघर्षपूर्ण मैच में यहां नीदरलैंड को पेनॉल्टी शूटआउट में 4-3 से पराजित करके विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर लियोनेल मेस्सी के विश्व चैंपियन बनने की उम्मीदों को पंख लगाए। मेस्सी ने शूटआउट में अपनी पेनॉल्टी गोल में बदली, जबकि अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने नीदरलैंड के दो प्रयासों को विफल किया। अर्जेंटीना की तरफ से लुटारो मार्टिनेज ने निर्णायक पेनॉल्टी पर गोल किया। मैच अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबरी पर था इसके बाद पेनॉल्टी शूटआउट का सहारा लिया। मेस्सी ने मैच में एक गोल दागा, जबकि एक गोल करने में मदद की।

नीदरलैंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के 11वें मिनट में गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींचा। अर्जेंटीना मंगलवार को सेमीफाइनल में क्रोएशिया से भिड़ेगा, जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को पेनॉल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। यह 1990 के बाद केवल दूसरा अवसर है, जबकि अर्जेंटीना विश्वकप के अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहा। मेस्सी 2014 में उस टीम का हिस्सा थे जिसे फाइनल में जर्मनी से हार का सामना करना पड़ा था। मेस्सी एक बार फिर टीम को आगे बढ़ाने के मूड में दिखे, क्योंकि उनकी उपलब्धियों के अपार संग्रह में विश्वकप ट्रॉफी शामिल नहीं है। लुटारो मार्टिनेज ने पेनॉल्टी शूटआउट में जब निर्णायक गोल दागा तो मेस्सी इस स्ट्राइकर की तरफ नहीं भागे और उन्होंने तेजी से दौड़ लगाकर गोलकीपर को अपनी बाहों में भरा।

### मेस्सी ने अपने कौशल का अद्भुत नमूना किया पेश

**मेस्सी** ने खेल के 35वें मिनट में अपने कौशल का अद्भुत नमूना पेश करके नाहुएल मोलिना के लिए गोल बनाया और फिर 73वें मिनट में पेनॉल्टी को गोल में बदलकर अर्जेंटीना को 2-0 से बढ़त दिलाई। यह उनका वर्तमान विश्वकप में चौथा गोल था। सभी विश्वकप में वह कुल मिलाकर 10 गोल दाग चुके हैं और उन्होंने गैब्रियल बतिस्तुता के अर्जेंटीनी रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मेस्सी के नाम पर अब 169 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 94 गोल दर्ज हो चुके हैं। नीदरलैंड के वॉट वेगहार्स्ट ने 78वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतर कर पांचवें मिनट में ही अपनी टीम के लिए पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में गोल दागकर मैच को अतिरिक्त समय तक खींचा। जब लग रहा था कि अर्जेंटीना मैच जीत जाएगा तब नीदरलैंड को फ्री किक मिली जिसे ट्युन कोपमीनर्स ने बड़ी कुशलता से वेगहार्स्ट तक पहुंचाया जिन्होंने उसे उतनी ही चतुरता से गोल के हवाले किया।

# पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को क्रोएशिया ने शूटआउट में हराया

## नेमार को अंत के लिए बचाना पड़ा भारी



**कतर (एजेंसी)।** क्रोएशिया ने फीफा विश्व कप का बड़ा उलटफेर शुक्रवार को कर दिया। उसने कतर में पांच बार की चैम्पियन ब्राजील का सपना तोड़ते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। क्रोएशिया ने इस मैच को पेनॉल्टी शूटआउट में 4-2 से अपने नाम कर लिये। उसके लिये इस जीत के हीरो गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच रहे। मैच में 12 से ज्यादा गोल बचानेवाले लिवाकोविच ने पेनॉल्टी शूटआउट में एक गोल को रोका। ब्राजील एक्स्ट्रा टाइम में एक समय 1-0 से आगे था। 117वें मिनट में क्रोएशिया ने गोलकर मैच में बराबरी की थी। ब्राजील एक्स्ट्रा टाइम में 1-0 की बढ़त हासिल करने के बाद विश्व कप के नॉकआउट में हारनेवाली पहली टीम बन गयी है। ब्राजील की टीम शुरू से मैच में हावी रही। क्रोएशिया ने मिडफील्ड में भले ही उसे चुनौती दी, लेकिन अटैक ब्राजील ने ही किया। उसने मैच का पहला गोल भी किया। स्टार खिलाड़ी नेमार ने एक्स्ट्रा टाइम में गोलकर महान फुटबॉलर पेले की बराबरी कर ली। ऐसा लगा था कि नेमार का यह ऐतिहासिक गोल ब्राजील को आठ साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचा देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 117वें मिनट में क्रोएशिया के लिए पेट्कोविच ने गोलकर मैच को ही बदल दिया। मुकाबला पेनॉल्टी शूटआउट में पहुंच गया। पेनॉल्टी शूटआउट क्रोएशिया का मजबूत पक्ष रहा है। उसने 2018 विश्व कप में प्री-क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल के मैच पेनॉल्टी शूटआउट में ही जीते थे। इस बार भी वह अंतिम-16 में जापान के खिलाफ इसी तरह मैच को अपने नाम करने में सफल रहा था।

### पेले ने विश्व कप से बाहर होने के बाद नेमार को संदेश भेज की हौसलाअफजाई

**साओ पाउलो (एजेंसी)।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने अपने देश के विश्व कप से बाहर होने के बाद नेमार को राष्ट्रीय टीम की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के उनके रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए बधाई दी। पेले सांस संबंधी परेशानियों के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। ब्राजील के क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के हाथों पेनॉल्टी शूटआउट में हारने के बाद पेले ने इंस्टाग्राम पर अपना संदेश पोस्ट किया। 82 वर्षीय पेले ने नेमार के लिए अपने संदेश में कहा कि मैंने आपको बड़े होते हुए देखा है और मैंने हर दिन आपके लिए जश्न मनाया है और अब मैं आखिर में ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के मेरे रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए आपको बधाई दे सकता हूं। हम दोनों जानते हैं कि इनका महत्व आंकड़ों से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी के रूप में हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य प्रेरित करना होता है। वर्तमान के हमारे साथियों, भावी पीढ़ी और इन से भी बढ़कर इस खेल के चाहनेवालों को प्रेरित करना। दुर्भाग्य से आज हमारे लिए सबसे खुशी का दिन नहीं रहा। पेले ने कहा कि मैंने अपना रिकॉर्ड लगभग 50 साल पहले बनाया था और अब तक उसके करीब कोई नहीं पहुंचा था। अब आप यहां तक पहुंचे हो जिससे पता चलता है यह कितनी बड़ी उपलब्धि है। नेमार ने क्रोएशिया के खिलाफ गोल दागा जो उनका अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में 77वां गोल था। इससे उन्होंने पेले के रिकॉर्ड की बराबरी।

# ईशान किशन के दोहरे शतक पर गर्लफ्रेंड अदिति हुईं फिदा

**मुंबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में युवा बल्लेबाज ईशान किशन का बल्ला खूब चला। उन्होंने यहां इस मैच में अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा, वहीं इसके बाद उन्होंने अपना दोहरा शतक भी पूरा



किया। ईशान किशन ने मैच में 131 गेंदों में 210 रन की पारी खेली। इसी के साथ ईशान किशन ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया, उन्होंने मात्र 126 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। ईशान की इस खास पारी पर उनकी गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया भी पूरी तरह फिदा हो गईं और उन्होंने ईशान के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिये प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपनी एक स्टोरी में पहले ईशान किशन की फोटो डाली है और फिर इसके अगली वाली स्टोरी पर इंडियन क्रिकेट टीम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से ईशान किशन की एक स्पेशल स्टोरी डाली है। ईशान किशन की गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया एक मॉडल हैं, वह साल 2017 में मिस इंडिया की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं और 2018 में मिस सुपरनेशनल इंडिया का खिताब जीत चुकी हैं। वह पहले भी ईशान किशन की कई खास पारियों पर इंस्टाग्राम के जरिए प्रतिक्रिया दे चुकी हैं।

# दूसरा टेस्ट : इंग्लैंड ने पाकिस्तान पर 281 रन की बनायी बढ़त



**मुल्तान (एजेंसी)।** मुल्तान टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पहली पारी में 202 पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद इंग्लैंड ने स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट के नुकसान पर 202 रन बना लिए है। इंग्लैंड के पास इस समय 281 रन की बढ़त है। हैरी ब्रूक (76) और बेन स्टोक्स (16) नाबाद है। इंग्लिश टीम ने पहली पारी में 281 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए पहली पारी में कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 75 रन बनाए। वहीं, सऊद शकील ने 63 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच को 4 विकेट मिले।

■ पाकिस्तान की पहली पारी 202 पर सिमटी, दूसरी पारी में इंग्लैंड का स्कोर 202/5

**बाबर के आउट होते ही पाकिस्तान की पारी बिखरी :** दूसरे दिन इंग्लैंड ने 107/2 से आगे खेलना शुरू किया। सऊद शकील 63 और बाबर आजम 75 रन बनाकर आउट हो गए। दोनों के बीच 91 रनों की पार्टनरशिप हुई। दोनों बल्लेबाजों के आउट होते ही पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गई। मोहम्मद रिजवान 10, आगा सलमान 4, मोहम्मद नवाज 1, फरीम अशरफ 22, मोहम्मद अली 0 और अबरार अहमद 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इंग्लैंड के जैक लीच को सबसे ज्यादा 4 सफलताएं मिली। वहीं, मार्क वुड, जो रूट को 2-2 विकेट मिले। ऑली रॉबिंसन और जेम्स एंडरसन को 1-1 विकेट मिले।

### इंग्लैंड ने दूसरी पारी में खोए 5 विकेट

**इंग्लैंड** के ओपनर बेन डकेट (79 रन) ने दूसरी पारी में हाफ सेंचुरी जमाई। बेन के साथी ओपनिंग बल्लेबाज जैक क्रॉली 3 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स 4, ओली पोप 4 और जो रूट 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हैरी ब्रूक क्रीज पर डटे हुए है। वे 74 रन बना चुके है। वहीं, उनके साथ बेन स्टोक्स 16 रन पर नाबाद खेल रहे है। पाकिस्तान की तरफ से तीन विकेट अबरार अहमद ने लिए। उन्होंने बेन डकेट और विल जैक्स को क्लीन बोल्ड किया और जो रुट अरबार की बॉल पर पीछे फील्डर को कैच थमा बैठे। दो बल्लेबाज रन आउट हुए।

